**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 34.6 | 29.2 |
| जमशेदपुर | 37.0 | 26.5 |
| डालटनगंज | 41.5 | 28.3 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार





www.lagatar.in | रांची, मंगलवार 28 मई 2024 ● ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 05 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 2, अंक : 49 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


**अमित शाह बोले: जाने वाली है खरगे की नौकरी**

## हार का ठीकरा ईवीएम पर ही फोड़ेंगे बहन और भाई

**कुशीनगर (उप्र)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को दावा किया कि चार जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद कांग्रेस की हार का ठीकरा पार्टी नेताओं राहुल गांधी और उनकी बहन प्रियंका गांधी पर नहीं, बल्कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर फूटेगा और उनकी नौकरी जाने वाली है. शाह ने कुशीनगर में भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में आयोजित एक चुनावी रैली में दावा किया कि इस लोकसभा चुनाव के बाद भी नरेंद्र मोदी ही प्रधानमंत्री बनेंगे और कांग्रेस के लोग इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) को दोष देंगे. उन्होंने कहा, चार जून को मोदी जी की, भाजपा की विजय निश्चित है. चार तारीख की दोपहर को आप देखना, राहुल बाबा के लोग प्रेस कांफ्रेंस करेंगे कि हम ईवीएम के कारण हार गये. हार का ठीकरा भाई-बहन (राहुल गांधी और प्रियंका गांधी) पर नहीं फूटेगा. यह ठीकरा खरगे साहब पर फूटेगा और उनकी नौकरी जाने वाली है. शाह ने दावा किया, छह चरण का चुनाव समाप्त हो गया है. मेरे पास पांच चरण का आंकड़ा है. पांच चरण में मोदी जी 310 सीटें जीत चुके हैं. छठा चरण हो गया है. अब सातवां होने वाला है. आप लोगों को 400 पार कराना है. उन्होंने दावा किया, मैं चार तारीख का परिणाम बताता हूं. राहुल बाबा, आपकी पार्टी को 40 सीटें भी नहीं मिलेंगी और अखिलेश बाबू और तेजस्वी बाबू आपके प्रति सहानुभूति से मैं बात करूं तो आपकी दोनों की चार सीटें भी नहीं आ रही हैं.



**अखिलेश यादव बोले: हमारा साथ दें बहुजन**

## जो 400 पार की बात करते थे, अब 400 हारने जा रहे

**गाजीपुर (उप्र)।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सत्तारूढ़ भाजपा और बसपा पर साठगांठ का आरोप लगाते हुए सोमवार को बहुजन समाज का आह्वान किया कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बनाये संविधान की रक्षा के लिए चुनाव में वह इंडिया गठबंधन का साथ दे. यादव ने एक चुनावी रैली में कहा, यह चुनाव जहां हमारे आपके भविष्य को बचाने का है. वहीं, यह चुनाव संविधान को बचाने का भी है. यह संविधान ही है जो हमें सम्मान दिलाता है, जो हमारे अधिकारों की रक्षा करता है. इधर देखने को मिल रहा है कि भाजपा और बसपा ने अंदर ही अंदर हाथ मिला रखे हैं, इसलिए हम बहुजन समाज के लोगों से भी अपील करना चाहते हैं कि यह चुनाव बाबा साहब के संविधान को बचाने का भी है इसलिए हमारे इंडिया गठबंधन का साथ दीजिए. अगर यह लोग (भाजपा) सत्ता में आ गए तो वह कुछ भी कर सकते हैं. यह वही लोग हैं जिन्होंने कई मौकों पर जो लोकसभा में सांसद अपनी बात रखना चाहते थे उन्हें रखना नहीं दिया. उन्होंने भाजपा के 400 पार के नारे पर तंज करते हुए कहा, ''जो लोग 400 पार की बात कर रहे थे, वह 400 सीटें हारने जा रहे हैं. जो बहुत बड़ी-बड़ी बातें कहते थे, इधर उनका आत्मविश्वास लड़खड़ाया है. उनकी जबान भी लड़खड़ा रही है. उन्होंने भाजपा पर तंज करते हुए कहा, जो लोग इस वक्त सत्ता में हैं, वे जान गए हैं कि चार जून के बाद उनकी सरकार बनने वाली नहीं है.



**तेजस्वी यादव ने मंच से दी मोदी को चुनौती, कहा**

## यह दिल्ली या झारखंड नहीं बिहार है, छूकर तो देखिए

पटना। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ सोमवार को तेजस्वी यादव ने कई रैलियों को संबोधित किया. तेजस्वी ने पीएम नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि नोटबंदी घोटाला, वैक्सीन घोटला, बिहार में सृजन और बालिकागृह घोटाला करने वाले तेजस्वी को जेल भेज रहे हैं. यह दिल्ली या झारखंड नहीं बिहार है. हाथ लगाकर तो दिखाइए जतना सच बता देगी. तेजस्वी यादव ने कहा कि हमारा दर्द गरीबों और युवाओं के दर्द से बड़ा नहीं है. पीएम नरेंद्र मोदी 10 साल से मुद्दों पर कुछ नहीं बोलते. वह केवल बेकार की बात करते हैं. मोदी जी की भाषा में काफी गिरावट आ चुकी है. लगता ही नहीं है कि कोई प्रधानमंत्री भाषण दे रहे हैं. भाई-बहनों के लिए आपने क्या किया? यह बताइए. एक 34 साल का युवा आपको रोड पर ले आया. मुजरा, मटन, मछली केवल म, म, म करते रहते हैं. लेकिन, म से महंगाई पर कुछ भी नहीं बोलते हैं. पहले महंगाई इनको डायन लगती थी अब महबूबा लगनी लगी है. तेजस्वी यादव ने कहा कि 17 साल में पांच लाख लोगो ंको नौकरियां दी गई. आरक्षण की सीमा को 75 प्रतिशत किया. मोदी जी आपने क्या किया? यह बताओ. तेजस्वी ने कहा, बिहार में भाजपा का कमल मुरझा गया है. चार जून को दिल्ली में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है. अब इसमें कोई शक नहीं रह गया है. मोदी जी जा रहे हैं. बिहार की जनता ने यह पक्का कर दिया है.



**राहुल गांधी बोले: रद्द करेंगे अग्निवीर योजना**

## चार जून के बाद मोदी जी देश के पीएम नहीं रहेंगे

**पटना।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को दावा किया कि अगर विपक्षी गठबंधन इंडिया सत्ता में आएगा तो सेना में अग्निवीर योजना को रद्द कर दिया जाएगा और हर महिला के खाते में प्रति माह 8,500 जमा किए जाएंगे. बिहार में तेजस्वी यादव के साथ कई रैलियों में राहुल ने दोहराया कि मोदी फिर से पीएम नहीं बन पाएंगे क्योंकि देश भर में विपक्षी गठबंधन के पक्ष में स्पष्ट लहर है. मोदी ने नोटबंदी-जीएसटी लागू करके रोजगार के रास्ते बंद किए और सेना में अग्निपथ योजना लागू करके जवानों को मजदूर बना दिया. 4 जून को जब इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी तो अग्निपथ योजना को रद्दकर हम कूड़ेदान में फेंकने जा रहे हैं. मोदी के परमात्मा द्वारा भेजे जाने संबंधी कथित बयान पर कटाक्ष करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा, चार जून के बाद अगर भ्रष्टाचार के बारे में ईडी मोदी से सवाल करेगी, तो वह कहेंगे, मैं कुछ नहीं जानता... मुझे परमात्मा ने भेजा था. कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि मोदी ने 22 अरबपति बनाए हैं, हम करोड़ों लखपति बनाएंगे. उन्होंने कहा, यह चुनाव देश को बचाने, लोकतंत्र को बचाने और गरीबों के आरक्षण को बचाने के लिए है. चुनावी सभाओं को राजद नेता तेजस्वी यादव, भाकपा माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, वीआईपी के प्रमुख मुकेश सहनी ने भी संबोधित किया. कांग्रेस के अंशुल अभिजीत जहां पटना साहिब सीट से चुनाव लड़ रहे हैं, वहीं राजद की मीसा भारती पाटलिपुत्र से महागठबंधन की उम्मीदवार हैं.



**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 68,200 |
| चांदी (किलो) | 95,000 |

**ब्रीफ खबरें**

### सेंसेक्स शिखर पर पहुंचने के बाद फिसला

**मुंबई।** उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को मामूली गिरावट रही. कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय पहली बार रिकॉर्ड 76,000 अंक के स्तर के पार चला गया था, जबकि एनएसई निफ्टी अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था, लेकिन बाद में बिकवाली दबाव से इनमें गिरावट आई.

### एक जून को इंडिया एलायंस की बैठक

**नयी दिल्ली।** एक जून को देश के 8 राज्यों की 57 सीटों पर वोटिंग के साथ ही चुनाव खत्म हो जाएगा. नतीजे 4 जून को आएंगे. लेकिन नतीजों के आने से पहले ही विपक्ष जीत को लेकर आश्वस्त नजर आ रहा है. इसलिए चुनाव में गठबंधन की जीत होने पर पीएम समेत कौन-सा पद किस दल के पास होगा. इस बात की चर्चा और आगे की रणनीति के लिए इंडिया गठबंधन के प्रमुख नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक जून को इंडिया ब्लॉक के नेताओं को बैठक के लिए बुलावा भेजा है.

### प्रज्वल 31 को पेश होंगे एसआईटी के सामने

**बेंगलुरु।** विदेश जाने के ठीक एक महीने बाद कर्नाटक के हासन से जद (एस) सांसद प्रज्वल रेवन्ना ने कहा है कि वह 31 मई को एसआईटी के समक्ष पेश होंगे, जो उनपर लगे कई महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों की जांच कर रहा है. उन्होंने अपने खिलाफ मामलों को झूठे और राजनीतिक साजिश का हिस्सा बताते हुए कहा कि वह अवसाद में चले गये थे. प्रज्वल ने कहा, मैं व्यक्तिगत रूप से शुक्रवार को सुबह 10 बजे एसआईटी के सामने पेश होकर जांच में सहयोग करूंगा और आरोपों पर जवाब दूंगा.

### मॉनसून पर मिली है बड़ी खुशखबरी

**नयी दिल्ली।** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने दक्षिण-पश्चिम मानसून को लेकर पूर्वानुमान जारी किया है. इसके मुताबिक, इस साल मॉनसूनी बारिश सामान्य से अधिक होने की उम्मीद है. आईएमडी के मुताबिक, 32% ऐसा संभावना है कि मॉनसून सामान्य से ऊपर रहने वाला है. रिपोर्ट के मुताबिक, देश के ज्यादातर वर्षा आधारित कृषि क्षेत्रों के लिए भी खुशखबरी है. आईएमडी का कहना है कि मॉनसून कोर जोन में एलपीए की सामान्य बारिश (106%) से अधिक हो सकती है. विभाग के डीजी एम महापात्र ने कहा, हमें पूरा भरोसा है कि इस बार मॉनसून सामान्य से अधिक रहने वाला है. इसलिए हम इस साल अच्छी बारिश की उम्मीद कर सकते हैं.

# मंत्री आलमगीर आलम की रिमांड और तीन दिन बढ़ी

**विनीत आभा उपाध्याय। रांची**

कांग्रेस नेता एवं झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम की रिमांड अवधि तीन दिन और बढ़ा दी गयी है. सोमवार को उनको ईडी कोर्ट में पेश किया गया. इस दौरान ईडी ने पूछताछ के लिए तीन दिन और रिमांड की मांग की. सुनवाई के बाद अदालत में तीन दिन रिमांड की अनुमति प्रदान कर दी. अब टेंडर घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी मंत्री आलमगीर आलम से ईडी तीनों दिनों तक और पूछताछ कर सकेगी.

इससे पहले सोमवार को आलमगीर आलम की पांच दिनों की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद ईडी ने उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच उन्हें रांची पीएमएलए की स्पेशल कोर्ट में पेश किया. ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार उर्फ काका ने अदालत से आलमगीर आलम को 5 दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की अनुमति मांगी. जिसका मंत्री आलमगीर के अधिवक्ता ने विरोध किया. इसके बाद कोर्ट ने ईडी को तीन दिनों तक पूछताछ करने की अनुमति दी. पीएमएलए अदालत ने शुरुआत में आलम को 17 मई से छह दिन की हिरासत में भेजा था और बाद में 22 मई को उनकी हिरासत पांच दिन के लिए बढ़ा दी गई थी.

आलम के वकील किसलय प्रसाद ने कहा कि ईडी ने आगे की पूछताछ के लिए हिरासत अवधि तीन दिन बढ़ाने का निवेदन किया, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया. प्रसाद ने बताया कि ईडी ने अतिरिक्त पूछताछ की आवश्यकता पर जोर दिया. आलम राज्य के संसदीय मामलों के मंत्री हैं और वह पाकुड़ सीट से विधायक हैं. वह राज्य के ग्रामीण विकास विभाग में कथित गड़बड़ियों और रिश्वतखोरी को लेकर जांच के दायरे में हैं.



### 15 मई को गिरफ्तार हुए थे आलमगीर आलम

ईडी ने 5 मई को आलमगीर के पीएस संजीव लाल समेत नौ ठिकानों पर रेड की थी. इस दौरान संजीव के हेल्पर जहांगीर और मुन्ना सिंह के ठिकानों से ईडी ने 35.23 करोड़ बरामद किये थे. इसके बाद ईडी ने संजीव और जहांगीर को गिरफ्तार कर लिया था. ईडी ने 12 मई को मंत्री आलमगीर को समन भेज कर 14 मई को पूछताछ के लिए बुलाया था. 14 मई को ईडी ने आलमगीर से नौ घंटे पूछताछ की थी. फिर 15 मई को एजेंसी ने छह घंटे की पूछताछ के बाद मंत्री को गिरफ्तार कर लिया था. टेंडर पास करने के एवज में कमीशन में मोटी रकम वसूलने के मामले में उनकी संलिप्तता सामने आई थी.


### इन दो मंत्रियों पर भी लटकी तलवार

आलमगीर आलम के बाद इसी केस में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन कैबिनेट के दो और मंत्रियों के नाम जुड़ गए हैं. इन मंत्रियों में कृषि मंत्री बादल व अल्पसंख्यक कल्याण, युवा कार्य एवं पर्यटन विभाग के मंत्री हफीजुल हसन शामिल हैं. इन पर आरोप है कि इन्होंने अपने लोगों को टेंडर दिलवाया और उसके बदले में कमीशन वसूला. ईडी को इन दोनों मंत्रियों की भूमिका की जानकारी अब तक गिरफ्तार पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम, मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल आदि ने पूछताछ में दी है. इससे संबंधित कुछ दस्तावेज भी ईडी के हाथ लगे हैं, जिसके सत्यापन के बाद इन दोनों की भूमिका संदेह के घेरे में है. मंत्री बादल कांग्रेस और हफीजुल हसन झामुमो से हैं. ईडी के सूत्रों के अनुसार इन दोनों मंत्रियों को ईडी जल्द समन करने जा रही है और उनसे पूछताछ भी करेगी. इनके अलावा, आइएएस मनीष रंजन से भी ईडी मंगलवार 28 मई को पूछताछ करेगी.

## आईएएस मनीष रंजन से आज पूछताछ

### आलमगीर, संजीव लाल और जहांगीर ने कबूला आईएएस मनीष रंजन का नाम !

**रांची।** टेंडर घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी मंत्री आलमगीर आलम उनके पीएस संजीव लाल और जहांगीर आलम से हुई अब तक की पूछताछ में वरीय आईएएस अधिकारी मनीष रंजन की बड़ी भूमिका सामने आई है. इन तीनों के कबूलनामे के बाद अब झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के सचिव मनीष रंजन से ईडी सामने-सामने बैठा कर पूछताछ करना चाहती है. पहले समन पर उपस्थित नहीं होने के बाद ईडी ने मनीष रंजन को दूसरा समन भेजकर मंगलवार 28 मई को पूछताछ करने के लिए बुलाया है. पुख्ता जानकारी के मुताबिक, टेंडर घोटाला से जुड़े इस मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में मनीष रंजन की भूमिका भी काफी महत्वपूर्ण है. इतना ही नहीं अब तक हुई जांच में इस पूरे घोटाले में कई प्रभावशाली लोगो की भी बड़ी भूमिका सामने आ रही है. ईडी का दावा है कि यह सारा पैसा टेंडर मैनेज करने के एवज में मिले कमीशन का है.





### हेमंत की बेल पर हाईकोर्ट में सुनवाई आज, सुप्रीम कोर्ट से वापस ले ली थी याचिका

**रांची।** लैंड स्कैम केस के आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट से जमानत की गुहार लगाई है. उन्होंने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाईकोर्ट में नियमित जमानत याचिका दाखिल की है. इसके साथ ही उन्होंने याचिका पर जल्द सुनवाई का आग्रह अदालत से किया है. उनके अधिवक्ता ने मेंशन मेमो के माध्यम से हाईकोर्ट से यह आग्रह किया, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया है. हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट मंगलवार को सुनवाई करेगा. हेमंत की याचिका जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय की कोर्ट में सूचीबद्ध हुई है. बता दें कि हेमंत सोरेन ने पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट से अपनी जमानत याचिका वापस ले ली थी. जिसके बाद अब उन्होंने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 31 जनवरी की रात को हेमंत सोरेन को इस्तीफा देने के बाद गिरफ्तार किया था. वहीं इसी केस में अफसर अली, अंतू तिर्की, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और इरशाद की भी गिरफ्तारी हो चुकी है.

*मेडिकल ग्राउंड पर अंतरिम बेल मांगने पर बोले केजरीवाल*

### उनकी तहेदिल से इच्छा है कि केजरीवाल मर जाए

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मेडिकल ग्राउंड पर सुप्रीम कोर्ट से सात दिनों की आगे भी अंतरिम बेल मांगी है. इस पर विपक्षी भाजपा ने कड़ा ऐतराज किया है. ऐतराज जताने पर भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए केजरीवाल ने कहा कि उनकी तहेदिल से इच्छा है कि अरविंद केजरीवाल मर जाए. उन्होंने कहा, मैंने सात दिनों की अंतरिम बेल सिर्फ अपने टेस्ट कराने के लिए मांगी है. मेरा 7 किलो वजन एक महीने में गिर गया है. यदि किसी व्यक्ति का एक महीने में 7 किलो वजन गिर जाए, तो यह गंभीर बात हो सकती है. डॉक्टरों ने मुझे कई सारे टेस्ट कराने को कहा है. वह आगे कहते हैं, मैंने इसके लिए एक सप्ताह ही मांगा है. बिना किसी वजह के ही वजन का घटना चिंता की बात है. संभव है कि शरीर के अंदर कोई गंभीर बीमारी पनप रही हो, जिसका पता न चल पा रहा हो. ऐसी स्थिति में ये टेस्ट कराने हैं. यदि बीमारी दूसरे या तीसरे चरण में पहुंच गई तो बहुत देर हो जाएगी.



## बिजली उपभोक्ताओं को लगने वाला है जोर का झटका

**रवि भारती। रांची**

आचार संहिता समाप्त होने के बाद राज्य के बिजली उपभोक्ताओं और वाहन चालकों की जेब ढीली होने वाली है. झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग वर्ष 2024-25 के लिए नई बिजली दर निर्धारित करने की प्रक्रिया शुरू करेगा. वितरण निगम नई बिजली दर के लिए नियामक आयोग को टैरिफ पिटीशन सौंप चुका है. इसी साल फरवरी में विद्युत नियामक आयोग ने वर्ष 2023-24 के लिए बिजली दर जारी किया था. जिसमें ओवर ऑल 7.66 फीसदी बिजली दर में वृद्धि की गई थी. बिजली वितरण निगम ने 39.71 फीसदी बिजली दर में वृद्धि का प्रस्ताव सौंपा था, जिसके एवज में आयोग ने ओवरऑल बिजली दर में 7.66 फीसदी की वृद्धि की स्वीकृति दी थी.



साल में दूसरी बार महंगी होगी बिजली

महंगाई का लगेगा तड़का बढ़ जाएगा टोल टैक्स

### वाहन चालकों की भी कटेगी जेब

चुनाव समाप्त होने के बाद वाहन चालकों की भी जेब ढीली होने वाली है. जानकारी के मुताबिक एनएचएआई ने टोल टैक्स लगाने के लिए कवायद शुरू कर दी है. टोल टैक्स में बढ़ोतरी इस वित्तीय वर्ष के शुरूआत एक अप्रैल से ही होनी थी, लेकिन लोकसभा चुनाव के चलते वाहन चालकों को राहत मिल गयी थी, और एक जून तक टोल नहीं बढ़ाने का आदेश भारत सरकार की ओर से भेजा गया था. एनएचएआई ने झारखंड सहित सभी राज्यों के रिजनल पदाधिकारियों को पत्र लिख कर लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण तक टोल में वृद्धि नहीं करने का निर्देश दिया था.



### सभी राज्यों के लिए टोल वृद्धि का प्रस्ताव तैयार

मिली खबरों के मुताबिक देश के सभी राज्यों के लिए टोल टैक्स वृद्धि का प्रस्ताव तैयार है. जानकारी के अनुसार हर प्रकार के वाहनों के लिए पांच रुपए से 15 रुपए तक टोल टैक्स में वृद्धि का प्रस्ताव है. इस संबंध में एनएचएआइ ने मार्गदर्शन भी मांगा है. जून के पहले सप्ताह में ही टोल टैक्स में वृद्धि की जा सकती है.



**न्याय करें मी लॉर्ड** | वकीलों के काले कोट के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई याचिका

## अंग्रेजों की परपंरा अपने देश में छुड़ा रही है पसीना

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

काला कोट वकीलों की पहचान माना जाता है, लेकिन गर्मी में यह रंग न पहनने की सलाह दी जाती है. इस बीच सुप्रीम कोर्ट में भी एक याचिका दाखिल की गई है, जिसमें गर्मियों के दौरान वकीलों के ड्रेस कोड में राहत देने की अपील की गई है. इसके तहत मांग गई है कि वकीलों को गर्मियों के दिनों काला कोट न पहनने की छूट दी जाए. याचिका में अदालत से मांग की गई है कि एडवोकेट ऐक्ट, 1961 के नियमों में संशोधन किया जाए. इससे वकीलों को गर्मी के दिनों में काला कोट पहनने से राहत मिल सकेगी. याचिका में कहा गया है कि अदालत सभी राज्यों के बार काउंसिल को इस संबंध में आदेश दे. इसके तहत उन महीनों की सूची तैयार की जाए, जब काला कोट पहनना गर्मी के चलते मुश्किल भरा हो सकता है. याचिका में अदालत से मांग की गई है कि एडवोकेट ऐक्ट, 1961 के नियमों में संशोधन किया जाए. इससे वकीलों को गर्मी के दिनों में काला कोट पहनने से राहत मिल सकेगी. अंग्रेजों की परपंरा ढोते-ढोते अपने देश के वकीलों की हालत खराब कर रही है. यह ब्रिटेन के लिए ठीक हो सकती है, जहां सालों भर ठंड रहती है, भारत के लिए यह कतई न्यायसंगत नहीं है.



### अध्ययन के लिए कमेटी का गठन हो

याचिका में कहा गया है कि अदालत सभी राज्यों के बार काउंसिल को इस संबंध में आदेश दे. इसके तहत उन महीनों की सूची तैयार की जाए, जब काला कोट पहनना गर्मी के चलते मुश्किल भरा हो सकता है. अर्जी में यह भी कहा गया है कि गर्मी के दिनों में काला कोट पहनने से होने वाले नुकसान के अध्ययन के लिए एक कमेटी का भी गठन किया जाए, जिसमें मेडिकल एक्सपर्ट्स शामिल हों. याची ने कहा कि इस बात की स्टडी तो होनी ही चाहिए कि कैसे गर्मी के दिनों में काला कोट पहनने से सेहत, कार्यक्षमता पर विपरीत असर पड़ सकता है.

### वकीलों को ड्रेस कोड से छूट दें

एडवोकेट शैलेंद्र मणि त्रिपाठी ने बेंच से अपील की कि परंपरागत ड्रेस कोड में छूट दी जाए. वजह यह है कि मैदानी इलाकों में गर्मी के दिनों में पारा बहुत ज्यादा हो जाता है. उस स्थिति में काला कोट पहनना मुश्किल भरा होता है. काला कोट पहनने की परंपरा ब्रिटिश दौर से जुड़ी हुई है, लेकिन यह हमारे लिए सही नहीं है. गर्मी में ऐसी ड्रेस पहनना ठीक नहीं है. काला रंग गर्मी को आकर्षित करता है. गर्मी से वकीलों को तपना पड़ता है और उससे उनकी कार्यक्षमता पर भी असर पड़ता है. उन्होंने कहा कि सभी को अधिकार है कि वह सुरक्षित माहौल में काम कर सके.

**गर्मी में काला कोट पहनना मुश्किल भरा काम**

याची ने कहा कि वकीलों के लिए मोटे काले कोटों का पहनना मुश्किल भरा होता है. इससे उनके लिए कामकाज की स्थिति असुरक्षित और मुश्किल भरी होती है. यह असुविधाजनक है. इससे सुरक्षित वर्कप्लेस का अधिकार भी प्रभावित होता है. उन्होंने कहा कि जो लोग पहले ही किसी बीमारी का शिकार हैं, उनके लिए तो यह और मुश्किल भरा हो सकता है.

## नक्सली धमकी के बाद कर दिया पद्मश्री लौटाने का ऐलान

**एजेंसी। नारायणपुर**

कैंसर जैसी असाध्य बीमारियों का इलाज करने वाले वैद्य हेमचंद मांझी के ऐलान से सनसनी फैल गई है. हेमचंद मांझी ने लगातार नक्सलियों की ओर से मिल रही धमकियों के बाद पद्म सम्मान सरकार को लौटाने का ऐलान किया है. नक्सलियों की ओर से जारी पर्चे और बैनर में मांझी के लिए माओवादियों ने वैद्यराज को भ्रष्टाचारी और कंपनी का दलाल बताया है. माना जा रहा है कि इसी से डर कर मांझी ने पद्म सम्मान लौटने का ऐलान किया है.

वैद्यराज को मिली धमकी के बाद से इलाके में दहशत है. लंबे वक्त से वैद मांझी का परिवार नक्सलियों के निशाने पर रहा है. विस चुनाव से पहले भी माओवादियों ने मांझी को निशाने पर लिया था. उस वक्त मांझी तो बाल बच गये थे, लेकिन उनका भतीजा मारा गया था. खतरे के चलते सरकार की ओर से परिवार को सुरक्षा मुहैया कराई गई है. हेमचंद्र को सुरक्षा देने के बाद भी घर के लोग दहशत में हैं. माओवादियों ने दो मोबाइल टावरों को जला कर मौके पर पर्चे लगाए हैं. इसमें पद्म सम्मान से सम्मानित मांझी को आमदई खदान का समर्थक होना बताया गया है. पोस्टर में नक्सलियों ने वैद्यराज को भ्रष्टाचारी होने का भी आरोप लगाया है.

*वैद्यराज हेमचंद मांझी को बताया है भ्रष्टाचारी और दलालपोस्टर चिपका कर दी गई है जान से मार डालने की धमकी*





## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** सरकारी कार्य में लाभ का योग है. पिता के साथ किसी धार्मिक स्थल जाने का अवसर मिलेगा. कारोबार में वृद्धि के योग हैं. भाग्य का साथ मिलेगा. निवेश शुभ रहेगा. काफी समय से लंबित कार्य पूर्ण होंगे. उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे.

**वृषभ** भाग्य का साथ मिलेगा. पर किसी अपने ही व्यक्ति से बिना कारण विवाद को हो सकता है. दौड़ धूप अधिक रहेगी. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा. असमंजस की स्थिति बन सकती है.

**मिथुन** समय सामान्य है. क्रोध से बचें. जीवनसाथी के साथ आनंद का समय बीतेगा. स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद मिलेगा. निवेश शुभ रहेगा. व्यापार ठीक चलेगा. लाभार्जन होगा. परिवार के सदस्यों के साथ समय सुखमय व्यतीत होगा.

**कर्क** दिन आनंददायक बीतेगा. पर पेट रोग से बचें. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है. बेकार बातों पर ध्यान न दें. भोजन सोच विचार कर लें.

**सिंह** शिक्षा को लेकर व्यस्तता रहेगी. शत्रु पस्त होंगे. नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे. व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा. शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड लाभ देंगे. जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा. जल्दबाजी न करें. अन्न दान करें.

**कन्या** माता के स्वाथ्य पर ध्यान दें. किसी भी तरह के विवाद में न पड़ें. बोलचाल में हल्केपन को न लाएं. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. परिवार में तनाव रह सकता है. यथासंभव यात्रा टालें. जल्दबाजी न करें.

**तुला** किसी से विवाद हो सकता है. राजकीय सहयोग प्राप्त होगा. रुके कामों में गति आएगी. व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेगा. स्वास्थ्य का ध्यान रखें. कुसंगति से हानि होगी. किसी तीर्थयात्रा की योजना बनेगी.

**वृश्चिक** कार्य और पराक्रम के बल पर अच्छा आय होगा. योजना फलीभूत होगी. मित्रों का सहयोग करने का अवसर प्राप्त होगा. घर-बाहर पूछ-परख रहेगी. समय की अनुकूलता का लाभ लें. कार्य को लेकर ज्यादा प्रमाद न करें.

**धनु** व्यावसायिक कार्य मनोनुकूल रहेगी. बेरोजगारी दूर होगी. कारोबार में वृद्धि के योग हैं. शेयर मार्केट तथा म्युचुअल फंड लाभदायक रहेंगे. दुष्टजन तथा ईर्ष्यालु व्यक्तियों से सावधान रहें. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें.

**मकर** शारीरिक और मानसिक सुख मिलेगा. पर वाणी पर नियंत्रण रखें. स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है. व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा. आय में निश्चितता रहेगी. जोखिम व जमानत के कार्य टालें.

**कुंभ** बाहरी खर्चों से मन खिन्न होगा. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य का नजरअंदाज न करें. समय अनुकूल है. आय में वृद्धि होगी. उत्साह व प्रसन्नता से काम कर पाएंगे. अन्न दान करें.

**मीन** आय के लिए किया गया प्रयास सफल होगा. किसी मांगलिक कार्य में शामिल होने का अवसर प्राप्त हो सकता है. आत्मसम्मान बना रहेगा. कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा. सुख के साधन जुटेंगे. प्रसन्नता रहेगी.

**चिंताजनक :** झारखंड राज्य के 13 जिलों में 20 हजार हेक्टेयर से अधिक कृषि योग्य भूमि बंजर, सांख्यिकी निदेशालय की रिपोर्ट में हुआ खुलासा

# 5.71 लाख हेक्टेयर भूमि हो गई बंजर, सबसे अधिक पश्चिम सिंहभूम में

रवि भारती। रांची

झारखंड में पांच लाख 71 हजार 878 हेक्टेयर भूमि बंजर हो गई है. वहीं राज्य के 13 जिलों में 20 हजार हेक्टेयर से अधिक कृषि योग्य भूमि बंजरपन की चपेट में आ गयी है. इसका खुलासा राज्य सरकार के सांख्यिकी निदेशालय की रिर्पोट से हुआ है. रिर्पोट के मुताबिक, झारखंड में 79 लाख 70 हजार 75 हेक्टेयर भूमि उपयोग के लिए प्रतिवेदित की गई है. इसमें से सात लाख नौ हजार 548 हेक्टेर भूमि का उपयोग कृषि को छोड़ कर दूसरे कामों के लिए हो चुका है. वहीं राज्य में बेकार पड़ी कृषि योग्य जमीन तीन लाख 49 हजार 236 हेक्टेयर है.

**24.78 लाख हेक्टेयर परती है भूमिः** झारखंड में 24 लाख 78 हजार 342 हेक्टेयर परती जमीन है. वहीं एक बार से अधिक बुआई वाली भूमि दो लाख 53 हजार 417 हेक्टेयर है. एक लाख एक हजार 985 हेक्टेयर में विभिन्न तरह के वृक्ष लगे हुए हैं, जबकि 22 लाख 39 हजार 481 हेक्टेयर जंगल भूमि है. वहीं स्थायी चारागाह के लिए एक लाख 13 हजार 620 हेक्टेयर भूमि है.



### 13 जिले की जमीन बंजर की चपेट में

राज्य के 13 जिले ऐसे हैं, जिसमें 20 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि बंजर हो गई है. इनमें रांची में 28535 हेक्टेयर, गुमला में 38134, सिमडेगा में 24069, पश्चिम सिंहभूम में 55181, पूर्वी सिंहभूम में 46763, सरायकेला में 20085, पलामू में 26708, गढ़वा में 26497, लातेहार में 25365, गिरिडीह में 38463, बोकारो में 40311, धनबाद में 31102 और दुमका में 25642 हेक्टेयर भूमि बंजर हो गई है.

### मनरेगा आयुक्त ने दिया है निर्देश

मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने निर्देश दिया है कि सभी 28 पीआइएएस जलछाजन परियोजना के तहत बंजर-परती भूमि चिह्नित कर उसे इस लायक बनाया जाए, जिससे वहां भूगर्भ जल स्तर में सुधार किया जा सके. इसे प्राथमिकता के तौर पर करने को कहा गया है, ताकि इससे जल व मिट्टी का संरक्षण किया जा सके.

### किस जिले में कितनी जमीन हो गई बंजर

| जिला | जमीन (हेक्टेयर में) |
|---|---|
| रांची | 28535 |
| खूंटी | 19656 |
| लोहरदगा | 9306 |
| गुमला | 38134 |
| सिमडेगा | 24069 |
| पश्चिम सिंहभूम | 55181 |
| पूर्वी सिंहभूम | 46763 |
| सरायकेला | 20085 |
| पलामू | 26708 |
| गढ़वा | 26497 |
| लातेहार | 25365 |
| हजारीबाग | 19501 |
| रामगढ़ | 12939 |
| चतरा | 10192 |
| कोडरमा | 9710 |
| गिरिडीह | 38463 |
| बोकारो | 40311 |
| धनबाद | 31102 |
| दुमका | 25642 |
| जामताड़ा | 7789 |
| गोड्डा | 17675 |
| देवघर | 17556 |
| साहेबगंज | 10255 |
| पाकुड़ | 10444 |

कल्पना ने संथाल में झोंकी ताकत, कहा- देश पूंजीपति पार्टी से नहीं चलेगी

# 'इंडिया' वाले आ रहे हैं दिल्ली

विशेष संवाददाता। रांची

**गोड्डा, राजमहल और दुमका में चार चुनावी सभाओं को किया संबोधित**

कल्पना मुर्मू सोरेन ने संथाल परगना में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है. वे संथाल में तूफानी चुनावी दौरा और सभा कर रही हैं. सोमवार को उन्होंने चार चुनावी सभाओं को संबोधित किया. इस क्रम में पोड़ैयाहाट में गोड्डा लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव के लिए, राजमहल सीट से झामुमो प्रत्याशी विजय हांसदा के लिए पाकुड़ और दुमका लोकसभा से झामुमो प्रत्याशी नलिन सोरेन के लिए शिकारीपाड़ा में चुनावी सभाएं की.

कल्पना सोरेन ने अमर शहीद तिलका मांझी को नमन कर अपने संबोधन की शुरुआत की. पोड़ैयाहाट में उन्होंने कहा कि मैं अपने बड़े भाई 'इंडिया' गठबंधन के प्रत्याशी प्रदीप यादव के लिए आपके समक्ष आयी हूं. यह वह क्रांतिकारी भूमि है, जहां से बाबा तिलका मांझी ने तीर-धनुष से अंग्रेजों का मुकाबला तब किया था, जब किसी ने ऐसा करने का सपना भी नहीं देखा था. आज भी शोषकों के खिलाफ वही लड़ाई है, बस स्वरूप बदल गया है. दिशोम गुरुजी ने बचपन में अपने संघर्षशील पिता को खोया. इसके बाद उन्होंने महाजनों के खिलाफ आंदोलन किया. लोगों को हक-अधिकार दिलाया.

**महान क्रांतिकारियों के संघर्ष के बाद झारखंड मिला :** कल्पना ने कहा कि दिशोम गुरुजी और अनेकों महान क्रांतिकारियों के संघर्ष के बाद ही हमें झारखंड राज्य मिला. आज हम अपने आप को गर्व से झारखंडी कहते हैं, यह उन्हीं की देन है. चुनाव का यह आखिरी चरण है. भाजपा वालों को चेता देना है कि यहां बड़े-बड़े पूंजीपतियों की पार्टी भाजपा नहीं, बल्कि गरीब-गुरुबा, आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यकों का 'इंडिया' गठबंधन चलेगा. उन्होंने कहा कि 'इंडिया' वाले दिल्ली आ रहे हैं.



### जिस जमीन के कारण हेमंत जेल में, उसमें उनका नाम नहीं

कल्पना ने कहा कि जिस जमीन के नाम पर हेमंत जी को जेल में डाला गया है, उसमें उनका नाम ही नहीं है. हेमंत जी को षड्यंत्र के तहत जेल में डालने की एक ही वजह थी कि पिछले 20 साल में भाजपा, राज्य में जो काम नहीं कर पायी, उससे लंबी और गहरी लकीर हेमंत जी ने चार साल में खींच दी. हेमंत जी की जेल की चाबी आप लोगों के पास है. इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को वोट देकर हेमंत जी को जेल से निकालने में मदद करें. उन्होंने उपस्थित जनसमूह से आग्रह किया कि 'इंडिया' गठबंधन के प्रत्याशी प्रदीप यादव को भारी मतों से विजयी बनाएं.

### अंबेडकर की बदौलत समाज में आगे बढ़ रही हैं महिलाएं

कल्पना सोरेन ने कहा कि आज महिलाएं समाज में आगे बढ़ रही हैं. यह सब बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की बदौलत हो पाया है. उन्होंने कहा कि मैं भी अपने परिवार की सेवा में खुश थी, लेकिन इन भाजपा वालों ने चुनाव से ठीक पहले, जन-जन के प्यारे, आपके बेटा और भाई हेमंत जी को जेल में डालने का काम किया. इसके बाद हेमंत जी की आवाज बन कर उन्हें जनता के बीच आना पड़ा.

### स्थानीय नीति व सरना धर्म कोड पर चुप है भाजपा

कल्पना सोरेन ने कहा कि आज दिशोम गुरुजी के बेटे हेमंत सोरेन को भी भाजपा ने डर के मारे जेल में डाल दिया है. हेमंत जी राज्य के लोगों को हक-अधिकार दे रहे थे. अच्छी शिक्षा, राशन, पेंशन आदि से जोड़ रहे थे, जिससे भाजपा को तकलीफ हो गयी. हेमंत जी ने 1932 खतियान, पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण, सरना आदिवासी धर्म कोड विधानसभा से पारित करवाया, मगर इन मुद्दों पर भाजपा वालों ने चुप्पी साध ली हैं.

# चोरी करने और कराने वालों को जाना पड़ेगा जेल : मरांडी



- देवघर में एम्स, एयरपोर्ट और रेलवे लाइन निशिकांत दुबे की देन

प्रमुख संवाददाता। रांची

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जेएमएम, कांग्रेस और राजद ने काम करने के लिए नहीं कमाने के लिए सरकार बनाया है. इतना कमाया कि उनके घर को तो छोड़ दीजिए, उनके नौकर के घर से भी करोड़ों रुपये के नोटों का पहाड़ मिलता है. इसी कारण आज हेमंत सोरेन और आलमगीर आलम जेल में बंद हैं. कई और लोग जेल में जाएंगे. जो चोरी करेंगे और चोरी कराएंगे, उनको जेल जाना ही पड़ेगा. मरांडी सोमवार को गोड्डा लोकसभा के पोड़ैयाहाट विधानसभा क्षेत्र में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे.

### इंडी गठबंधन के लोगों ने कोयला बेचा, पत्थर-बालू चुराया

मरांडी ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोगों ने कोयला बेचा. पत्थर की चोरी करायी. बालू चोरी करायी था. मनरेगा में कमीशन लिया था. उसी से पैसे इकट्ठा किया था. जनता को लूटनेवाले ऐसे लोगों की जगह जेल में ही है. यह पैसा आम जनता का है. उन्होंने कहा कि आप सभी जानते हैं कि सांसद निशिकांत दुबे ने कितना काम किया है. गोड्डा तक रेल लाइन बिछाना कोई साधारण काम नहीं है. यहां से कई जगहों की ट्रेंने चल रही हैं. गोड्डा में पावर प्लांट लगा, फैक्ट्री लगवायी. यहां एम्स बनकर तैयार हो गया है. एयरपोर्ट भी बन गया है. गोड्डा में एक जून को मतादन होना है. निशिकांत दुबे को सांसद बनाकर नरेंद्र मोदी को एक बार फिर देश का प्रधानमंत्री बनाना है.

# आज दुमका में पीएम नरेंद्र मोदी की जनसभा

प्रमुख संवाददाता। रांची

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मई को झारखंड आएंगे. इस दिन वे दुमका में भाजपा की विजय संकल्प सभा को संबोधित करेंगे. इससे पहले पीएम मोदी की जनसभा पहले जामा के मधुबन में, फिर राजमहल संसदीय क्षेत्र के लिट्टीपाड़ा में तय हुई थी. लेकिन, बाद में पीएम का कार्यक्रम दुमका में तय हुआ है.

**30 को दुमका दौरे पर आएंगे राहुल गांधी :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी 30 मई को झारखंड दौरे पर दुमका आ रहे हैं. यहां वे इंडिया गठबंधन की तरफ से झामुमो प्रत्याशी नलिन सोरेन के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे. इससे पहले राहुल गांधी झारखंड के चाईबासा और गुमला के बसिया में चुनावी जनसभा को संबोधित कर चुके हैं.

### सीबीएसई की सप्लीमेंट्री परीक्षा जुलाई में

**रांची।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) एक परीक्षा के बाद दूसरी परीक्षा की तैयारी में जुट जाती है. इसी के तहत बोर्ड 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम जारी करने और कॉपी पुनर्मूल्यांकन की तिथि जारी करने के बाद अब कंपार्टमेंट/सप्लीमेंट्री परीक्षा की तैयारी में जोरशोर से जुट गयी है. सीबीएसई की गाइडलाइन के अनुसार परीक्षा जुलाई में होगी. इस बार परीक्षा के पैटर्न में कुछ बदलाव किए गए हैं. इसके अनुसार इस बार तीन ग्रुप सप्लीमेंट्री परीक्षा के लिए योग्य हैं. जो विद्यार्थी 10वीं कक्षा में दो विषयों में फेल हुए हैं और जो 12वीं के एक विषय में फेल हैं, वे कंपार्टमेंटल परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं.

### विधि व्यवस्था की गिरती हुई स्थिति से दहशत में जनता : प्रतुल शाहदेव

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (एक्स) पर पोस्ट कर लिखा कि बीच राजधानी में देर रात को एक पॉश इलाके में स्थित बहुचर्चित बार में डीजे की गोली मारकर हत्या कर दी जाती है. बेखौफ अपराधी उस बार के शीशे को भी गोली से छलनी कर देते हैं. सरकार का इकबाल कहां है ?अपराधियों के मन में कानून का खौफ कहां है ?अभी तो पुलिस हाई अलर्ट में है.

### राजकुमार पाहन की अग्रिम जमानत पर अगली सुनवाई 15 जून को होगी

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाला मामले में जमीन के मूल रैयत राजकुमार पाहन की अग्रिम जमानत याचिका पर पीएमएलए कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई. अदालत ने मामले में सुनवाई की अगली तिथि 15 जून निर्धारित की है. मामले में पूर्व में दोनों पक्षों की ओर से बहस हुई थी. ईडी ने इस मामले में राजकुमार पाहन को भी आरोपित बनाते हुए उसके खिलाफ आरोप पत्र (चार्जशीट) दाखिल किया है. ईडी के चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने समन जारी किया है. इसके बाद उस पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है. गिरफ्तारी से बचने के लिए राजकुमार पाहन ने एक मई को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है. यह मामला बड़गाई अंचल के अधीन 8.86 एकड़ जमीन के फर्जीवाड़े से जुड़ा है. इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी ने 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था.

रक्षा मंत्री ने फोन से जनसभा को संबोधित किया, कहा

# संपत्ति लूटनेवाले नेता जेल में हैं बंद

संवाददाता। रांची

खराब मौसम की वजह से सोमवार को साहिबगंज के उधवा प्रखंड में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की जनसभा रद्द कर दी गई. उनका हेलिकॉप्टर खराब मौसम की वजह से लैंड नहीं कर पाया. लेकिन उन्होंने फोन से जनसभा को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि ताला मरांडी को विजयी बना कर नरेंद्र मोदी के 400 पार के नारे के सपने को पूरा करें. आज झारखंड की स्थिति दयनीय हो गयी है. यहां के मुख्यमंत्री और नेता जेल में बंद हैं. सिंह ने एक जून को होनेवाले अंतिम चरण के मतदान में ताला मरांडी के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की.

**इंडि गठबंधन भारत को बनाना चाहते हैं इस्लामिक देशः अमर बाउरी :** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि झारखंड सहित देश की 140 करोड़ जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के काम में जुट गयी है. श्रीधर दियारा की जनता जो पहले पाकिस्तान और बांग्लादेश के नागरिक थे, वहां से प्रताड़ित होकर अपने देश वापस आये हैं. पड़ोसी देशों में हिंदुओं की संख्या 22% थी, वहीं अब घट कर मात्र 2% हो गई. पूरे विश्व में हिंदुओं के लिए मात्र एक देश भारत ही है, जहां वे सब शरण ले सकते हैं.ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकता संशोधन कानून लाकर दूसरे देशों में बसे और प्रताड़ित हो रहे हिंदुओं को वापस भारत में नागरिकता देने का काम किया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का प्रयास कर रहे हैं, वहीं इंडि गठबंधन देश को इस्लामिक देश बनाने के प्रयास में हैं. नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री और मंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद हैं. उनके घरों से करोड़ों रुपये बरामद किये गये. कांग्रेस, राजद और झामुमो की गठबंधन वाली सरकार झारखंड के खनिज संपदा को लूटने का काम कर रही है. इन्होंने पहाड़, जंगलों, खनिजों को बेचकर अपनी तिजोरी भारी है.



# कल्पना दूसरे नंबर की बहू, हम हैं नंबर एक बहू : सीता सोरेन

संवाददाता। रांची



दुमका से भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन ने जामताड़ा में आयोजित बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी व देवरानी कल्पना सोरेन पर हल्ला बोला. कहा कि यहां दूसरे नंबर की बहू नहीं चलेगी. वह(सीता सोरेन) झामुमो अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन के बड़े बेटे दुर्गा सोरेन की पत्नी व असली बहू हैं. वह बहू नंबर वन हैं. इस प्रदेश को दो नंबर की सरकार व दो नंबर की बहू नहीं चाहिए. प्रदेश की जनता को दो नंबरी बेटों, दो नंबरी काम करने वालों व दो नंबर की बहू ने ठगने का काम किया है. कहा कि अब आपके सामने नंबर वन बहू आयी है, जो जनता के लिए काम करेगी. सीता ने कहा कि दिल्ली से लेकर यहां तक इंडिया गठबंधन भ्रष्ट लोगों की टीम से मंच सजा रहा है. इससे पहले रविवार को जामताड़ा की सभा में कहा कि हेमंत जी भ्रष्टाचार की वजह से जेल में हैं. उन्होंने अब अपनी पत्नी को आगे कर दिया है. वह उनको अपनी जीती हुई सीट दे रहे हैं. सीता सोरेन ने कहा कि मुझको लगता है कि चंपई सोरेन की कुर्सी खतरे में पड़नेवाली है.

क्लासिफाइड







**चुनावी समर** कभी साथ थे, आज हो गये आमने-सामने, गोड्डा, राजमहल व दुमका में एक जून को मतदान

# संथाल परगना में अपनों से ही पार पाना होगी बड़ी चुनौती

प्रमुख संवाददाता। रांची



संथाल परगना झारखंड की राजनीति की धुरी है. संथाल की राजनीति झारखंड की दिशा और दशा भी तय करती है. एक जून को संथाल परगना की तीन सीटों गोड्डा, राजमहल और दुमका में मतदान होना है. खास बात यह है कि इन तीनों सीटों पर झामुमो और भाजपा उम्मीदवारों को अपनों से ही पार पाना होगा. इस वजह से राजमहल, गोड्डा और दुमका में इस बार दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल सकता है.

**गोड्डा में निशिकांत दुबे को अपने से ही जूझना होगा :** गोड्डा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को अपनों से ही जूझना होगा. हाल के दिनों में गोड्डा लोकसभा अंतर्गत आनेवाले मधुपुर के पूर्व विधायक और पूर्व मंत्री राज पालिवार के कांग्रेस में जाने खबर आई थी. कांग्रेस के मीडिया प्रमुख पवन खेड़ा ने अपने 'एक्स' हैंडल पर पोस्ट किया था, जिसमें मांडू के भाजपा विधायक जेपी पटेल के साथ राज पालिवार के कांग्रेस में शामिल होने की बात कही गई थी. हालांकि यह पोस्ट बाद में हटा लिया गया था. राज पालिवार फिलहाल प्रदेश भाजपा में उपाध्यक्ष पद पर हैं और मधुपुर इलाके में एक वर्ग में इनकी खास पकड़ है. अगर आपसी खटास का यही हाल रहा, तो निशिकांत की जीत की राह में मुश्किल हो सकती है.

### राजमहल में लोबिन ने दिलचस्प बना दिया मुकाबला

राजमहल में झामुमो उम्मीदवार विजय हांसदा को अपने ही दल के बागी विधायक लोबिन हेंब्रम से जूझना पड़ रहा है. विजय हांसदा ने 2014 और 2019 में राजमहल सीट से जीत दर्ज की है. लेकिन उनके रास्ते का सबसे बड़ा रोड़ा लोबिन हेंब्रम बन गए हैं. वे निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में राजमहल सीट से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं. यूं कहें कि दोनों कभी साथ-साथ थे, आज एक-दूसरे के आमने-सामने हैं. लोबिन कई बार बयान भी दे चुके हैं कि इस बार विजय हांसदा हार जाएंगे. इससे पहले लोबिन अपनी ही सरकार के खिलाफ पाकुड़ से लेकर राजमहल तक अन्याय यात्रा निकाल चुके हैं. चुनाव मैदान में उनके आने से राजमहल का मुकाबला दिलचस्प हो गया है.

### दुमका में सीता सोरेन की राह में भी हैं रोड़े

दुमका के सीटिंग सांसद सुनील सोरेन का टिकट छीन कर भाजपा ने सीता सोरेन को टिकट थमा दिया. इससे सुनील सोरेन का दुख अलग किस्म का हो गया. सवाल अब भी दुमका में बरकरार है. वहीं सीता सोरेन का मुकाबला झामुमो के नलिन सोरेन से है. लेकिन इतना तो तय है राजमहल हो या फिर गोड्डा, यहां के बड़े नेताओं की नाराजगी सांसद उम्मीदवार के लिए नुकसानदायक साबित हो सकती है. दूसरी ओर दुमका में सुनील सोरेन को टिकट मिलना और फिर छीना जाना और इसे बर्दाश्त करना, उनके लिए कितना सहज होगा, यह तो समय ही बताएगा. झामुमो छोड़ कर भाजपा में आई सीता सोरेन को पार्टी के कार्यकर्ता स्वीकार कर पाते हैं या नहीं, यह भी देखनेवाली बात होगी.

### नाबालिग से रेप के दोषी को 10 साल की सजा

**रांची।** पॉक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने सोमवार को नाबालिग से दुष्कर्म मामले के दोषी मिथुन महतो को दस साल की सजा सुनाई है. साथ ही उस पर दस हजार रुपए का जुर्माना लगाया है. जुर्माने की राशि नहीं देने पर उसे छह माह की सजा काटनी होगी . पूर्व में कोर्ट ने मिथुन महतो को दोषी करार दिया था. मामले में अभियोजन पक्ष ने सात गवाह पेश किया था. आरोपित मिथुन और नाबालिग पीड़िता दोनों एक मिठाई के दुकान में काम करते थे. इसी दौरान दोनों में दोस्ती हुई थी. इसके बाद आरोपित ने नाबालिग से संबंध बनाया था. पीड़िता के परिजनों को इसकी जानकारी तब हुई जब वह गर्भवती हो गई. मामले को लेकर नगड़ी थाना में केस दर्ज कराई गई.

तापमान
34.7⁰ अधिकतम | 26.5⁰ न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



www.lagatar.in | रांची, मंगलवार 28 मई 2024 ● ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 05 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 49 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

# न तालाब बचा न पार्क

## करोड़ों खर्च कर डिस्टिलरी तालाब भर कर बनाया गया था पार्क



सौंदर्यीकरण के नाम पर पार्क में भरी गयी मिट्टी



तालाब का टूटा-फूटा घाट

**आकर्ष अनिकेत। रांची**


रांची नगर निगम ने 2017 में 3.29 करोड़ रुपये खर्च कर डिस्टिलरी तालाब को भर कर पार्क बनवाया था. दो साल तक पार्क की सुंदरता बरकरार रही. लोगों का पार्क में आना-जाना लगा रहा. 2019 में एक रोज आई तेज बारिश ने निगम की पोल खोल कर रख दी. बारिश के कारण पार्क एक बार फिर तालाब में तब्दील हो गया, जिसके कारण यहां लगे घास व फूल पौधे बरबाद हो गए. बरसात के दिनों में जलजमाव को देखते हुए पार्क को बंद कर दिया गया. बाद में ठेकेदार ने पार्क के आधे हिस्से में रेस्टोरेंट बना दिया. लगभग एक साल तक रेस्टोरेंट चला. इसके बाद निगम ने ठेकेदार को हटा कर पार्क अपने कब्जे में ले लिया. निगम के कब्जे में आने के बाद पार्क का हाल और बुरा हो गया. निगम ने पार्क तो अपने अधीन लिया, पर देखभाल करना भूल गया. करोड़ों खर्च कर बना पार्क लगभग चार साल से बंद पड़ा है. लोगों का कहना है अब न तो तालाब बचा और न ही पार्क.

### इलाके में पानी की हो रही है कमी: शुभम दुबे



कोकर के रहने वाले शुभम दुबे ने बताया कि तालाब की जगह पार्क के निर्माण से इलाके में पानी का स्तर गिरता जा रहा है. तलाब के रहने से पानी की दिक्कत नहीं होती थी. पानी का स्तर ठीक नहीं रहने के कारण लोगों के घरों में बोरिंग का जलस्तर नीचे जा रहा. पार्क बनने से कोई फायदा नहीं हुआ है, बल्कि नुकसान ही हुआ है.

### इस पार्क का क्या फायदा काफी दिनों से बंद है: राज



कोकर निवासी राज चौरसिया ने बताया कि पिछले कई सालों से पार्क बंद है. पार्क बनने का फायदा ही क्या, जब कई सालों से बंद हो. मन करने पर हम पार्क नहीं जा सकते हैं. अब पार्क खंडहर में तब्दील होता जा रहा है. उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि जल्द से जल्द पार्क का सौंदर्यीकरण का हो और इसे आम लोगों को लिए खोला जाए.

### खंडहर में तब्दील हो चुका है पार्क: सागर कुमार



सागर कुमार ने कहा कि सही ढंग से देखभाल नहीं होने से पार्क अब खंडहर में तब्दील हो चुका है. अब यह नशेड़ियों का अड्डा बन चुका है. पार्क में बैठ कर लोग नशा करते हैं. अगर इसकी देखभाल ठीक तरीके से की जाती, तो आसपास के लोगों के लिए समय बिताने के लिए काफी अच्छी जगह थी.

### तालाब भरे जाने के बाद से ही इलाके में पानी की दिक्कत: मनीष कुमार



कोकर में रहने वाले मनीष कुमार का कहना है कि वर्ष 2017 के पहले इलाके में पानी की दिक्कत नहीं थी. तालाब भरे जाने के बाद कुएं का पानी सूखने लगा. अब तो कई घरों में बोरिंग भी सूख रही. सरकार ने तालाब भर कर गलती की. पार्क तो अब पूरी तरह से बर्बाद हो चुका है. जब पार्क बनाया ही गया है, तो उसकी देखभाल भी जरूरी है.

### 2022 में सौंदर्यीकरण के लिए हुआ था स्वामी विवेकानंद पार्क का शिलान्यास

18 नवंबर 2022 को स्वामी विवेकानंद पार्क का सौंदर्यीकरण के लिए शिलान्यास किया गया था. 60 लाख रुपये खर्च कर पार्क के सौंदर्यीकरण का काम होना है. इस पर स्थानीय लोगों ने निगम के पर सवाल उठाया. लोगों का कहना है कि सौंदर्यीकरण तो बहाना है. निगम ने बिना प्लानिंग पार्क बनवा दिया था. अब सौंदर्यीकरण के नाम पर पार्क में मिट्टी भर कर अपनी गलतियों को छुपाने का काम किया जा रहा है.



टूटे हुए झूले

### 1901 में कराया गया था डिस्टिलरी तालाब का निर्माण

लगभग तीन एकड़ में फैले डिस्टिलरी तालाब का निर्माण 1901 में राय बहादुर ठाकुर जायसवाल द्वारा किया गया था. तालाब का निर्माण उस वक्त डैम की तर्ज पर किया गया था. उस वक्त इलाके में काफी फैक्ट्रियां थीं, जिसमें पानी की आपूर्ति डिस्टिलरी तलाब से ही पूरी होती थी.





पार्क की स्थिति

---

## ब्रीफ खबरें

### देवघर में जेपी नड्डा की चुनावी सभा आज

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 29 मई को देवघर में तीन चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे. बताते चलें कि एक जून को संथालपरगना की तीन सीटें गोड्डा, राजमहल और दुमका में वोटिंग होनी है. इस लिहाज से भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है. गोड्डा में भाजपा उम्मीदवार निशिकांत दुबे का मुकाबला कांग्रेस के प्रदीप यादव से है. वहीं, दुमका में भाजपा की सीता सोरेन के सामने झामुमो के नलिन सोरेन और राजमहल में भाजपा उम्मीदवार ताला मरांडी के सामने झामुमो के विजय हांसदा हैं.

### भगवान भरोसे हैं शहर के गेमिंग जोन

**रांची।** गुजरात के राजकोट टीआरपी गेमिंग जोन की आग की लपटें राजधानी तक पहुंच रही हैं. राजधानी में तेजी से गेमिंग जोन का दायरा फल-फूल रहा है. सभी गेमिंग जोन भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में संचालित किए जा रहे हैं. लेकिन यहां की सुरक्षा भगवान भरोसे है. गेमिग जोन संचालकों के पास अपना फयर फाइटिंग सिस्टम नहीं है. राजधानी में न्यूक्लियस मॉल के अंदर टाइम जोन, कांके के मिनू हाईट्स में जैरी लैंड गेम जोन और मॉल ऑफ रांची में स्टारकिड्स फैमली गेम जोन मौजूद हैं. हाई स्ट्रीट मॉल में दो महीने पहले गेमिंग जोन बंद हो चुका है. न्यूक्लियस मॉल के गेमिंग जोन की पड़ताल करने पर यहां सुरक्षा नदारद दिखाई पड़ी. टाइम जोन के संचालक ने बताया कि मॉल में लगे अग्निशमन यंत्र के भरोसे गेम जोन की सुरक्षा व्यवस्था है. गेम जोन में मौजूद खेल की सामाग्रियां प्लास्टिक और फाइबर से बनी हैं.

---

### एक्सट्रीम बार से घर के लिए निकल रहा था संदीप, गेट के पास ही मार दी गोली

# डीजे बॉय की हत्या, 15 घंटे में आरोपी गया से गिरफ्तार

**रविवार** देर रात डीजे बॉय की गोली मार कर की गई थी हत्या | **आरोपी** अभिषेक के फ्लैट से हत्या में प्रयुक्त राइफल बरामद



मृतक संदीप प्रमाणिक (फाइल फोटो)



आरोपी अभिषेक सिंह (फाइल फोटो)

**संवाददाता। रांची**

चुटिया थाना क्षेत्र में रेडिशन ब्लू होटल के सामने एक्स्ट्रीम बार के डीजे बॉय संदीप की बीती देर रात गोली मारकर हत्या कर दी गई. एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर गठित पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए घटना के 15 घंटे के अंदर मुख्य आरोपी अभिषेक सिंह उर्फ विक्की सिंह को गिरफ्तार कर लिया. अभिषेक रामगढ़ यूनियन बैंक के मैनेजर प्रतीक का दोस्त है. उसके तीन अन्य साथियों से पुलिस पूछताछ कर रही है. अभिषेक को पुलिस ने बिहार के गया जिले के अलीपुर से गिरफ्तार किया है. सोमवार देर शाम एसएसपी ने चुटिया थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी.

अभिषेक रांची के सेल सिटी स्थित ई9/8ए फ्लैट में रहता था. पुलिस उसके फ्लैट पर पहुंची, तो ताला बंद था. इसके बाद पुलिस ने ताला तोड़ कर पूरे घर की तलाशी ली. पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल राइफल को भी जब्त कर लिया है. तलाशी के दौरान अभिषेक के नाम से असम राज्य से निर्गत दो हथियारों का फर्जी लाइसेंस भी मिला. वहीं, कचहरी चौक के पास एक गैराज से सफेद रंग की ब्रेजा कार बरामद किया गया है. कार से चार कारतूस भी मिला है. इस कार पर जेएच 01 डीएल 2400 रजिस्ट्रेशन का फर्जी नंबर प्लेट लगा हुआ था.

आशंका जतायी जा रही है कि हत्या के बाद भागते वक्त आरोपी की गाड़ी का एक्सीडेंट हुआ था. सुबह करीब पांच बजे क्रेन की मदद से कार को गैरेज में पहुंचाया गया.



### गोलीबारी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद

गोलीबारी की पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है. सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि हाफ पैंट पहने एक शख्स अपना चेहरा ढंक कर बार की सीढ़ियों के पास पहुंचता है, जहां डीजे संदीप पहले से ही घर जाने के लिए खड़ा था. हाथ में रायफल लिए नकाबपोश शख्स वहां पहुंचते ही चंद सेकेंड में संदीप के सीने में गोली मार देता है. गोली लगने के बाद संदीप लिफ्ट के पास गिर जाता है, वहीं गोली मारने वाला शख्स बाहर आता है और बाहर से बार पर कई बार फायरिंग करता है. फिर नीचे उतर कर सफेद रंग की कार में बैठ कर भाग जाता है.



वारदात में प्रयुक्त राइफल

### पश्चिम बंगाल का मूल निवासी था डीजे बॉय संदीप प्रमाणिक

अब तक मिली जानकारी के मुताबिक, एक्सट्रीम बार में डीजे बॉय का काम करने वाला संदीप प्रमाणिक पश्चिम बंगाल का निवासी था. जांच में पता चला है कि संदीप पिछले सात साल से काम कर रहा था. उसने किसी को भी अपने घर वालों का नाम और नंबर नहीं दिया था.

### क्या है पूरा मामला

रविवार की रात अभिषेक सिंह, शमीरउद्दीन, आयाम अनवर, प्रतीक, मृत्युंजय यादव, प्रकाश और उसके दोस्त के साथ बार गया था. इस दौरान बार के बाउंसरों और इनके बीच मारपीट हुई थी. घटना के करीब दो से ढाई घंटे बाद अभिषेक सिंह दुबारा ऑटोमैटिक राइफल के साथ बार आया और उसने डीजे बॉय संदीप को गोली मार दी. बाउंसर के साथ मारपीट में शामिल अभिषेक सिंह के अन्य साथियों में से प्रतीक, समीरूद्दीन और मृत्युंजय कुमार यादव से पुलिस पूछताछ कर रही है.

---



आग पर काबू पाने में जुटे दकमलकर्मी और दुकानदारों की भीड़.

## डेली मार्केट में फिर लगी भीषण आग, दुकान जल कर राख

**संवाददाता। रांची**

शहर के मेन रोड स्थित डेली मार्केट में एक बार फिर से आग लग गयी. रविवार की देर रात आग ड्राई फ्रूट्स की दुकान में लगी. इस अगलगी में दुकान में रखे सारे ड्राई फ्रूट्स सहित अन्य सामान जलकर राख हो गये. आग लगने से दुकानदार को लाखों के नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है. हालांकि आकलन के बाद ही नुकसान की सही जानकारी सामने आ पायेगी. आग लगने से डेली मार्केट में अफरा-तफरी मच गयी.

घटना के संबंध बताया जा रहा है कि रविवार की रात करीब 11 बजकर 45 मिनट में डेली मार्केट स्थित एक ड्राई फ्रूट्स की दुकान में अचानक आग लग गयी. आग लगने से वहां अफरा तफरी मच गयी. लोगों ने दुकान मालिक और अग्निशमन विभाग को अगलगी की सूचना दी. मौके पर पहुंचकर दुकान मालिक सहित अन्य लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की. सूचना पाकर थोड़ी देर के बाद दमकल पहुंची और आग पर काबू पाया. हालांकि आग कैसे लगी, इसका पता अभी नहीं चल पाया है. जांच के बाद ही आग लगने के कारणों का पता चल पाएगा.

**खास बातें**

- रविवार की देर रात ड्राई फ्रूट्स की दुकान में लगी थी आग
- दुकानदार को लाखों के नुकसान होने का अनुमान

### दहशत में रहते हैं डेली मार्केट के दुकानदार

डेली मार्केट में फल व सब्जी के अलावा दूसरे खाद्य पदार्थ की भी थोक मंडी है. यहां अक्सर अगलगी की घटनाएं होती रहती है. इससे वहां के दुकानदार दहशत में रहते हैं. पिछले साल भी सब्जी मंडी में भीषण आग लगी थी, जिसमें एक बुजुर्ग महिला के ढाई लाख रुपये भी जल गये थे. कोरोना के समय भी मार्केट में आग लगी थी, जिसमें सभी फल के दुकान जल गये थे.

---

**लोकसभा चुनाव** झारखंड के चौथे चरण के चुनाव में राजमहल, दुमका व गोड्डा में एक जून को होगा मतदान

# संथालपरगना की तीन सीटों पर 52 प्रत्याशी चुनाव मैदान में

**शुभम किशोर। रांची**

लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में झारखंड की तीन लोकसभा सीट राजमहल, दुमका व गोड्डा में एक जून को मतदान होगा. राज्य के चौथे चरण में होनेवाले चुनाव में तीनों संसदीय सीट संथाल परगना क्षेत्र में आती हैं. इन तीन सीटों से कुल 52 प्रत्याशी चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं. इनमें राजमहल से 14 और दुमका व गोड्डा से 19-19 प्रत्याशी चुनावी अखाड़े में हैं. अंतिम चरण के चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दल जोर आजमाइश में कोई कसर छोड़ना नहीं चाहते हैं. इसे लेकर संथाल क्षेत्र में हर पार्टी के स्टार प्रचारकों का चुनावी दौरा शुरू हो चुका है. वहीं, संबंधित संसदीय सीट से विभिन्न दलों के उम्मीदवार अपने-अपने क्षेत्र के मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने के लिए जोर आजमा रहे हैं.

### किस लोकसभा क्षेत्र में कितने मतदाता

**राजमहल लोकसभा**

| विधानसभा | पुरुष | महिला | कुल मतदाता |
|---|---|---|---|
| राजमहल | 1,80,777 | 1,70,221 | 3,51,001 |
| बोरियो | 1,41,532 | 1,41,243 | 2,82,879 |
| बरहेट | 1,11,467 | 1,15,720 | 2,27,188 |
| लिट्टीपाड़ा | 1,06,793 | 1,11,162 | 2,17,956 |
| पाकुड़ | 1,90,872 | 1,92,423 | 3,83,295 |
| महेशपुर | 1,18,496 | 1,21,441 | 2,39,938 |
| कुल | 8,50,037 | 8,52,210 | 17,02,257 |

**दुमका लोकसभा**

| विधानसभा | पुरुष | महिला | कुल मतदाता |
|---|---|---|---|
| शिकारीपाड़ा | 1,11,345 | 1,17,925 | 2,29,270 |
| नाला | 1,24,316 | 1,19,455 | 2,43,771 |
| जामताड़ा | 1,61,229 | 1,55,546 | 3,16,778 |
| दुमका | 1,27,843 | 1,30,948 | 2,58,794 |
| जामा | 1,10,917 | 1,14,280 | 2,25,197 |
| सारठ | 1,62,636 | 1,52,989 | 3,15,625 |
| कुल | 7,98,286 | 7,91,143 | 15,89,435 |

**गोड्डा लोकसभा**

| विधानसभा | पुरुष | महिला | कुल मतदाता |
|---|---|---|---|
| जरमुंडी | 1,37,413 | 1,28,361 | 2,65,777 |
| मधुपुर | 1,90,650 | 1,76,780 | 3,67,430 |
| देवघर | 2,26,708 | 2,07,670 | 4,34,388 |
| पोड़ैयाहाट | 1,60,140 | 1,53,864 | 3,14,005 |
| गोड्डा | 1,61,270 | 1,49,808 | 3,11,078 |
| महगामा | 1,72,703 | 1,59,795 | 3,32,498 |
| कुल | 10,48,884 | 9,76,278 | 20,25,178 |

**इन उम्मीदवारों के बीच कड़े मुकाबले के आसार**

राजमहल लोकसभा सीट से भाजपा के ताला मरांडी और झामुमो के विजय कुमार हांसदा चुनाव मैदान में हैं. वहीं, लोबिन हेंब्रम ने निर्दलीय ताल ठोंक कर मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है. दुमका लोकसभा सीट पर भाजपा की सीता सोरेन और झामुमो के नलिन सोरेन के बीच कड़ा मुकाबला है. वहीं गोड्डा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार प्रदीप यादव और भाजपा उम्मीदवार निशिकांत दुबे, दोनों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है.

**तीन लोकसभा क्षेत्रों में कुल 53.16 लाख मतदाता**

तीनों लोकसभा क्षेत्र में छह जिले और 18 विधानसभा आते हैं. चुनाव आयोग के डेटा के अनुसार, इन तीनों लोकसभा क्षेत्र की कुल आबादी 84 लाख 11 हजार 857 है. इनमें 43,02,034 पुरुष और 41,09,823 महिलाएं शामिल हैं. वहीं कुल 53 लाख 16 हजार 868 मतदाता हैं. इनमें 26,97,207 पुरुष, 26,19,631 महिलाएं और 30 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं.

---

## आईटीआई के सेवानिवृत्त प्राचार्य पर चलेगी विभागीय कार्यवाही

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

आईटीआई, रांची के सेवानिवृत्त प्राचार्य मो जियाउर रशीद की मुश्किलें बढ़ सकती हैं. सामग्रियों की खरीदारी में बरती गई अनियमितता को लेकर राज्य सरकार ने उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्देश दिया है. इसके लिए रिटायर्ड आइएएस गणेश कुमार को जांच पदाधिकारी बनाया गया है. वहीं आईटीआई, धनबाद की प्राचार्य अंजु अग्रवाल को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी बनाया गया है.

2023 में आईटीआई, रांची में सामग्रियों की खरीदारी में नियमों की अनदेखी की गई. इसके एवज में तत्कालीन प्राचार्य मो जियाउर रशीद के खिलाफ खरीद प्रक्रिया में नियमों की अनदेखी का आरोप प्रथम दृष्टया प्रमाणित पाया गया. इस मामले को राज्य सरकार ने गंभीरता से लिया. इसके बाद श्रम विभाग ने विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया.



- मो जियाउर रशीद पर सामग्रियों की खरीद में अनियमितता का आरोप
- श्रम विभाग ने दिया विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्देश

## ब्रीफ खबरें

### राहुल की सभा के लिए कांग्रेसी जाएंगे देवघर

**रांची।** आगामी 30 मई को राहुल गांधी का दुमका दौरे को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री बन्ना गुप्ता सहित बोर्ड-निगमों के चेयरमैन देवघर जाएंगे. गोड्डा लोकसभा के अंतर्गत सभी विधानसभाओं में टीम जन-संपर्क चलाएगी. जन-संपर्क अभियान के तहत राहुल गांधी के पांच न्याय और पचीस गारंटी को लेकर जनता के साथ सीधा संवाद किया जाएगा. इस दौरान कांग्रेस उम्मीदवार के पक्ष में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की जाएगी.

### आरसीबी के स्वपनिल सिंह ने की पूजा

**रांची ।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाड़ी स्वपनिल सिंह ने सोमवार को हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में पूजा-अर्चना कर खाटू नरेश से मंगल प्रार्थना की. श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से अंगवस्त्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया. पूजा एवं प्रसाद ग्रहण करने के बाद वे मंदिर से निकले. मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया एवं अन्य पदधारियों ने बताया कि स्वपनिल श्री श्याम मित्र मंडल के सदस्य मनोहर केडिया के दामाद हैं.

### वयस्कों को लगेगा बीसीजी का टीका

**रांची।** टीबी से बचाव को लेकर राज्य में वयस्क लोगों को भी टीका लगाया जाएगा. 18 से अधिक आयु वर्ग के लोगों को एडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन का डोज दिया जाएगा. रांची जिला से इसकी शुरुआत जून से होगी. यह फेजवाइज लगाया जाएगा. पहले जिनको जरूरत होगी, उन्हें लगाया जाएगा. एएनएम और सहिया के माध्यम से संक्रमितों और संभावितों की पहचान होगी. उन्हें टीका लगाया जाएगा. इसके बाद 60 साल से अधिक आयु वर्ग के लोगों को टीका लगाया जाएगा. रांची के सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने बताया कि कोरोना संक्रमण काल में जैसे फेजवाइज टीकाकरण किया गया था,उसी तर्ज पर एडल्ट बीसीजी भी फेजवाइज लगाया जाएगा. टीक निःशुल्क लगाया जाएगा. इसको लेकर रांची में हुईकार्यशाला में सभी एमओआईसी, बीपीएम, बीडीएम, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, जिला आरसीएच पदाधिकारी, डीडीएम,डीपीसी और टीबी स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे.

### विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण

**रांची ।** योगदा सत्संग कॉलेज के कंप्यूटर एप्लीकेशन (बीसीए) विभाग के सत्र 2021-24 के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने सोमवार को औद्योगिक भ्रमण किया. विद्यार्थियों ने ब्राइट कोड सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड का भ्रमण किया. इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योग संचालन में व्यावहारिक अंतर्दृष्टि प्रदान करना और अकादमिक शिक्षा और वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों के बीच अंतर को पूरा करना था. विभागाध्यक्ष प्रो जयंती कुमारी ने बताया कि इसमें 38 विद्यार्थियों ने भाग लिया है और आईटी उद्योग की कार्य संस्कृति को समझा. इस दौरान लाइव प्रोजेक्ट की कार्य प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया, जो विद्यार्थियों के लिए आईटी क्षेत्र के नवीनतम रुझान को समझने में सहायक था. कंपनी के निदेशक धनेश्वर महतो ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया. छात्र दल के साथ प्रो अभिषेक कुमार विश्वकर्मा, प्रो पार्थ सारथी चट्टराज, प्रो खुशबू कुमारी व शिक्षकगण मौजूद थे.

**रांची लोकसभा सीट :** जेबीकेएसएस प्रत्याशी देवेंद्र महतो से किस राजनीतिक दल को होगा फायदा और किसे झेलना पड़ेगा नुकसान

# सरना, ईसाई और मुस्लिम मतदाता की भूमिका निर्णायक

**कौशल आनंद।रांची**

इस बार रांची लोकसभा की आबो हवा 2019 के आम चुनाव से भिन्न नजर आ रही है. पिछली बार भाजपा से टिकट कटने के बाद नाराज चल रहे रामटहल चौधरी बतौर निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे थे, मगर वे अधिक कुछ प्रभाव नहीं डाल सके. वहीं इस बार कुर्मी जाति से आनेवाले झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति के देवेंद्र नाथ महतो के चुनाव मैदान में रहने के कारण बड़े खेल की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता.

वोट कास्ट डेटा के अनुसार, पूरे रांची लोकसभा में 17 प्रतिशत यानी 3,64,847 लाख कुर्मी वोटर हैं. विभिन्न कुर्मी नेताओं और खुद देवेंद्र नाथ महतो से भी बातचीत के बाद दावा किया जा रहा है कि देवेंद्र को दो लाख से अधित वोट आने जा रहा है. अगर पोलिंग टर्न आउट की बात करें, तो रांची में करीब 65 फीसदी वोटिंग हुई है. इस हिसाब से कुर्मी वोटर का टर्न आउट करीब 2,37,150 होता है. अगर कुर्मी नेताओं को दावे को कम करके भी आकें, तब भी देवेंद्र नाथ महतो को पड़े वोट भाजपा की टेंशन बढ़ा सकते हैं. क्योंकि अब तक कुरमी भाजपा के वोटर माने जाते रहे हैं. चुनाव आयोग के डेटा के अनुसार, कुर्मी बहुल विधानसभा क्षेत्र सिल्ली व ईचागढ़ में सबसे अधिक वोटिंग हुई है. सिल्ली में 74.45 फीसदी व ईचागढ़ में 77.09 फीसदी वोटिंग हुई है.



### ऐसे समझें, किसे नुकसान और किसे हो सकता है फायदा

**संभावना :** वोट कास्ट के अनुसार आकलन किया जाए, तो मुस्लिम, ईसाई व सरना वोटरों का कुछ मतदान प्रतिशत इधर-इधर भी हुआ, तो पांच लाख वोट कांग्रेस के खाते में जाता दिखाई दे रहा है. वहीं कुरमी वोटों में सेंधमारी करने में अगर देवेंद्र नाथ महतो कामयाब होते हैं, तो इसका नुकसान सीधे तौर पर भाजपा को होता दिख रहा है. पिछली बार राष्ट्रवाद के मुद्दे पर चुनाव हुआ था, जिसमें ईसाई वोटरों को छोड़ कर सरना और कुछ मुस्लिम वोट भी भाजपा की तरफ शिफ्ट हुए थे. मगर इस बार के चुनाव का दृश्य पिछले चुनाव से अलग दिखाई दे रहा है.

### 14.42 % मुस्लिम, 5.69 % ईसाई और 35.7 % सरना वोटर हैं लोस क्षेत्र में

इस बार के लोकसभा चुनाव में सरना, ईसाई व मुस्लिम वोटरों का रूझान कांग्रेस की ओर देखने को मिला है. वोट कास्ट आंकड़ों को मानें, तो रांची लोकसभा में मुस्लिम मतदाता 3,51,879 (16.42%), सरना आदिवासी 7,65,047 (35.7%) और ईसाई वोटर 1,22,150 (5.69%) हैं. इनमें 65 प्रतिशत वोटिंग के हिसाब से सरना आदिवासी का अनुमानित वोट कास्ट 4,97,280 रहा. वहीं, 2,28,721 मुस्लिम व 79,397 इसाई वोटरों ने वोटिंग की.

### 2024 के अनुमानित जातिगत वोट पैटर्न

| जाति | परसेंटेज | वोटर्स |
|---|---|---|
| एसटी | 35.70% | 7,65,047 |
| मुस्लिम | 16.42% | 3,51,879 |
| ईसाई | 05.99% | 1,22,150 |
| एससी | 05.22% | 1,11,864 |
| सिख | 00.16% | 3,428 |
| राजपूत | 04.0% | 85,719 |
| कुर्मी | 17.0% | 3,64,847 |
| बनिया | 10.0% | 2,10,000 |
| जैन | 00.08% | 1,714 |
| बौद्ध | 00.03% | 642 |
| अन्य | 05.00% | 1,25,701 |

### 2024 में किस विधानसभा में पड़े कितने वोट

| विधानसभा | वोट पड़े | वोट % |
|---|---|---|
| ईचागढ़ | 2,21,354 | 77.09 |
| सिल्ली | 1,65,163 | 74.45 |
| खिजरी | 2,53,887 | 69.67 |
| रांची | 1,97,826 | 54.83 |
| हटिया | 3,00,112 | 60.09 |
| कांके | 2,97,943 | 64.25 |
| कुल | 14,36,285 | 65.36 |

राजनीति में प्रवेश के साथ ही झामुमो की स्टार प्रचारक बन गईं हेमंत की पत्नी

# हेमंत की कमी पाटने में कल्पना सफल

- हेमंत के जेल जाने, सीता सोरेन के भाजपा में शामिल होने के बाद पार्टी को एक राज्य स्तरीय स्टार प्रचारक की तलाश थी
- पार्टी के कई सीनियर व दिग्गज नेताओं के बीच खुद को साबित करना कल्पना सोरेन के लिए आसान नहीं था, मगर पार्टी-परिवार के निर्णय पर खरा उतरीं
- फिलहाल कल्पना सहित इंडिया गठबंधन का कुनबा संथाल परगना शिफ्ट हुआ, जहां बहा रहा है पसीना

**कौशल आनंद।रांची**

लोकसभा चुनाव के ठीक पहले तत्कालीन सीएम हेमंत सोरेन को जेल जाना पड़ा. शिबू सोरेन बीमार चल रहे हैं. बसंत सोरेन स्टेट लेवल के नेता बन नहीं बन पाए थे. बीच चुनाव में शिबू सोरेन परिवार की बड़ी बहू सीता सोरेन ने भाजपा ज्वाइन कर लिया. खुद कल्पना सोरेन गांडेय सीट से विधानसभा चुनाव लड़ने जा रही थीं. इन कठिन परिस्थितियों में पूरी पार्टी में एक बड़े कद के प्रचारक की अचानक कमी हो गयी. हालांकि पार्टी के पास पुराने मंझे हुए नेता और मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन थे, मगर पार्टी को एक ऐसे चेहरे की जरूरत थी, जो सोरेन परिवार से हो. झंझावतों के बीच आखिरकार पार्टी ने एक चेहरा ढूंढ़ लिया. न केवल पार्टी एवं परिवार ने कल्पना सोरेन को चुनावी समर में उतारा, बल्कि उन्हें पूरे राज्य में पार्टी का एक बड़ा चेहरा एवं कद्दवार नेता के रूप में पेश किया. कल्पना सोरेन ने भी निराश नहीं किया. सोरेन परिवार के गांव नेमरा से कल्पना की राजनीति में लांचिंग हुई. इसके बाद कल्पना सोरेन ने न्याय उलगुलान महारैली आयोजित कर खुद के चयन को सही साबित किया. इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़ कर नहीं देखा.



### इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के लिए कर रहीं धुआंधार प्रचार, प्रत्याशी पीछे- कल्पना रहीं फ्रंट लाइनर

पूरे चुनाव अभियान में कल्पना सोरेन बड़े-बड़े पार्टी के दिग्गज और धुरंधर यहां तक कि कांग्रेस और माले प्रत्याशी की भी खेवनहार बन कर उभरीं. न केवल अपने विधानसभा सीट को खुद संभाला, पहली बार चुनावी समर में उतरी कल्पना ने अपनी नैया खुद ही पार लगाने की ठान ली. गांडेय के साथ-साथ कल्पना पूरे इंडिया गठबंधन प्रत्याशियों के लिए धुआंधार प्रचार में जुट गयीं, जो 30 मई तक जारी रहेगा. पूरे चुनावी अभियान के दौरान कल्पना ने हर लोस सीट पर तीन से चार चुनावी सभा को संबोधित किया. प्रमुख राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ मंच भी शेयर किया. कल्पना के चुनावी सभा के फोटो को गौर से आकलन किया जाए तो स्पष्ट हो गया कि मंच पर कल्पना फ्रंट लाइनर रहीं और प्रत्याशी उनके पीछे खड़े रहे. अपने सारे सीनियर नेता और प्रत्याशियों का हाथ अपने हाथ में लेकर वोट देने की अपील की. जिसमें पूर्व मंत्री जोबा मांझी, मथुरा महतो, नलिन सोरेन, प्रदीप यादव, विनोद सिंह, समीर मोहंती, केएन त्रिपाठी, विजय हांसदा, सुबोधकांत सहाय आदि प्रमुख रहें. यह सारे कल्पना के आगे सीनियर नेताओं में सूमार रहे हैं. इन्हें सम्मान देने में ये सीनियर नेता भी नहीं चुके, मंच पर कल्पना को ही फ्रंट लाइनर रखने में पूरी मदद की. फिलहाल कल्पना सहित पूरे इंडिया गठबंधन का कूनबा संथाल शिफ्ट ओ चुका है. खुद बसंत सोरेन दुमका में शुरू से ही कैंप किए हुए हैं.

### क्या विस चुनाव के लिए झामुमो का हो गया पिच तैयार, जेल से बाहर आने के बाद हेमंत किस भूमिका में रहेंगे

लोकसभा चुनाव देश का बड़ा चुनाव होता है. मगर इस चुनाव में जिस प्रकार से कल्पना को पार्टी ने प्रोजेक्ट किया है उसमें अभी तक वह खरी उतरीं. उनका स्पीच भी बहुत अक्रामक है. वे अपने स्पीच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ-साथ, पूरे भाजपा को काऊंटर करने में सफल रहीं है. शायद भाजपा को भी इसका अनुमान नहीं होगा कि हेमंत के जेल जाने के बाद झामुमो की ओर कोई ऐसा नेता बचा होगा जो फ्रंट लाइनर की भूमिका में हो. यही सोच कर भाजपा ने अपने रणनीति के तहत सोरेन परिवार में बड़ी सेंधमारी करके सीता सोरेन को अपने पाले में ले गयी. मगर सीता सोरेन पूरे चुनावी समर में केवल दुमका तक ही सीमित रहीं. अब एक जून को चुनाव समाप्त हो जाएगा. किसे, कितनी सीट मिलती है, वह भी सामने आ जाएगा. मगर एनडीए को सीटिंग 12 सीट में से चार-पांच सीट का भी नुकसान होता है तो इसका श्रेय निश्चित रूप से कल्पना सोरेन को जाना तय है. लोस चुनाव के बाद ठीक पांच महीने बाद झारखंड विधानसभा का चुनाव है. हो सकता है कि हेमंत सोरेन जेल से बाहर भी आएं. अगर झामुमो के रणनीति के हिसाब से देखें तो विधानसभा चुनाव का पिच तैयार हो चुका है. तो सवाल अब उठने लगा है कि जेल से बाहर आने और विधानसभा चुनाव के बाद हेमंत और कल्पना किस रोल में होंगे. इस पर अब पूरे राज्य की नजरें टिक गयी हैं.

# पीएम का अपमान देश के हर व्यक्ति का अपमान है: भाजपा

डोरंडा थाने में प्राथमिकी दर्ज करने को दिया आवेदन

**संवाददाता।रांची**

भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश के संयोजक सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल डोरंडा थाना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अभद्र भाषा का प्रयोग सार्वजनिक स्थल पर करने के लिए अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए सोमवार को आवेदन दिया है. यह आवेदन भाजपा के युवा नेता रोहित शारदा ने दिया है. प्रदेश संयोजक श्रीवास्तव ने कहा कि यह सिर्फ भाजपा के कार्यकर्ताओं का अपमान नहीं है बल्कि इस देश में रहने वाले हर व्यक्ति का अपमान है क्योंकि प्रधानमंत्री पूरे देश का होता है ना कि किसी पार्टी का. इस अवसर पर शिकायतकर्ता भाजपा के युवा नेता रोहित शारदा ने कहा कि हमारे क्षेत्र में हमारे प्रधानमंत्री को अभद्र भाषा का प्रयोग कोई करता है तो यह हमारे लिए बहुत शर्म का विषय है और ऐसे अपराधी को अविलंब पकड़ कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए. उन्होंने बताया कि एक वीडियो में प्रधानमंत्री के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है. यह वीडियो डोरंडा के तुलसी चौक के पास का प्रतीत होता है. इस संबंध में डोरंडा थाना प्रभारी ने बताया कि पूरे आवेदन मिला है. पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है.

# भाजपा दलित, पिछड़ा, आदिवासी अल्पसंख्यक विरोधी पार्टी : राजद

**संवाददाता।रांची**

झारखंड प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने भारतीय जनता पार्टी को दलित, पिछड़ा, आदिवासी एवं अल्पसंख्यक विरोधी बताया है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने आप को ओबीसी समाज का होने का दावा करते हैं. केंद्र में 10 वर्षो से मोदी सरकार सत्तासीन हैं, लेकिन इस दौरान देश के करीब 85 फीसदी बहुसंख्यक वर्ग एसटी, एससी, ओबीसी, माइनॉरिटी को



एक भी सरकारी नौकरी नहीं मिल सकी और न हीं किसी विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को आरक्षण का लाभ मिला है.

# सोरोज बार और स्काईस्केप बार की जांच करने का आदेश

युवा कांग्रेस महासचिव रोहित सिन्हा ने की थी शिकायत

**संवाददाता।रांची**

कडरू स्थित सोरोज बार एवं लाइन टैंक रोड स्थित स्काईस्केप बार के संचालकों द्वारा मनमाने तरीके और नियमों की अनदेखी कर बार के संचालन की शिकायत को मुख्यमंत्री सचिवालय ने गंभीरता से लिया है. इस संबंध में मुख्यमंत्री सचिवालय ने दोनों बार के संचालन की जांच को लेकर उत्पाद उपायुक्त को पत्र अग्रसारित किया है.

मुख्यमंत्री सचिवालय से निर्देश दिया गया है कि दोनों बार के मामले की जांच एक सप्ताह में कर सूचना दी जाए, ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके. इस संबंध में उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखंड सरकार के उपायुक्त उत्पाद, मुख्यालय ने पत्रांक संख्या 01/विविध (बार जांच) 26-14/2024 के माध्यम से सहायक उत्पाद आयुक्त,रांची से बार अनुज्ञप्तिधारी इकाई के विरुद्ध प्राप्त परिवाद के आलोक में जांच रिपोर्ट की मांग की है. पत्र में कहा गया है कि शिकायतकर्ता द्वारा दिए



गए आवेदन पर आपके द्वारा विभाग को जांच प्रतिवेदन अब तक उपलब्ध नहीं कराया गया है. पत्र में कहा गया है कि वर्णित तथ्यों के आलोक में आवश्यक जांच कर जांच प्रतिवेदन एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराया जाए ताकि इस संबंध में अग्रेतर निर्णय लिया जा सके. ज्ञात हो कि रांची जिला युवा कांग्रेस के महासचिव रोहित सिन्हा ने 3 मई को दोनों बार संचालकों के खिलाफ मनमानी करने और नियमों का उल्लंघन कर बार संचालन करने की शिकायत की थी. रोहित सिन्हा ने इस संदर्भ में राज्यपाल, मुख्यमंत्री सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौपा था.

### मासिक धर्म स्वच्छता कार्यक्रम का शुभारंभ

**रांची।** राज्य के सभी जिलों में मंगलवार को विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस का आयोजन किया जाएगा. इसका आयोजन किशोरियों में माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरुकता लाने के लिए किया जाएगा. राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आज से शुरू होकर गुरुवार तक चलेगा. राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के राज्य नोडल पदाधिकारी, डॉ आरएन शर्मा ने सभी जिलों के सिविल सर्जन को इस बाबत निर्देश जारी किया है. उन्होंने कहा है कि विद्यालयों में गर्मी छुट्टी चल रही है. इसे देखते हुए मंगलवार से गुरुवार तक प्रत्येक स्वास्थ्य उपकेन्द्र, सभी युवा मैत्री केन्द्र, एडोलसेंट फ्रेंडली क्लबों में आउटरीच सेशन के माध्यम से किशोरियों को माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाए. किशोरियों को पंपलेट, पोस्टर, बैनर आदि के माध्यम से माहवारी स्वच्छता के विषय में जानकारी दी जाए. डॉ शर्मा ने बताया कि ऑउटरीच सेशन के दौरान ब्लॉक ट्रेनिंग टीम (बीटीटी) द्वारा किशोरियों को माहवारी स्वच्छता से सेहत की सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी.

# पंडरा बाजार समिति स्थित मतगणना स्थल का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**संवाददाता।रांची**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने सोमवार को पंडरा बाजार समिति रांची स्थित मतगणना स्थल का निरीक्षण किया. इस दौरान, अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची उत्कर्ष कुमार, वरीय नोडल पदाधिकारी ईवीएम कोषांग सह उप समाहर्ता भूमि सुधार सदर मुकेश कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी बिवेक कुमार सुमन, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल रांची, इलेक्शन एजेंट एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे.

डीसी ने सम्बंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश का पालन हर हाल में होना चाहिए. इस कार्य में जुड़े पदाधिकारी यह सुनिश्चित रखें की तय मानकों को पालन हो। उन्होंने कहा की मतगणना कर्मियों के लिए भी सारी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित रूप से रहे इसको लेकर तमाम तैयारी ससमय पूरी कर लें.



### स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही


उपायुक्त ने निरीक्षण के क्रम में ब्रजगृह की सुरक्षा व्यवस्था का मूल्यांकन करते हुए कहा कि स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहे, सुरक्षा में कोई चूक या लापरवाही नहीं रहें. 24×7 सुरक्षा व्यवस्था रहे, यह सुनिश्चित करें. किसी भी अवांछित व्यक्ति का प्रवेश मतगणना स्थल पर ना हो इसपर विशेष ध्यान रखें.

### फायर सेफ्टी व एंबुलेंस व्यवस्था रखने के निर्देश

डीसी ने निरीक्षण के क्रम में संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मतगणना स्थल पर चिकित्सा व्यवस्था, एम्बुलेंस व्यवस्था, फायर सेफ्टी व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रहे, ताकि किसी भी स्थिति में अव्यवस्था ना हो. मतगणना स्थल पर बिजली व्यवस्था, साफ सफाई, पेय जल की व्यवस्था, पदाधिकारियों के बैठने की समुचित व्यवस्था कराने का निर्देश सम्बंधित पदाधिकारी को दिया गया.

### डॉ. शैलेश सलाहकार समिति के सदस्य बने

**रांची ।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ शैलेश चट्टोपाध्याय को केन्द्रीय रेशम उत्पादन, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (बहरामपुर, पश्चिम बंगाल) की शोध



सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है. डॉ चट्टोपाध्याय बीएयू के वानिकी संकाय में फारेस्ट बायोलॉजी एवं वृक्ष सुधार विभाग के प्रोफेसर-सह-मुख्य वैज्ञानिक और विभागाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं. केन्द्रीय सिल्क बोर्ड के तहत कार्यरत इस संस्थान की शोध सलाहकार समिति का कार्यकाल तीन वर्षों का होगा. हर छह माह में इसकी बैठक दो दिनों के लिए संस्थान परिसर में होगी. समिति संस्थान और इसकी सम्बद्ध इकाइयों की अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों की समीक्षा करेगी. अधिदेशित क्षेत्रों में फील्ड और उद्योग की समस्याओं से निबटने के लिए आवश्यक दिशानिर्देश प्रदान करेगी. शोध परियोजनाओं की प्राथमिकता तय करना भी समिति के कार्यक्षेत्र में शामिल है. समिति हितधारकों के लिए गुणवत्तायुक्त सिल्क उत्पादन के उद्देश्य से पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं के निष्कर्षों के प्रयोग के तौर-तरीके भी बताएगी.

**रहें सावधान** 28 से 30 मई तक उत्तर-पूर्वी और 31 मई को राज्य के पूर्वी भागों में हो सकती है बारिश

# झारखंड में आज से दो जून तक बारिश की संभावना, अलर्ट जारी

**प्रमुख संवाददाता।रांची**

मौसम केंद्र, रांची ने एक बार फिर 28 मई से दो जून तक बारिश की संभावना जताई है. केंद्र के अनुसार, बारिश होने से राज्य के कई जिलों में गर्मी से राहत मिलेगी. 28 से 30 मई तक राज्य के उत्तर-पूर्वी भागों में आंधी के साथ वज्रपात की भी संभावना जताई गई है.

इसका असर देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज जिलों में देखने को मिलेगा. इसको लेकर अलर्ट भी जारी किया गया है. वहीं 31 मई को राज्य के पूर्वी भागों में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है.



इसका प्रभाव साहिबगंज, पाकुड़, गोड्डा, दुमका जिले में देखने को मिलेगा. एक व दो जून को राज्य में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है.

**आंधी और वज्रपात की संभावना :** राज्य के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में 28 मई को तेज हवा चल सकती है. इस दौरान हवा की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा हो सकती है. इसका असर देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज जिलों में देखने को मिलेगा. मौसम केंद्र के अनुसार राज्य में अगले 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है. इसके बाद अगले तीन से चार दिनों में धीरे-धीरे तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की संभावना है.

### खास बातें

- आंधी के साथ वज्रपात होने की भी संभावना
- बारिश होने से राज्य के कई जिलों में गर्मी से राहत मिलेगी

### रांची से कोलकाता जाने वाली सभी फ्लाइट रद्द

कोलकाता में चक्रवाती परिस्थितियों के कारण रांची से कोलकाता जाने वाली सभी उड़ान को रद्द कर दिया गया है. साथ ही वाराणसी से कोलकाता जाने वाली फ्लाइट को रांची की ओर मोड़ दिया गया है. कोलकाता में भारी बारिश के कारण दिन भर के लिए रद्द कर दी गई है.

### धनबाद में दिखा चक्रवात का असर, छाये रहे बादल

बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवाती तूफान 'रेमल' का असर झारखंड के धनबाद जिले में देखने को मिला है. सोमवार को आसमान में बादल छाये रहे. वहीं तेज हवा भी चली. इसके कारण मौसम सुहाना बना रहा. हालांकि मंगलवार से तापमान में वृद्धि हो सकती है. फिर 31 मई से मौसम में बदलाव की आशंका है.

# राजधानी में शराब की बिक्री में एमआरपी से अधिक वसूली

**संवाददाता।रांची**

राजधानी में शराब बिक्री में एमआरपी से अधिक वसूली एक बार फिर तेज है. हर दिन अवैध तरीके से शराब दुकानदार करोड़ों रुपए की वसूली कर रहे हैं. यह समस्या हर दिन है, हर जगह है. उत्पाद सचिव मुकेश कुमार की सख्ती का असर चंद दिन ही रहा.अब शराब दुकानदारों ने उत्पाद सचिव के दावे को ठेंगा दिखाना शुरू कर दिया है. ये दुकानदार पूरे हक से अधिक रुपये मांगते हैं. उन्हें कार्रवाई का कोई भय नहीं. अगर कोई उन्हें एमआरपी से अधिक रुपये लेने से रोकने की कोशिश करता है, टोकता है तो दुकानदार उस ग्राहक से ऐसे व्यवहार



करते हैं, जैसे उसने कोई जुर्म कर दिया हो. दुकानदार पूरे हक से दस रुपये लेकर 40 रुपए तक की अवैध वसूली कर रहे हैं. शराब के शौकीन किसी तरह दुकानदार को उसकी मनमानी कीमत देकर शराब खरीद रहे हैं. राज्य में शराब बिक्री में एमआरपी से 50 लाख रुपये अधिक की वसूली हो रही है.

## ब्रीफ खबरें

### मास कम्युनिकेशन विभाग को मिला वेंडिंग मशीन

**रांची ।** रांची विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन को सोमवार को सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन दी गई. आरयू को यह मशीन जेसोवा की ओर से जेसोवा की ओर से दी गई. इस अवसर पर डॉ नमिता सिंह, निक्की टोप्पो, मनु झा, स्टेफी टेरेसा मुर्मू व अन्य सदस्य मौजूद थीं. डॉ नमिता ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला स्वास्थ्य दिवस 28 मई को है. इसके एक दिन पूर्व विभाग को वेंडिंग मशीन देकर प्रसन्नता हो रही है. इससे महिलाओं और छात्राओं को सहूलियत होगी. मौके पर विभाग के निदेशक प्रो बीपी सिन्हा,पीएस तिवारी, आरजे वैभवी आदि उपस्थित थीं.

### रिफ्रेशमेंट भुगतान के लिए अनुमति जरुरी

**रांची ।** रांची विश्वविद्यालय के तृतीय, चतुर्थ वर्गीय कर्मियों और ड्राइवरों को कार्यवधि से अधिक काम करने पर मिलनेवाला रिफ्रेशमेंट अब बिना पूर्व अनुमति के बिना नहीं दिया जाएगा. इसे लेकर कर्मचारियों में असंतोष है. उनका कहना है कि अक्सर उन्हें कार्यालय अवधि के बाद भी काम करना पड़ता है, ऐसे में इस व्यवस्था से परेशानी होगी. विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से सोमवार को कार्यालय आदेश जारी किया गया. इसके तहत कार्यालय अवधि सुबह 10:30 बजे से शाम 5 बजे तक है.

### मधु प्रिया स्मारक अंडर 14 क्रिकेट का आगाज

**रांची ।** मधु प्रिया स्मारक अंडर 14 क्रिकेट का सोमवार को आगाज हुआ. अरुणोदय क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि अर्चित आनंद, सेल के जीएम अनुप सिन्हा, आयोजन सचिव व पूर्व रणजी खिलाड़ी अरुण विद्यार्थी और शिराज वजिल ने किया. प्रतियोगिता के सभी मुकाबले पुराने विधानसभा मैदान में खेले जायेंगे. इस प्रतियोगिता में 10 टीमों ने भाग लिया है. अरुण विद्यार्थी ने बताया कि यह प्रतियोगिता आरडीसीए के नियम के तहत होगी.

### 31 को रांची में राज्य स्तरीय कुश्ती चयन

**रांची ।** अमान (जॉर्डन) में आयोजित अंडर-17 सब जूनियर एशियन कुश्ती चैंपियनशिप-2024 के लिए भारतीय टीम का चयन किया जा रहा है. 31 मई को रांची के मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में अंडर 17 सब जूनियर झारखंड राज्य स्तरीय कुश्ती चयन ट्रायल का आयोजन किया गया है. इसमें बेहतर प्रर्दशन करने वाले खिलाड़ी सात जून को दिल्ली में भारतीय कुश्ती टीम के चयन में झारखंड की ओर से भाग लेंगे. 31 मई के ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ी के पास पासपोर्ट होना अनिवार्य है.

### यूनियन क्लब में समर कैंप का हुआ शुभारंभ

**राची ।** यूनियन क्लब एंड लाइब्रेरी में सोमवार को निशुल्क समर कैंप का आयोजन शुरू हुआ. इसका आयोजन यूनियन क्लब एवं स्पोर्ट्स योगा एसोसिएशन ऑफ झारखंड के द्वारा शुरू हुआ. यह समर कैंप 2 जून तक चलेगा. जिसका समय प्रातः 6:30 बजे से 7:15 बजे तक है. इस समर कैंप में सभी आयु वर्ग के छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं. समर कैंप में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को समापन समारोह में प्रमाण पत्र दिया जाएगा. समर कैंप का उद्घाटन यूनियन क्लब के सचिव सेतांका सेन, शुशांता भट्टा के द्वारा किया गया.

### बाइबल क्लास में पहले दिन बच्चों ने मस्ती की, संत फ्रांसिस चर्च कोकर में 89 बच्चे शामिल हुए

# अवकाशकालीन बाइबल पाठशाला में 439 बच्चे शामिल

**संवाददाता । रांची**

मसीही बच्चों के लिए अवकाशकालीन बाईबल पाठशाला सोमवार से शुरू किया गया. संत फ्रांसिस चर्च कोकर में 89 बच्चे और बेथेसदा बालिका उच्च विद्यालय में 350 बच्चों ने हिस्सा लिया. कुल 439 बच्चों ने भाग लिया. सात दिनी बाईबल क्लास के पहले दिन बच्चों ने खूब मस्ती की.

बिशप और पुरोहितों ने परमेश्वर गीत से कार्यक्रम शुरू किया. अवकाशकालीन बाईबल पाठशाला के शुभारंभ में मुख्य अतिथि पुरोहित एसपी लुगुन उपस्थित हुए. उन्होंने परमेश्वर आराधना से कार्यक्रम शुरू किया. अपने संदेश में कहा कि पहला योहाना संसार और उसकी अभिलाषाएं दोनों मिटते जाते हैं. जो परमेश्रर की इच्छा से चलता है, वह





सर्वदा बना रहता है.

सचिव लिनस कुजुर ने बताया कि अवकाशकालीन पाठशाला में एक से लेकर दसवीं के विद्यार्थी भाग लिये. दो जून को अवकाशकालीन पाठशाला का समापन होगा. पहले दिन जुबला मंडली, रिम्स नयाटोली, करम टोली मंडली व कोकर मंडली के बच्चे शामिल हुए. दो दिन बाद बच्चों के बीच सोलो सांग, पेंटिग्स और बाईबल क्वीज समेत अन्य प्रतियोगिता शुरू होगा.

मौके पर एनोस कंडुलना, श्रष्टि लुगुन, पुष्पलता सराफा, अंकित कच्छप, नवनीत मुंडु समेत अन्य मौजूद थे. दूसरी ओर बेथेसदा बालिका उच्च विद्यालय में अवकाशकालीन बाईबल पाठशालाशुरू हुआ. बताया कि मसीही बच्चों में शारीरिक, मानसिक और आत्मिक ज्ञान का उन्नति हो, इसके लिए अवकाशकालीन बाईबल पाठशाला शुरू किया गया है. पहले दिन 350 बच्चों ने भाग लिया. मॉडरेटर बंगला के पास सभी बच्चे इकट्ठा हुए. वहां से पैदल मार्च शुरू किया गया. शिक्षकों और बच्चों ने परमेश्वर आराधना करते हुए बालिका उच्च विद्यालय पहुंचे. मुख्य अतिथि जीईएल चर्च के बिशप सीमांत तिर्की, पादरी अभिषण बागे, लोलिन दॉग, मिडियन सुरीन व प्रवीण टोपनो मौजूद थे. बिशप ने बच्चों को संदेश दिया. कहा कि परमेश्वर ने तुम्हें बनाया है. कल्पनाएं तुम्हारे लिए करता है. वे हानि कभी नहीं पहुंचाते हैं. बल्कि कुशल और प्रसिद्ध बनाते हैं. तुम्हारी इच्छा को पूरा करते हैं. परमेश्वर हमारे लिए योजना बनाता है. ताकि हम योग्य बन सकें. मौके पर समीर सांगा, उज्ज्वल दॉग, नूपुर भेंगरा, निलेश लकड़ा, अंश, अभिषेक व सागर समेत कई लोग मौजूद थे.

### पीएमश्री में स्किल डेवलपमेंट पर होगा विशेष फोकस

# रांची के कुल 145 स्कूल पीएमश्री के योग्य पाये गये

**संवाददाता । रांची**

रांची जिले के पीएमश्री (प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया) स्कूल के लिए आवेदनों की स्क्रूटनी हो गई. जिले के 145 स्कूलों को पीएमश्री के योग्य पाया गया है. बता दें कि भारत सरकार की ओर से जिले के 396 स्कूलों को बेंचमार्क माना गया था. झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची की ओर से आवेदनों की स्क्रूटनी की गई थी. इसके बाद 145 स्कूलों को 70 प्रतिशत से अधिक अंक दिए गए. इन्हें पीएमश्री स्कूल का दर्जा देने की अहर्ता पूरा करने के योग्य माना गया. अब इन स्कूलों की सूची केंद्र सरकार के पोर्टल पर अपलोड की जाएगी. जिसके बाद केंद्र की ओर से पीएमश्री स्कूल का दर्ज देने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी.

झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची के पदाधिकारी प्रताप कुमार ने बताया कि यू डायस कोड के आधार पर केंद्र की ओर से पीएमश्री स्कूलों को चुना गया था.

चुने गए स्कूलों को केंद्र के तय बेंचमार्क के अनुसार सत्यापित करना था, जिसमें अंक दिए जाते हैं. बताया जाता है कि इसके कई फायदे होंगे. इस योजना के तहत स्कूलों को ग्रीन स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां शिक्षा में पर्यावरण की अनुकूलता का ध्यान रखा जाएगा. ऐसे भी पर्यावरण को लेकर पूरी दुनिया सजग है. वहीं आधुनिक शिक्षा पद्धति के साथ अनुभवी शिक्षा प्रदान की जाएगी. जिसमें स्किल डेवलपमेंट पर फोकस किया जाएगा. ताकि पढ़ाई के बाद रोजगार का रास्ता निकल सके. छोटे बच्चों के लिए खेल-खिलौने के माध्यम से व्यावहारिक और गुणात्मक शिक्षा की व्यवस्था होगी. इससे उनमें सृजनशीलता बढ़ेगी. पीएमश्री स्कूलों की मॉनिटरिंग की भी व्यवस्था होगी. इसमें राज्य व केंद्र स्तर पर इन स्कूलों की जांच होगी. बता दें कि 2022 में भारत सरकार ने पीएमश्री स्कूल योजना शुरू की थी. इसके तहत प्रत्येक प्रखंड में पहली से आठवीं तक एक और एक हाईस्कूल का चयन किया जाना है. पहले चरण में रांची के 20 स्कूलों को इसके लिए चुना गया था. पीएमश्री स्कूलों को मॉडल स्कूल में परिवर्तित किया जाना है, जिससे कि स्कूलों में क्वालिटी एजुकेशन मिल सके. इसके तहत आधुनिक सुविधाएं, स्मार्ट क्लासरूम, स्किल डेवलपमेंट, प्रौद्योगिकी की सभी सुविधाओं के साथ बच्चों को शिक्षा प्रदान की जाएगी. इसके लिए केंद्र से अलग बजट का प्रावधान भी है.



### सीबीएसई की सप्लीमेंट्री परीक्षा जुलाई में होगी

**रांची ।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) एक परीक्षा के बाद दूसरी परीक्षा की तैयारी में जुट जाती है. इसी के तहत बोर्ड 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम जारी करने और कॉपी पुनर्मूल्यांकन की तिथि जारी करने के बाद अब कंपार्टमेंट/सप्लीमेंट्री परीक्षा की तैयारी में जोरशोर से जुट गयी है. सीबीएसई की गाइडलाइन के अनुसार परीक्षा जुलाई में होगी. इस बार परीक्षा के पैटर्न में कुछ बदलाव किए गए हैं. इसके अनुसार इस बार तीन ग्रुप सप्लीमेंट्री परीक्षा के लिए योग्य हैं. जो विद्यार्थी 10वीं कक्षा में दो विषयों में फेल हुए हैं और जो 12वीं के एक विषय में फेल हैं, वे कंपार्टमेंटल परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं. साथ ही, वे छात्र जिन्हें छठे या सातवें विषय के साथ उत्तीर्ण घोषित किया गया था और जिन्होंने अपना परफॉर्मेंस बढ़ाने की मांग की थी, वे सभी कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं. इसमें भी 10वीं में दो और 12वीं में एक विषय के साथ में परफॉर्मेंस बढ़ाने की मांग करनेवाले योग्य होंगे. विद्यार्थी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.cbse.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं. हालांकि, अभी परीक्षा की तिथि की घोषणा नहीं की गई है. शिक्षकों के अनुसार 15 जुलाई से परीक्षा शुरू हो सकती है.

### नाजिम इंग्लिश काउंटी लीग में दिखाएंगे जौहर

**रांची ।** झारखंड रणजी ट्रॉफी के बल्लेबाज नाजिम सिद्दीकी इस बार इंग्लिश काउंटी लीग में प्लाईमाउथ क्लब में अपना जौहर दिखलाएंगे.



सोनेट क्रिकेट क्लब में प्रैक्टिस करने वाले नाजिम इंग्लैंड के लिए रवाना हो गए हैं. उनके कोच शिव प्रकाश गौतम और आसिफ ने बताया कि वह जल्दी ही टीम के साथ जुड़ेंगे. नाजिम सिद्दीकी पिछले साल भी काउंटी में अपना जौहर दिखा चुके हैं. उनकी इस उपलब्धि पर क्लब के चंचल भट्टाचार्य सहित सभी खिलाड़ियों ने उनको बधाई और शुभकामना दी है.

### झारखंड टिंबर एसोसिएशन की नई समिति का गठन

**रांची।** झारखंड टिंबर ट्रेडर्स एसोसिएशन के सत्र 2024-26 के लिए सोमवार को नयी समिति का चयन किया गया. लालपुर स्थित एक निजी होटल में आयोजित द्विवार्षिक आमसभा में समिति का चयन हुआ. इसमें सर्वसम्मति से छगन लाल पटेल को अध्यक्ष चुना गया. वहीं, अन्य पदाधिकारियों में प्रदीप कुमार मोदी उपाध्यक्ष, रमेश कुमार पटेल सचिव, तेजविंदर सिंह सह सचिव व प्रमोद कुमार अग्रवाल कोषाध्यक्ष चुने गए. इसके अलावा कार्यकारिणी समिति में अरुण कुमार जाजोदिया, प्रवीण कुमार अग्रवाल, विनोद कुमार जैन, नगेंद्र नाथ मौर्य, विनोद कुमार पटेल, सुमीत पोद्दार, प्रकाश कुमार गुप्ता, अतीक अहमद और शुभम अग्रवाल को शामिल किया गया.

## न्यूज अपडेट

### झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस एसएन पाठक ने महादेव मंदिर में सपरिवार पूजा-अर्चना की



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के जज जस्टिस एसएन पाठक ने रांची के चुटिया स्थित सुरेश्वर महादेव मंदिर में सपरिवार पूजा अर्चना की. इससे पहले एसएन पाठक के मंदिर पहुंचने पर मंदिर के मुख्य पुजारी सच्चिदानंद पाठक ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया. वहीं मंदिर समिति की ओर से जस्टिस एसएन पाठक और उनकी पत्नी को सम्मानित भी किया गया. मंदिर समिति के अध्यक्ष ने शॉल ओढ़ाया और प्रतीक चिन्ह (मोमेंटो) भेंट किया. मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष सुरेश साहू, संतोष कुमार, कृष्णा साहू, नरेंद्र साहू, नंदु ठाकुर, दशरथ सिंह, रंजीत राम, रोहित सिंह, रामशरण विश्कर्मा, राहुल सुमित, संजू सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे.

### देवराज उरांव मेमोरियल वुडबॉल प्रतियोगिता संपन्न



**रांची ।** सोमवार को रांची के जयपाल सिंह स्टेडियम में रांची जिला वुडबॉल संघ की ओर से एकदिवसीय स्वः देवराज उरांव मेमोरियल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया. इस प्रतियोगिता में इंडीविजुवल टूर्नामेंट में 30 वुडबॉल खिलाड़ियों ने भाग लिया. मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय पिठौरिया बाडू कि संचालिका बीके राजमती एवं झारखंड राज्य वुडबॉल संघ के अध्यक्ष राज कुमार पोद्दार उपस्थित थे. इसमें बालक वर्ग में बंटी टोप्पो प्रथम, राजू पोग द्वितीय और शुभम कुमार शर्मा ने तृतीय स्थान हासिल किया.

### डीएवी गांधीनगर में समर कैंप का समापन हुआ



**रांची।** डीएवी गांधीनगर में 15 दिवसीय समर कैंप का समापन हुआ. समर कैंप के दौरान छात्रों को विभिन्न खेलों का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण शिविर में कबड्डी, खो-खो, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो, कराटे, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, वुडबॉल आदि खेलों में छात्रों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया. मुख्य प्रशिक्षक गोविंद झा, कौशल कुमार और स्वाति शिप्रा ने सभी खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया. शिविर में खिलाड़ियों को खासकर फिटनेस, स्किल ट्रेनिंग, एकाग्रता और संयम विकसित करने के बारे में जानकारी दी गई. स्कूल के प्राचार्य एसके सिन्हा ने छात्रों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया.

### भारतीय एकता कमेटी ने गरीबों में बांटे कपड़े



**रांची ।** भारतीय एकता कमेटी के अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा की ओर से सोमवार को गेतलसूद अनगड़ा में गरीब जरूरतमंदों के बीच तीन बैग कपड़े बांटे गये. उन्होंने कहा कि गरीबों की मदद करने से बेहतर और कोई कार्य नहीं है.

### केसी राय में फ्री ईएनटी डायग्नोस्टिक चेकअप कैंप



**रांची ।** एक्स स्टूडेंट्स एसोसिएशन ऑफ एलईबीबी हाईस्कूल की ओर से केसी राय अस्पताल में रविवार को एक फ्री ईएनटी डायग्नोस्टिक चेकअप कैंप का आयोजन किया गया. कैंप में दिल्ली के सर गंगाराम हॉस्पिटल के वरीय ईएनटी माइक्रो सर्जन डॉ आशीष कुमार लाहिरी ने मरीजों की निःशुल्क जांच की और आवश्यक सलाह दी. करीब 80 लोग इस कैंप से लाभान्वित हुए. कैंप की मुख्य अतिथि संगीतकार, साहित्यकार व समाज सेवी रिंकू बैनर्जी थीं. जिन्होंने फीता काटकर इस सेवाकार्य का उद्घाटन किया. डॉ सुबीर पाल, डॉ बीएन बैनर्जी, डॉ जीडी बैनर्जी, डॉ बासु, एसोसिएशन के अध्यक्ष देवाशिष सेनगुप्ता, सचिव सौभिक भट्टाचार्य, हिमांशु बोस, प्रदीप घोष, श्वातांक सेन, अमिताभ, देबु गागुंली, सत्यजित, सिद्धार्थ, तापस रंजन, संजीव, विश्वतोष, आबीर, आलोक आदि का सराहनीय योगदान रहा.

### रांची विवि के पीजी वाणिज्य विभाग का भवन जर्जर



**रांची ।** रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत मोरहाबादी स्थित पीजी वाणिज्य विभाग का भवन जर्जर हो चुका है. इसे लेकर अभिषेक शुक्ला की अध्यक्षता में सोमवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन सचिवालय को मांग पत्र सौंपा. जिसमें नए भवन निर्माण की मांग की गई. अभिषेक शुक्ला ने बताया कि विभाग के भवन की स्थिति वर्ष 2017 से ही दयनीय है. आए दिन यहां किसी न किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है. छात्र-छात्राएं, शिक्षक और कर्मचारियों को अपनी जान का जोखिम बना रहता है. बरसात के दिनों में यहां घुटने तक जलजमाव हो जाता है.

### डीएवी स्कूल बरियातू में कल से दो जून तक रामकथा

**रांची ।** डीएवी पब्लिक स्कूल, बरियातू में आर्य ज्ञान प्रचार समिति और सीनियर सिटीजन होम की ओर से पांच दिवसीय रामकथा का आयोजन किया जा रहा है. संगीतमयी रामकथा 29 मई से दो जून तक चलेगी. प्रतिदिन सुबह आठ से साढ़े नौ बजे तक हवन, भजन और प्रवचन होगा.

## रॉकमैन प्रीमियर लीग : स्मैशर्स और टाइटंस ने जीते मुकाबले



**संवाददाता । रांची**

रांची के धुर्वा स्थित शाखा मैदान में आयोजित रॉकमैन प्रीमियर लीग (आरपीएल) के आठवें दिन सोमवार को स्मैशर्स और टाइटंस ने अपने मुकाबले जीत कर पूरे अंक अर्जित किये. आरपीएल के मैच नंबर 15 में स्मैशर्स और सुपर जायंट्स के बीच मुकाबला हुआ. जिसमें स्मैशर्स ने 94 रन से बड़ी जीत दर्ज की. स्मैशर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 213 रन बनाये. टीम की ओर से कुमार सौरभ ने 60 गेंदों में 124 रन की शानदार पारी खेली. वहीं राहुल ने 54 रन का योगदान दिया. सुपर जायंट्स की ओर से गेंदबाजी में आकाश सिंह ने 2 विकेट लिये. दूसरी पारी में लक्ष्य का पीछा करते हुए सुपर जायंट्स की टीम 119 रन बनाकर ढेर हो गयी. स्मैशर्स कीओर से रागिनी कुमारी ने सर्वाधिक 3 विकेट लिये. वहीं सुपर जायंट्स कि ओर से रोहित यादव ने 28 रन और बसंत कुमार ने 23 रन बनाये. आरपीएल के मैच नंबर 16 टाइटन्स और सनराइजर्स के बीच खेला गया. जिसमें टाइटंस ने 19 रनों से मुकाबले को जीता. टाइटंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 175 रन बनाये. टीम की ओर से युवराज सिंह ने 58 गेंदों में 107 रनों की नाबाद पारी खेली. सनराइजर्स की ओर से अंजली यादव और अंकित कुमार ने 2-2 विकेट लिये. लक्ष्य का पीछा करने उतरी सनराइजर्स की टीम निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 156 रन ही बना सकी.

### झारखंड उर्दू अकादमी का शीघ्र हो गठनः महासचिव

**रांची ।** जमशेदपुर के बंगबंधु संगठन द्वारा 15 मई को आयोजित एक कार्यक्रम में झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने बंगभाषियों को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया था. इसी अवसर पर झामुमो के महासचिव व प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने अपने संबोधन में कहा था कि झारखंड में बंगला अकादमी का शीघ्र गठन होगा. बांग्ला अकादमी बने लेकिन उससे पहले झारखंड उर्दू अकादमी का शीघ्र गठन होना चाहिये. क्योंकि लाखों उर्दू भाषी झारखंड के गठन के बाद से ही यह मांग करते आ रहे हैं. विशेषकर अंजुमन बक्रा ए अदब रांची रजि. के महासचिव नसीर अफसर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल द्वारा राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं मंत्री को उर्दू अकादमी के शीघ्र गठन के लिये मांगपत्र सौंपते रहे हैं. लेकिन दहाइयों से लंबित इस जायज़ मांग को अब तक पूरी नहीं की जा सकी है. इस संबंध में नसीर अफसर ने दलीलें पेश करते हुये कहा है कि झारखंड राज्य बिहार से अलग हुआ. जहां उर्दू अकादमी कार्यरत है. झारखंड के साथ ही छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड का भी गठन हुआ.

## हॉकी रांची लीग : पुरुष वर्ग में सिनी खूंटी व रेलवे की टीम जीती



**संवाददाता । रांची**

हॉकी झारखंड के तत्वावधान में 20 अप्रैल से 2 जून तक आयोजित फर्स्ट हॉकी रांची लीग महिला एवं पुरुष वर्ग के मुकाबले खेले जा रहे हैं. सोमवार को मुकाबले के 24वें दिन पुरुष वर्ग के दो मैच खेले गए.

पहला मैच सिनी खूंटी और हुनहुन्दू ब्रदर के बीच खेला गया. जिसमें सिनी खूंटी ने हुनहुन्दू ब्रदर को 5-1 मात दी. सिनी खूंटी की ओर से 9वें मिनट में स्वेटशील लकड़ा 37वें, 46वें मिनट में संजय डांग, 56वें मिनट में बंधन टोपनो एवं 60वें मिनट में बिराज टोपनो ने गोल किया. हुनहुन्दू ब्रदर की ओर से 14वें मिनट में आमरण भेंगरा ने अपने टीम के लिए एक गोल किया. दूसरा मुकाबला रेलवे और इंडोर हॉकी के बीच खेला गया. जिसमें रेलवे ने इंडोर हॉकी को 5-1 से पराजित किया. रेलवे की ओर से तीसरे, 48वें एवं 51वें मिनट में प्रकाश ने तीन वहीं 11वें एवं 54वें मिनट में अमरजीत एक्का ने दो गोल दागे. वहीं इंडोर हॉकी की ओर से 16वें मिनट में मतियास कंडुलना ने आपने टीम के लिए एक गोल किया.

आयोजन को सफल बनाने में हॉकी रांची के माइकल लाल, जयन्त केरकेट्टा, असरिता लकड़ा, मनोज प्रधान, करुणा पूर्ति, नोमिता टोप्पो, नीतू कुमारी, प्रमोद केरकेट्टा, डेनिस केरकेट्टा व अभिषेक साहू उपस्थित थे.

**चिकित्सा**

### दवाएं भी हॉस्पिटल में पहुंच चुकी हैं, जल्द ही डॉक्टरों की भी नियुक्ति की जाएगी

# सदर अस्पताल में मरीजों को जल्द मिलेगा हर्बल ट्रीटमेंट

**बढ़ेगी सुविधा**

- सुपर स्पेशियलिटी में हर्बल ट्रीटमेंट जल्द शुरू हो जाएगा
- सदर में होम्योपैथी क्लिनिक की शुरुआत भी हो चुकी है

**संवाददाता । रांची**



सदर अस्पताल में मरीजों को बेहतर सुविधा मुहैया कराने के लिए कई कदम उठाये जा रहे हैं. अब मरीजों को हर्बल ट्रीटमेंट की सुविधा देने की तैयारी की जा रही है. दवाएं भी हॉस्पिटल में पहुंच चुकी हैं. जल्द ही डॉक्टरों की भी नियुक्ति की जाएगी. इसके बाद सुपर स्पेशियलिटी सदर हॉस्पिटल में मरीजों का हर्बल ट्रीटमेंट शुरू हो जाएगा. वहीं इलाज कराने वाले मरीजों के पास सदर में एलोपैथी, होम्योपैथी के बाद हर्बल ट्रीटमेंट का भी ऑप्शन होगा. बता दें कि सरकार ने हर्बल ट्रीटमेंट को भी मान्यता दे दी है. इससे सरकारी हॉस्पिटल में मरीजों का हर्बल ट्रीटमेंट हो सकेगा. हॉस्पिटल में सुविधाएं बढ़ने से मरीजों की संख्या भी बढ़ती जा रही हैं. इसका अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है कि ओपीडी में हर दिन पहुंचने वाले मरीजों की संख्या एक हजार के पार पहुंच गई है. अब हर्बल ट्रीटमेंट शुरू हो जाने से और ज्यादा मरीज इलाज के लिए पहुंचेंगे. सदर में होम्योपैथी क्लिनिक की शुरुआत हो चुकी है. वहां डॉक्टर भी ओपीडी के समय मरीजों को देख रहे हैं. हालांकि दवाएं मरीजों को बाहर से खरीदनी पड़ रही है. लेकिन कंसल्टेशन के लिए डॉक्टर हर दिन उपलब्ध हैं.

रजिस्ट्रेशन कराकर कोई भी मरीज डॉक्टर से सलाह ले सकता है. ऐसी सुविधा शुरू करने वाला सदर हॉस्पिटल पहला सरकारी हॉस्पिटल है. सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने बताया कि दवाएं पहुंच चुकी हैं. आचार संहिता खत्म होते ही डॉक्टर की नियुक्त कर ली जाएगी. इसके बाद ओपीडी में मरीज हर्बल के डॉक्टर से भी इलाज करा सकेंगे. फिलहाल मरीजों को एलोपैथी और होम्योपैथी की सुविधा मिल रही है. होम्योपैथी की दवाएं भी जल्द हॉस्पिटल में उपलब्ध करा दी जाएगी. जिससे कि मरीज अपनी इच्छानुसार इलाज करा सकेंगे. हमारा उद्देश्य है कि मरीजों को एक ही छत के नीचे सारी सुविधाएं मिल सके. साथ ही सदर हॉस्पिटल रांची को देश का बेहतर हॉस्पिटल बनाना है. इसके लिए पुरजोर तैयारी की जा रही है. सरकार का उद्देश्य मरीजों को बेहतर सुविधा देना है.

### मेडिकल सुविधा को लेकर जागरूकता जरुरीः डॉ शुभम

**रांची।** विश्वभर में 27 मई को इमरजेंसी मेडिसन डे मनाया जाता है. इमरजेंसी फिजिशियन डॉ शुभम शेखर ने बताया कि इमरजेंसी मेडिसन डे मनाने का उद्देश्य दुनिया भर के नागरिकों, रोगियों, स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों और संस्थानों को इमरजेंसी मेडिकल फैसिलिटी के बारे में सोचने और बात करने के लिए प्रेरित करना , ताकि मरीजों का इमरजेंसी में सही इलाज हो सके. इलाज के दौरान मरने वाले मरीजों की संख्या को कम किया जा सके. इन सभी चीजों को लेकर जागरूक किया जाता है. डॉ शुभम शेखर ने इमरजेंसी मेडिसन डे पर इमरजेंसी मेडिकल फैसिलिटी की आवश्यकता के संबंध में जागरूक किया जाता है.



# आज से एफएलएन पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला

**संवाददाता । रांची**

- कार्यशाला में शिक्षा के क्षेत्र में योगदान दे रहे नौ सामाजिक संस्थाओं के 235 प्रतिनिधि शामिल होंगे

झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद एफएलएन पर ट्रेनिंग को लेकर गंभीर है. इसके तहत परिषद मंगलवार से प्रोजेक्ट इंपैक्ट और एफएलएन पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कर रही है.

कार्यशाला में शिक्षा के क्षेत्र में योगदान दे रहे नौ सामाजिक संस्थाओं के 235 प्रतिनिधि शामिल होंगे. दो बैच में प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा. पहला बैच 28-29 मई और दूसरा बैच 30-31 मई तक चलेगा. इन सत्रों में प्रोजेक्ट इंपैक्ट के अंतर्गत स्कूलों के शैक्षिक वातावरण से संबंधित विषय का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा. वहीं संस्थाओं द्वारा समर्थित स्कूलों में आगामी छह माह में एफएलएन का अनुपालन कराने संबंधित विषयों पर जोर दिया जाएगा.

कार्यक्रम के राज्य पदाधिकारी अभिनव कुमार ने बताया कि अगले छह माह में राज्य के तीन हजार स्कूलों में मूलभूत साक्षरता व संख्यात्मकता का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा. सामाजिक संस्था के प्रतिनिधियों को विशेष प्रशिक्षण देकर कार्यक्रम के एकीकृत परिणाम के लक्ष्यों को हासिल करना जरूरी है. कार्यक्रम का उद्देश्य प्राथमिक कक्षाओं में पढ़ाई करनेवाले बच्चों के भीतर पढ़ने की प्रवीणता और अंकगणितीय कौशल विकसित करना है.

### किसी भवन को बने चार साल, तो किसी को पांच से सात साल हो गये, इस्तेमाल तो दूर आज तक उद्घाटन भी नहीं हो पाया

# सरकारी खजाने से करोड़ों खर्च कर किया गया था निर्माण, आज बेकार पड़े हैं भवन

**राज्य के कई जिलों में करोड़ों की लागत से सरकारी मद से भवनों का निर्माण करा दिया गया. इन भवनों को आमलोगों के हितों का ध्यान रख कर बनाया गया था. छात्रावास, सरकारी कार्यालय, स्वास्थ्य केंद्र, आईटीआई कॉलेज, सामुदायिक मार्केट आदि के निर्माण के नाम पर सरकारी खजाने से करोड़ों खर्च कर दिये गये. किसी भवन को बने हुए चार साल, तो किसी को पांच से सात साल हो गये, मगर उपयोगिता के अभाव में ये भवन आज भी बेकार पड़े-पड़े धूल फांक रहे हैं. कई भवन ऐसे हैं, जिनके निर्माण के पांच-छह साल बाद भी उद्घाटन नहीं हो पाया है. बेकार पड़े सरकारी भवनों पर पढ़ें आज की रिपोर्ट...**

## हजारीबाग: 40 करोड़ की लागत से बने कई भवन, न उद्घाटन, न इस्तेमाल

प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग

जिले में लगभग 40 करोड़ रुपये की लागत से बनाए गए भवनों का इस्तेमाल नहीं हो रहा है. कुछ भवन को जिला परिषद ने बनवाया है, तो कुछ को बिल्डिंग डिविजन ने. वहीं, बोंगा में आईटीआई कॉलेज, झुमरा में अंचल कार्यालय, कुम्हार टोली में छात्रावास, दारू में स्वास्थ्य केंद्र, सिलवार में पॉलिटेक्निक इंजीनियरिंग कॉलेज आज भी उद्घाटन का इंतजार कर रहा है.

इन भवनों को बनाने में तकरीबन 40 करोड़ रुपये सरकारी खजाने से खर्च हुए थे. उद्देश्य यह था कि छात्रावास बनने से छात्रों को लाभ होगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं. इस बारे में हमने भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता अमित कुमार से उनके मोबाइल पर बात करने की कोशिश की, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका. फिर डिवीजन के प्रधान लिपिक सुनील कुमार से बात की, तो उन्होंने बताया कि जिन भवनों का उद्घाटन नहीं होने की बात कही जा रही है, उनमें से कुछ को मुख्य डिवीजन ने, तो कुछ को सर्किल डिवीजन ने बनवाया है. सर्किल डिवीजन ने जिन भवनों को बनाया था, उसे संबंधित विभाग को भवन हैंडओवर कर दिये गये हैं. अब उन भवनों का इस्तेमाल क्यों नहीं हो रहा है, इसकी उन्हें जानकारी नहीं है.



*ईचाक प्रखंड के बोंगा में ढाई करोड़ की लागत से बना आईटीआई कॉलेज.*



*दारू प्रखंड में ढाई करोड़ की राशि से बना स्वास्थ्य केंद्र.*



*कुम्हार टोली में दो करोड़ की राशि से बना छात्रावास.*



*झुमरा में 25 करोड़ की लागत से बना अंचल कार्यालय.*

## 22 लाख में बना था सब्जी मार्केट, आज भी वीरान

लातेहार



धर्मपुर मोड़ के पास खाली पड़ा सब्जी मार्केट.

आशीष टैगोर। लातेहार

वर्ष 2016-17 में नगर पंचायत ने शहर के धर्मपुर मोड़ के पास सदर अस्पताल के सामने एक सब्जी मार्केट का निर्माण कराया था. इस पर 22 लाख रुपये का खर्च आया था. ये दुकान फुटपाथ दुकानदारों व सब्जी-फल बेचने वालों को मिलने थे. 13 अगस्त 2017 को नगर पंचायत अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल ने इस सब्जी मार्केट का उद्घाटन किया था. लेकिन, सात साल बाद भी सब्जी व फल दुकानदारों को यहां जगह उपलब्ध नहीं करायी जा सकी.

जानकार बताते हैं कि इस सब्जी मार्केट का डिजाइन ही गलत बनाया गया था. किसी भी एंगल से यह सब्जी मार्केट नहीं लगता है. इसे सब्जी मार्केट की बजाय गोदाम कहा जा सकता है. यहां न तो रौशनी की पर्याप्त व्यवस्था है, ना ही पर्याप्त जगह. अगर सब्जी विक्रेता और खरीददारों की संख्या अधिक हो जाए, तो घुटन से यहां सांस लेना भी मुश्किल हो जायेगा. लोगों का कहना है कि सब्जी मार्केट को चारों ओर से खुला रहना चाहिए. यही कारण है कि यहां कोई भी सब्जी या फल दुकानदार आना नहीं चाहते हैं. दुकानदारों का कहना है कि वहां बैठ कर सब्जी बेचना बहुत ही मुश्किल का काम है. हालांकि, इस सब्जी मार्केट भवन को हस्तशिल्प मेला के लिए कई बार किराये पर अवश्य दिया गया है.

## ब्रीफ खबरें

### हफुआ में शिव मंडा पूजा की तैयारी पूरी

**पिपरवार।** पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के हफुआ में आज लगने वाले शिव मंडा पूजा सह मेला आयोजन की तैयारी पूरी कर ली गई है. बताते चलें कि मंगलवार को शाम चार बजे घोलटनिया, पांच बजे पाला पानी,सात बजे लापर भांजी कार्यक्रम रात्रि आठ बजे फूल खूंदी और रात्रि दस बजे से नागपुरी ऑर्केस्ट्रा सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा.बुधवार सुबह सात बजे बनस झूलन कार्यक्रम होगा. शिव मंडा पूजा सह मेला में आसपास के पांच हज़ार से भी ज्यादा ग्रामीण शामिल होंगे.

### पानी टंकी की फ्रेम जर्जर दुर्घटना की बनी आशंका

**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली प्रखंड के लोसेरा गांव के जाम टोली में मौजूद एक मात्र जलापूर्ति योजना की पानी टंकी लोगों के लिए खतरे की घंटी बजा रहा है. दो हजार लीटर क्षमता वाली टंकी जिस फ्रेम पर टिकी है वह जंग लगकर जर्जर हो चुका है. लोग लकड़ी लगाकर सहारा देकर काम चला रहे है. इस टंकी पर पानी लेने के लिए प्रतिदिन भीड़ लगी रहती है. टंकी के नीचे पानी भरते कभी भी लकड़ी के सहारे वाली पाइप टूटी तो जान जाने का भी खतरा है. ग्रामीणों ने इसकी सूचना विभाग और पंचायत के मुखिया को दी है.

### आरटीसी इंस्टीट्यूट को एनएएसी ने दी मान्यता

**ओरमांझी।** आरटीसी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने एनएएसी मान्यता अर्जित की.आरटीसी प्रौद्योगिकी संस्थान को सभी जेयूटी संबद्ध इंजीनियरिंग कॉलेजों के बीच उच्चतम सीजीपीए के साथ राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद ( नैक ) बी ग्रेड मिला है. यह जानकारी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एन हरि बाबू ने दी. वहीं अध्यक्ष रामटहल चौधरी, निदेशक ए.पी. सिंह और प्रबंध निदेशक सुमित राज ने खुशी व्यक्त की है.

# 18 लाख की अफीम के साथ तस्कर धराया

संवाददाता। बुंडू

बुंडू-सोनाहातू मार्ग पर ताऊ मोड़ के निकट बुंडू पुलिस ने साढ़े तीन किलो अफीम के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया. बुंडू थाना प्रभारी पंकज भूषण के अनुसार गिरफ्तार आरोपी हजारीबाग जिला के बड़कागांव थाना क्षेत्र के सिमरातरी गांव का रहनेवाला है. उसके पास से नकद 40 हजार, एक डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन एवं एक मोबाइल जब्त किया गया है. थाना प्रभारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल के निर्देश पर रविवार को दिन लगभग दो बजे ताऊ मोड़ के निकट पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया. इसी दौरान पुलिस को देख हुमटा की ओर से आता एक युवक पीछे मुड़ भागने लगा. युवक को पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ा. तलाशी के क्रम में उसके बैग से अफीम जैसा पदार्थ बरामद हुआ. गिरफ्तार युवक सिंटू कुमार ने पुलिस को बताया कि उसके चाचा के साला का बुंडू के डमारी गांव में ससुराल है. वह वहां से अफीम खरीद हजारीबाग में ऊंचे दाम पर बेचता था. छापेमारी दल में बुंडू नगर पंचायत प्रशासक शुभम पोद्दार, थाना प्रभारी पंकज भूषण, एसआइ आतिश कुमार सहित सशस्त्र बल शामिल थे.



**खास बातें**

- तस्कर के पास से 40,400 रुपये नकद भी बरामद हुए
- हजारीबाग के बड़कागांव क्षेत्र का रहनेवाला है तस्कर

### झोले में रखे 20 हजार रुपये लेकर उचक्के फरार

**मांडर।** बैंक से पैसा निकालकर घर आ रहे करगे निवासी आदित्य साहू का झोला छिनकर अपराधी फरार हो गये. घटना के बारे में मिली जानकारी के अनुसार मांडर थाना गेट के निकट स्थित काली किराना दुकान के समीप से सोमवार को अपराधी करगे निवासी आदित्य साहू के झोला में रखे 20 हजार रुपये लेकर फरार हो गये . घटना पूर्वाह्न करीब 12 बजे की है. बताया जा रहा है कि आदित्य साहू पंजाब नेशनल बैंक की मांडर बाजार टांड़ स्थित शाखा से सोमवार को 49 हजार रुपये निकाले थे. 49 हजार रुपये में से 10 हजार रुपये उन्होंने बाजार स्थित किसान सेंटर को दिया था. बड़े नोट को पॉकेट में तथा 20 हजार रुपये थैले में रखे थे.

### बुजुर्ग से डेढ़ लाख रुपये की छिनतई, जांच में जुटी पुलिस

**नामकुम।** सदाबहार चौक स्थित बैंक ऑफ इंडिया की शाखा से पैसा लेकर निकले बुजुर्ग से पल्सर बाइक सवार दो अपराधियों ने डेढ़ लाख की छिनतई कर ली. भुक्तभोगी जॉन लकड़ा नामकुम इलाके के पलाण्डू के रहने वाले हैं एवं रेलवे में स्टेशन मास्टर के पद से सेवानिवृत्त हैं. जानकारी के अनुसार घर निर्माण के लिए बैंक से डेढ़ लाख रुपए निकालकर थैला में लेकर घर लौट रहे थे. बैंक से कुछ दूर पैदल जाने के क्रम में काला पल्सर बाइक सवार दो अपराधी पहुंचे एवं हाथ से थैला छीन कर नामकुम बाजार की ओर फरार हो गए. घटना के बाद पहुंची पुलिस ने जांच की. डीएसपी मुख्यालय प्रथम अमर कुमार पांडेय भी जांच करने मौके पर पहुंचे.

### पशुपालक ने विधायक से की मुआवजे की मांग

**राहे।** प्रखंड के कई किसानों से विधायक सुदेश महतों ने मुलाकात की. इस दौरान पशुपालक ने 22 मई को ठनका गिरने से छह भैंसों की मौत होने की सूचना दी.पशुपालक ने विधायक से मुआबजा दिलाने की मांग की. विधायक सुदेश महतो ने राहे सीओ मनोज महथा से बात कर मुआवजा प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा. पशुपालक को आश्वस्त किया कि सरकारी स्तर पर मिलने वाला मुआवजा जल्द दिलाया जायेगा. इस दौरान उनके साथ आजसू के कई नेता भी साथ थे.

## जंगल में गये मुखिया के बड़े पिता को हाथी ने कुचला,मौत

- सारंडा जंगल के दीघा पंचायत के बिटकिलसोय गांव का है मामला

संवाददाता। किरीबुरु

सारंडा के नक्सल प्रभावित दीघा पंचायत के मुखिया इग्नेश बारला के वृद्ध बडे.पिता निश्तर बारला ( 75 वर्ष ) को जंगली हाथी ने हमला कर मौत के घाट उतारा. यह घटना 27 मई की रात लगभग नौ बजे के आसपास की बताई जा रही है. घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि निश्तर बारला अपनी पत्नी के साथ बिटकिलसोय गांव से नवागांव जाने वाला रास्ते के जंगल में किसी कार्य से गये थे, तभी घने जंगल से एक हाथी निकलकर पहले निश्तर बारला की पत्नी पर हमला किया.निश्तर बारला ने अपनी पत्नी को हाथी से बचाने के लिए आगे आ गया. हाथी ने निश्तर पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया. घटना की खबर पाकर ग्रामीणों के साथ वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंच मृतक का शव को कब्जे में लिया है.

## सांस्कृतिक कार्यक्रम का देर रात तक लोगों ने लिया आनंद

संवाददाता। इटकी

तिलकसूती गांव में मंडा पूजा के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में देररात तक लोग झुमे. 21 पड़ाहा मंडा पूजा समिति के तत्वावधान में रविवार रात आयोजित नागपुरी गीतों का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में पायल म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों के गीतों पर रात पर झूमते थिरकते रहे ग्रामीण. पायल म्यूजिकल ग्रुप के पूनम खलखो, बरखा बड़ाईक, ख़ुर्शी महली, सहित अन्य कलाकारों ने आधुनिक गीतों की प्रस्तुति दी . वहीं राजेश गोप, रुक्मणि देवी, रामकिशुन सिंह के द्वारा झूमर, डमकच जैसे ठेठ नागपुरी गीतों ने खूब वाहवाही बटोरी. युवक युवतियां झुंड बनाकर रात भर झूमते थिरकते हुए मनोरंजन करते रहे . बीच बीच में फिल्मी, भोजपुरी गीतों के धुन पर डांसर माही और मोहिनी ने नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को खूब रिझाया. कार्यक्रम का उद्घाटन ज़िप सदस्य रीना देवी, कुल्ली के पूर्व मुखिया मंजीत लकड़ा ने फीता काट कर किया.

### सड़क पर बनी नाली जाम, पसरी गंदगी

**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली मेन रोड से शौंडिक भवन होते हुए मोमिन टोला जाने वाली सड़क पर बनी नाली काफी दिनों से जाम है. इस कारण सड़क और मुहल्ले में गंदगी पसरी हुई है. ड्रेनेज सिस्टम फेल हो गया है. इससे जल जमाव भी हो जाता है. थोड़ी सी भी बारिश के बाद स्थिति नारकीय हो जाती है. ज्ञात हो कि लोगों की मांग पर पानी की समुचित निकासी के लिए नाली का निर्माण किया गया था, लेकिन साल भर के बाद ही लोगों ने नालियों को अपने - अपने स्वार्थ के लिए जाम के दिया. इस कारण यह समस्या हुई है.

## दहकते अंगारे पर नंगे पांव चल दिखायी आस्था

संवाददाता। रातू

प्रखंड के तारूप गांव में सोमवार को झूलन के साथ दो दिवसीय मंडा पूजा का समापन हो गया. इससे पहले रविवार की रात फूलखूंदी का आयोजन हुआ. यहां भोक्ताओं ने दहकते अंगारों पर नंगे पांव चल आस्था का परिचय दिया. सोमवार को झूलन का आयोजन किया गया. इस दौरान ईश्वर से अच्छी बारिश की कामना की गयी. मौके पर जतरा का भी आयोजन किया गया. जतरा में आये बच्चों ने झूले एवं मिठाई का लुत्फ उठाया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से हटिया विधायक नवीन जायसवाल एवं समाजसेवी महेश महतो शामिल हुए. आयोजन को सफल बनाने में चंद्रनाथ महतो, मिथिलेश कुमार, प्रशांत महतो, विष्णु कुमार, महेश लोहारा, महेंद्र महतो, संदीप कुमार, मधु महतो, उमेश महतो, रंथू महतो आदि ने सराहनीय भूमिका निभायी.



## डायन बिसाही के आरोप में महिला की हत्या

संवाददाता। हजारीबाग

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अमृत नगर स्थित करवे खुर्द में बीती देर रात को परिवार के ही आधा दर्जन से अधिक लोगों ने डायन बिसाही का आरोप लगाकर 45 वर्षीय महिला बसंती देवी की पीट-पीटकर हत्या कर दी. आरोपियों ने साक्ष्य छुपाने के लिए महिला का शव घर के आंगन में बने कुएं में फेंक दिया. इसके बाद घर के ही एक व्यक्ति ने घटना की जानकारी करवे कला पंचायत के मुखिया दिनेश कुमार को दी. स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतका का अपनी गोतनी, बहू व देवर से विवाद चल रहा था. बहू रेणु देवी प्रसव कराने के लिए अस्पताल गई थी, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. इसके बाद घर के लोग बसंती देवी पर डायन बिसाही का आरोप लगाने लगे. इस संबंध में पुलिस ने आधा दर्जन से ज्यादा महिला व पुरुषों के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

**खास बातें**

- साक्ष्य छुपाने के लिए आंगन में बने कुएं में शव को फेंका
- आधा दर्जन से ज्यादा लोगों पर केस दर्ज, तीन गिरफ्तार

### परिवार में चल रहा था विवाद

मुखिया दिनेश सिंह ने बताया कि महिला के परिवार में एक महीने से डायन बिसाही को लेकर विवाद चल रहा था. इसको लेकर कई बार इन लोगों को समझाया भी गया था. मामले में पुलिस ने तीन महिला रीता देवी, सविता देवी व इंजरी देवी को गिरफ्तार किया गया है. वहीं, अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है.

### मजदूरों की हालत जस की तस, अवैध कारोबार करनेवाले हो रहे मालामाल

# पीटीआर बना केंदु पत्ता के अवैध कारोबार का अड्डा

आशीष टैगोर। लातेहार

सरकार व प्रशासन के लाख चाहने के बाद भी पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) क्षेत्र केंदु पत्ता की अवैध तुड़ाई पर अकुंश नहीं लग पा रहा है. प्रति वर्ष वन विभाग के द्वारा केंदु पत्ता की अवैध तुड़ाई रोकने के लिए छापेमारी एवं अन्य कार्रवाई की जाती है, बावजूद इसके इस धंधे में लगे कारोबारी बाज नहीं आते हैं और प्रत्येक वर्ष केंदु पत्तों की अवैध तुड़ाई कर करोड़ों कमाते हैं. इस अवैध कमाई में सफेदपोश व उग्रवादी संगठनों का भी हिस्सा होता है. बिना उग्रवादी संगठनों की अनुमति के अवैध कारोबारी जंगलों में प्रवेश नहीं कर सकते हैं. बता दें कि केंदु पत्ता का उपयोग बीड़ी निर्माण में होता है.



### वन्यजीवों के जीवन व जंगल के आस्तित्व पर खतरा

वन विभाग का मानना है कि पीटीआर में किसी भी प्रकार की गतिविधि या व्यापार को छूट देने का मतलब है पीटीआर क्षेत्र में निवास कर रहे वन्य जीवों के जीवन और जंगल के अस्तित्व पर खतरा हो सकता है. ऐसे कारोबारी या जंगल में केंदु पत्ता तोड़ने वाले मजदूर जंगल में निवास करने वाले जीवों का शिकार कर सकते हैं या फिर उन्हें नुकसान पहुंचा सकते हैं. जंगल का शांत वातावरण अशांत हो सकता है. इससे वन जीव विचलित हो सकते हैं और किसी को नुकसान भी पहुंचा सकते हैं.

### कई इलाकों में अवैध रूप से बने हैं खलिहान

पीटीआर के मंगरदहा, शिवचरण टोला, हेहेगढ़ा, कुमांडीह आदि इलाकों में अवैध रूप से खलिहान लगाने की सूचना है. हालांकि अवैध केंदु पत्ता की तुड़ाई में लगे मजदूर इस अवैध कारोबार की सूचना वन विभाग या पुलिस को देने से कतराते हैं. वर्षों से केंदु पत्ता की तोड़ाई करने वाले मजदूरों की हालत जस की तस है. केंदु पत्ता की तुड़ाई के एवज में इन मजदूरों को प्रति बैग 105 से 120 रुपये तक मजदूरी मिलती है. अलबत्ता इस धंधे मे संलिप्त कारोबारी अवश्य मालामाल हो गये हैं.

### 2005 में नक्सलियों ने उड़ा दिया था स्कूल, बाद में मनोहरपुर में स्थानांतरण

# थोलकोबाद के बच्चों का नहीं हो रहा नामांकन

किरीबुरु। शैलेश सिंह

सारंडा जंगल स्थित थोलकोबाद गांव कभी नक्सलियों की राजधानी कही जाती थी. इस गांव के नाम पर अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय, थोलकोबाद कैंप, मनोहरपुर खोला गया. लेकिन इसे विडंबना ही कहा जा सकता है थोलकोबाद गांव के बच्चों का ही नामांकन उक्त विद्यालय में नहीं हो रहा है. इससे ग्रामीणों में आक्रोश है.

**85 बच्चे पढ़ते थे स्कूल में :** वर्ष 2005 से पूर्व थोलकोबाद स्थित अनुसूचित जनजाति आवासीय कैंप विद्यालय में लगभग 85 बच्चे पढ़ते थे. वर्ष 2001 में सारंडा में नक्सलियों का आगमन एवं उनके द्वारा थोलकोबाद को अपना मुख्यालय बनाने के बाद से ही मानो इस गांव को किसी की नजर लग गई. इसके बाद पुलिस व नक्सलियों के बीच सह-मात का खेल प्रारंभ हुआ. पुलिस नक्सलियों की खोज में जाती, तो थोलकोबाद के इसी विद्यालय में अपना आशियाना बनाती. इससे नाराज नक्सलियों ने वर्ष 2005 में थोलकोबाद के ग्रामीणों को इकठ्ठा कर आवासीय विद्यालय के सारे बच्चों व शिक्षकों को बाहर निकाल दिया. इसके बाद बच्चों के सामने ही आइइडी लगाकर पूरे स्कूल भवन को उड़ा दिया. स्कूल उड़ने के साथ ही बच्चों की शिक्षा, सपने व भविष्य अंधकारमय हो गये. कई वर्षों तक बच्चे अपने-अपने घर मे रहे. बाद में इस स्कूल को मनोहरपुर में स्थानांतरित कर सारे नामांकित बच्चों को वहां ले जाया गया.



थोलकोबाद में उड़ाये गये आवासीय विद्यालय के सामने खड़े मासूम बच्चे.

### नामांकन शुरू होने की कोई जानकारी नहीं दी

थोलकोबाद निवासी बिमल होनहागा, गुमिदा होनहागा व अन्य ग्रामीणों ने बताया कि आज हालात यह है कि हमारे गांव के नाम से उक्त आवासीय विद्यालय है, लेकिन थोलकोबाद एवं आसपास के गांवों के बच्चों का उसमें नामांकन नहीं हो रहा है. स्कूल प्रबंधन ने नामांकन प्रारंभ होने संबंधी कोई जानकारी ही नहीं दी. बाद में पता करने पर बताया कि इस स्कूल में नामांकन की प्रक्रिया खत्म हो चुकी है. स्कूल में अब सीट खाली नहीं है. ऐसे में हमारे गांव के गरीब बच्चे कहां जाएं. ग्रामीणों ने सरकार से मांग की है कि इस स्कूल को पहले की तरह हमारे गांव थोलकोबाद में लाया जाए.

**राजधानी रांची सहित अन्य शहरों में बड़ी संख्या में लोग किराये के मकान में रहते हैं. हाल के दिनों में बढ़ती जनसंख्या और महंगाई की वजह से किराये के मकान अब लोगों को भारी पड़ने लगे हैं. किराया दिनों दिन बढ़ता जा रहा है. पांच साल पहले की तुलना में औसतन सभी तरह के मकान, फ्लैट,हॉस्टल, लॉज के किराये में 20 से 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है. रिहाईशी इलाकों में तो यह वृद्धि 50 प्रतिशत तक के करीब हुई , जिस कारण हर वर्ग के लिए यह वृद्धि काफी महंगा साबित हो रहा है.आम आदमी के लिए तो शहर के पॉश इलाकों में भाड़े के मकान में रहना काफी मुश्किल हो गया है. इधर हाल के वर्षों में रांची, धनबाद, जमशेदपुर,चक्रधरपुर में किराये के मकानों की मांग बढ़ी है ,तो किराये में भी वृद्धि हुई है. शुभम संदेश की टीम ने विभिन्न शहरों में किराये के मकानों में हुई वृद्धि की पड़ताल की है. पेश है रिपोर्ट...**



## आम आदमी का शहर के पॉश इलाके में किराये के मकान-फ्लैट में रहना हुआ मुश्किल

## सामान्य तौर पर हर साल 10 प्रतिशत की दर से बढ़ता है किराया

### झारखंड के शहरों में मकान किराये में वृद्धि

# बढ़ता किराया बना परेशानी का सबब

**बढ़ती जनसंख्या और महंगाई की वजह से मकानों के किराये में हो रही है वृद्धि**

**शहर के स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने के लिए भी लोग भाड़े के मकानों में रह रहे हैं**

## रांची

### रांची में मकानों में किराये पर रहना हुआ महंगा

रेहान अहमद। रांची

राजधानी में किराये के मकान में रहना भी बहुत महंगा हो गया है. शहर के जिस इलाके में भी आप घर तलाशने जाएंगे, किराया बढ़ा हुआ मिलेगा. कुछ खास इलाकों और मुहल्लों में तो जल्द किराये का मकान मिलता भी नहीं. मिलता भी है, तो किराया काफी महंगा होता है. राजधानी में चाहे निजी मकान हो, या फ्लैट या लॉज सभी का किराया पहले की तुलना में महंगा हो गया. इसके अलावा मेंटेनेंस चार्ज, बिजली बिल का भी अलग से भुगतान करना पड़ता है. मकान मालिक बिजली बिल भी प्रति यूनिट 10 रुपये की दर से वसूलते हैं. कांके रोड, बरियातू रोड, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, अरगोड़ा, अशोकनगर, अशोक विहार जैसी कॉलोनियों में 15 से 35-40 हजार तक का मकान-फ्लैट किराये पर मिलता है. बढ़ती महांगाई की वजह से मकान मालिक किराये भी महंगा रख रहे हैं. महंगा किराया देने के बावजूद किराये के मकान में रहनेवालों को तरह-तरह की परेशानियां का भी सामना करना पड़ता है. कभी बिजली, तो कभी पानी का उपयोग कम करने की हिदायत मिलती रहती है.

**मकान मालिक बोले- महंगाई बढ़ी, तो किराया बढ़ाया :** हरमू के पारस अपार्टमेंट में इस समय थ्री बीएचके का 15 हजार रुपये मासिक किराया है. वहीं अन्य अपार्टमेंट में 2 बीएचके का 7 हजार रुपये मासिक किराया है. हरमू के एमडी गुड्डू ने कहा कि उनके यहां 2 बीएचके मकान का किराया 2500 रुपये है. मो इम्तियाज ने बताया कि उनके यहां 1बीएचके के मकान का 1500 रुपये किराया है. पांच साल पहले एक हजार रुपये किराया था. सभी ने कहा कि बढ़ती महंगाई की वजह से ही मकान का किराया बढ़ाया है. बिजजली बिल का अलग से भुगताम

**20 साल से किराये के मकान में हूं : रवि कुमार :** किरायेदार रवि कुमार ने कहा कि पिछले 20 साल से किराये के ही मकान में रह रहा हूं. मेरा मकान 3 बीएचके का है. इसका किराया 4500 रुपये मासिक है. अपनी कमाई से 4500 रुपये की राशि हर माह अलग कर देता हूं, ताकि किराया समय पर दे सकूं. किराया समय पर नहीं देने पर मकान मालिक किच-किच न करें, इसलिए कोशिश होती है कि किराया समय पर दे दूं. पांच साल पहले इसी मकान का किराया तीन हजार रुपये था, जो अब बढ़कर 45 सौ रुपये हो गया है. किराय के अलावा बिजली बिल अलग देना पड़ता है.

**महंगाई के साथ-साथ किराया भी बढ़ता गया : गुड्डू शर्मा :** गुड्डू शर्मा ने कहा कि पिछले 15 साल से किराये के मकान में रह रहा हूं. इसका किराया 2500 रुपये मासिक है. शुरू से ही जो कमाता हूं, उसमें से किराये का पैसा वेतन मिलते ही अलग कर देता हूं, ताकि महीना पूरा होने पर मासिक किराया जमा करने में परेशानी नहीं हो.

### साल दर साल बढ़ता गया किराया

| अपार्टमेंट | मकान | मासिक | पांच साल पूर्व |
|---|---|---|---|
| अपार्टमेंट | 3 बीएचके | 15 हजार | 10,000 हजार |
| अपाटमेंट | 2 बीएचके | 7 हजार | 4000 हजार |
| निजी मकान | 2 बीएचके | 2500 | 1700 |
| निजी मकान | 3 बीएचके | 4500 | 3000 |
| निजी मकान | 1 बीएचके | 1500 | 1000 |

## जमशेदपुर

### मकान का किराया हो गया है दोगुना : मो. शाकिर



मानगो आजादनगर के रहने वाले मो. शाकिर ने बताया कि वे टाटा स्टील में ठेका कर्मी का काम करते हैं. वह अपने परिवार संग आजादनगर में किराए के मकान में रहते हैं. दो कमरों के लिए उन्हें 3,500 रुपए महीना किराया देना पड़ता है. इसके अलावा 1,000 से 1200 रुपए बिजली बिल का बिल चुकाना होता है. वे इस घर में बीते सात सालों से रह रहे हैं. अब दो दोगुना किराया दे रहे हैं.

### खर्च बढ़ा, पर कमाई उतनी नहीं बढ़ी : संतोष कुमार



बिहार के हाजीपुर से जमशेदपुर आकर मानगो के डिमना रोड स्थित डिमना बस्ती में अपने परिवार के चार सदस्यों के साथ रहने वाले संतोष कुमार बीते 10 सालों से शहर में रहकर राज मिस्त्री का काम कर रहे हैं. संतोष कहते हैं कि इन पांच सालों में खर्च तो बढ़ गया पर कमाई उतनी नहीं बढ़ी. वह एक कमरे के मकान में रहते हैं. जिसमें बाथरूम और किचन जुड़ा हुआ है.

### तीन कमरे वाले फ्लैट के देने होते हैं 15 हजार : मो. इमरान



मानगो के आलीशान टावर में रहने वाले मो. इमरान अपने आठ सदस्यों वाले परिवार के साथ तीन कमरों वाले फ्लैट में रहते हैं. इमरान कहते हैं कि उन्हें फ्लैट के लिए 15 हजार रुपए महीने किराया देना होता है. पांच साल पहले 12 हजार रुपए किराया था. बिजली का बिल दो हजार आता है, जो पहले 1300 रुपए के आस–पास आता था. मेंटेनेंस के लिए एक हजार रुपए अलग से देने होते हैं.

### तीन लोगों के साथ शेयर करते हैं कमरा : कार्तिक



कार्तिक लोहार मूल रूप से पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में रहते हैं और जमशेदपुर के मानगो में किराए के मकान में रहते हैं. कार्तिक मजदूरी करते हैं. उनके साथ दो और साथी कमरे में रहते हैं. बाथरूम कॉमन है. इसके लिए उन्हें कुल 1500 रुपए देने होते हैं. तीन लोगों में किराए की राशि बंट जाती है. बिजली का बिल 300 रुपए आता है.

## चक्रधरपुर

### भाड़े का घर लेकर रहना हुआ मुश्किल: चंदन महतो



चक्रधरपुर के जामिद गांव निवासी चंदन महतो ने कहा कि गांव में अच्छा प्राइवेट विद्यालय नहीं होने के कारण बच्चों को चक्रधरपुर शहर में एक किराए के कमरे में रहकर बच्चों को पढ़ाना पड़ रहा था. बच्चे को रोजाना गांव से शहर लाने ले जाने में परेशानी होती है. पहले शहर में एक किराये का घर भाड़े में लिया था, उस वक्त महीने का तीन हजार रुपये देना पड़ते थे. लेकिन मकान मालिक ने भाड़ा अब साढ़े चार हजार रुपये कर दिया, इससे भाड़े का घर छोड़ना पड़ा.अब गांव से ही आना-जाना पड़ता है.

### फ्लैट का भाड़ा हुआ दोगुना हो रही परेशानी: प्रशांत शर्मा



चक्रधरपुर निवासी प्रशांत शर्मा ने कहा कि भाड़े में फ्लैट लेकर रहना मुश्किल हो गया है. पांच साल पहले दो कमरे वाले फ्लैट का किराया साढ़े पांच हजार रुपये था, अब पांच साल में किराया बढ़कर दस हजार रुपये हो गया है. जिससे काफी परेशानी हो रही है.उन्होंने बताया कि आमदनी में बढ़ोत्तरी नहीं हो रही है, लेकिन खर्च दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है. ऐसी स्थिति में परिवार चलाना भी मुश्किल हो गया है.आने वाले दिनों में किराया और बढ़ेगा. यह मेरे लिए चिंता का कारण बना हुआ है.

### शहर में अब जल्दी नहीं मिलता घर: कुणाल राठौर



चक्रधरपुर निवासी कुणाल राठौर ने कहा कि शहर में अब कम किराये पर जल्दी घर नहीं मिलते हैं.पहले शहर में छोटे व कम भाड़े में घर मिल जाता था, लेकिन दिन प्रतिदिन शहर में भी अब भाड़े के मकानों के दाम में बढ़ोत्तरी हुई है. बढ़े शहर की तहर चक्रधरपुर में भी फ्लैट या अपार्टमेंट का निर्माण होने से कम किराये पर घर मिलना मुश्किल हो गया है.कुणाल राठौर ने बताया कि वर्तमान में वे जिस घर में रहते हैं, पांच साल पूर्व उसका किराया दो हजार रुपये था,लेकिन अब किराया बढ़कर साढ़े चार हजार रुपये हो गया है.

## घाटशिला

### किराये में काफी बढ़ोतरी 20 से 40 प्रतिशत तक वृद्धि



घाटशिला में मकान किराए में काफी बढ़ोतरी हुई है. पांच साल पहले और आज के किराये के मकान की कीमत में काफी अंतर हो गया है. करीब 20 से 40 प्रतिशत तक किराए में बढ़ोतरी हुई है. पहले एक कमरे का किराया करीब हजार रुपए प्रतिमाह था. अब वह बढकर 1500 से 1800 रुपए हो गया है.वहीं दो कमरे का मकान पहले दो हजार रुपए में आ जाता था. पर अब वह 25 सौ रुपए हो गया है. तीन कमरे वाला मकान पहले 25 सौ रुपए था जो अब 35 सौ रुपए हो गया है.

## लातेहार

### किराया बढ़ा है और मकान की डिमांड भी बढ़ी है : विजय प्रसाद



लातेहार में ऐसा कोई बड़ा अपार्टमेंट या हाउसिंग कॉलनी नहीं है. लेकिन बाहर से आने वाले लोग यहां किराये का मकान लेकर जरूर रह रहे हैं. हालांकि विगत कुछ एक वर्षों से शहर में ऐसे अपार्टमेंट अवश्य तैयार किये जा रहे हैं, जहां लोग सिंगल बेडरूम या डबल बेड रूम के फ्लेट को किराया में लेकर रह सकें. शहर के जुबली रोड, माको मोड़ एवं काली मंदिर रोड में ऐसे आवासीय परिसर तैयार किये जा रहे हैं. जहां तक कॉमन मकान के किराये की बात है तो कोरोना काल और लॉक डाउन के बाद से शहर में मकान के किराये बढ़ गये हैं. आज से तीन या पांच साल पहले जिस सिंगल बेडरूम का किराया चार हजार रूपये और डबल बेड रूम मकान का किराया छह हजार रूपये था, आज उसका किराया क्रमशः सात से दस हजार रूपये हो गया है. शहर के गायत्री नगर में अपने घर को किराये में लगाने वाले विजय प्रसाद ने बताया कि बाहर से यहां आने वाले लोगों की संख्या बढ़ गयी है. कई कंपनियां और कोलियरियां यहां खुल रही हैं, इस कारण बाहरी लोगों का आना बढ़ गया है. ऐसे में किराये के मकान की डिमांड भी बढ़ गयी है. लोगों को किराये पर घर नहीं मिल पा रहा है. हालांकि कुछ एक इलाके में अपार्टमेंट व कॉलनियां तैयार की जा रही है. लोग किराये पर देने के लिए मकान तैयार कर रहे हैं.

## धनबाद में पिछले पांच वर्षों में 20 से 30 फीसदी बढ़ा किराया

**धनबाद में प्राइवेट मकान सहित फ्लैट के किराये में 20 से 30 फीसदी का इजाफा हुआ है. इसके साथ ही फ्लैट में रहनेवाले किरायेदार को मेंटेनेंस चार्ज भी देना पड़ता है. ऐसे में उनके ऊपर और ज्यादा बोझ पड़ जाता है...**

### बीस प्रतिशत बढ़ा किराया, बिजली बिल अलग से : नीरज सिन्हा



बिशुनपुर के प्राइवेट मकान में रहने वाले नीरज सिन्हा ने बताया कि पिछले पांच साल में उनके मकान का किराया बीस फीसदी बढ़ गया है . पांच साल पहले दो कमरे के जिस मकान का किराया चार हजार रुपये प्रति माह था . उसका किराया बढ़ कर पांच हजार हो गया है . इसके अलावा बिजली का बिल का अलग से देना पड़ता है .

### किराया थोड़ा कम होता तो अच्छा होता मजबूरी में रहना पड़ रहा है : स्नेहा प्रियदर्शी



गोल इंस्टिट्यूट के हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करने वाली स्नेहा प्रियदर्शी ने बताया कि वह इसी साल एडमिशन ली है . इसलिए पहले के किराए का पता नहीं है . वर्तमान में उसे साढ़े सात हजार रुपये महीना किराया देना पड़ रहा है . उन्होंने बताया कि वह चाहती थी कि थोड़ा किराया कम होता तो अच्छा होता . पर नहीं मिलने की वजह से इसे लेना पड़ा .

### हॉस्टल के नाम पर महंगे मिलते हैं किराये के मकान : संजय आनंद



गोल इंस्टिट्यूट के निदेशक संजय आनंद ने बताया कि हॉस्टल के नाम पर उन्हें मकान महंगे दर पर मिलते हैं . आम लोगों ने लिए जिस फ्लैट का किराया आठ से दस हजार रुपये लिया जाता है . वहीं होस्टल के नाम पर उसी फ्लैट का किराया 14,15 हजार हो जाता है . इसके साथ ही प्रतिवर्ष किराए में दस फीसदी का इजाफा किया जाता है .

# आरबीआई की दरियादिली

भारतीय रिजर्व बैंक ने वर्ष 2023-24 में भारत सरकार को 2.1 लाख करोड़ रुपये लाभांश के तौर पर देने की घोषणा की है. इस खबर पर सबसे बड़ी प्रतिक्रिया मुंबई के शेयर बाज़ार में देखने को मिली. दलाल स्ट्रीट में शुक्रवार को शेयर के भाव में आग लग गई थी और सेंसेक्स एक दिन में 1,197 अंक ऊपर चढ़ 75,418 अंक की नई ऊंचाई पर पहुंच चुका था. एनएसई की मार्केट पूंजी भी पहली बार 5 ट्रिलियन डॉलर की सीमा को लांघ चुकी है. अकेले अडानी समूह को एक दिन में 63,282 करोड़ रुपये अपनी मार्केट कैप में इजाफे के तौर पर मिली है और समूह का बाजार मूल्य 17.50 लाख करोड़ रुपये हो चुका है. अरबीआई के इस मास्टर स्ट्रोक से किन-किन को फायदा होने जा रहा है, या 4 जून को चुनाव परिणाम पर इसका क्या असर पड़ेगा इसका ठीक-ठीक अंदाजा लगा पाना तो मुश्किल है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री के द्वारा हाल ही में निवेशकों को जो भरोसा दिलाया जा रहा था, वह इस कदम से सच होता उन्हें अवश्य दिख रहा होगा. पिछले कुछ दिनों से फलौदी के सट्टा बाजार और मुंबई सट्टा बाजार से जो खबरें आ रही थीं, वह निश्चित रूप से मोदी सरकार के लिए परेशानी का सबब बनी हुई थी. लेकिन भारतीय रिजर्व बैंक ने ऐन वक्त पर जो दरियादिली दिखाई है, उससे बड़े-बड़े आर्थिक विशेषज्ञ हैरान हैं. आखिर आरबीआई इतनी बड़ी रकम भारत सरकार को कैसे दे पा रही है? इस सवाल पर तमाम तरह से आर्थिक विशेषज्ञ मनन कर रहे हैं. आरबीआई के पिछले 10 वर्षों के रिकॉर्ड पर नजर डालें तो 2018-19 में वह ऐसा करिश्मा करने में कामयाब रह पाई थी, जब उसके द्वारा रिकॉर्ड 1,76,051 करोड़ का लाभांश भारत सरकार को सुपुर्द किया गया था. आरबीआई द्वारा भारत सरकार को दिए जाने वाले वार्षिक लाभांश पर एक नजर डालें तो आप इसमें कुछ अनियमितताएं देख सकते हैं. यूपीए सरकार के तीन वर्षों में हम पाएंगे कि यह रकम 15 हजार करोड़ से बढ़कर 33 हजार करोड़ रुपये तक सीमित थी. इसके बाद के वर्षों में इसमें उत्तरोत्तर तेजी देखने को मिलती है, सिवाय वर्ष 2017 के. बता दें कि मनमोहन सिंह सरकार के अंतिम दौर में भारतीय रिजर्व बैंक के मुखिया रघुराम राजन थे, जिनका कार्यकाल नरेंद्र मोदी सरकार के शुरूआती वर्षों में भी जारी रहा. इसके बाद 2016 में रिलायंस समूह से जुड़े एक अधिकारी और अफ्रीका में पले बढ़े बैंकर उर्जित पटेल के हाथों में आरबीआई की कमान सौंपी गई. लेकिन जब तक वे अपने ऑफिस का कामकाज संभाल पाते देश में अचानक नोटबंदी घोषित कर दी गई थी. 500 और 1,000 रुपये के नोट एक दिन आठ बजे रात पीएम नरेंद्र मोदी की भारतीय टेलीविजन पर घोषणा के साथ अवैध घोषित कर दिए गये. इस बारे में आज तक विवाद बना हुआ है कि इसमें उर्जित पटेल की भूमिका थी या नहीं. लेकिन इसके बारे में हाल के वर्षों में खुलासा वित्त मंत्रालय से सेवानिवृत्त वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने अपनी किताब 'वी ऑल्सो मेक पॉलिसी' में जिक्र करते हुए बताया था कि कैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिज़र्व बैंक के पूर्व गवर्नर उर्जित पटेल की तुलना सांप से की थी, जो ढेर सारे धन के ऊपर बैठा हुआ है.

> पिछले कुछ दिनों से फलौदी के सट्टा बाजार और मुंबई सट्टा बाजार से जो खबरें आ रही थीं, वह निश्चित रूप से मोदी सरकार के लिए परेशानी का सबब बनी हुई थी.

## सुभाषित

**सर्पः क्रूरः खलः क्रूरः सर्पात् क्रूरतरः खलः .**
**सर्पः शाम्यति मन्त्रैश्च दुर्जनः केन शाम्यति ॥**

सांप भी क्रूर होता है और दुष्ट भी क्रूर होता है किन्तु दुष्ट सांप से अधिक क्रूर होता है, क्योंकि सांप के विष का तो मन्त्र से शमन हो सकता है किन्तु दुष्ट के विष का शमन किसी प्रकार से नहीं हो सकता. इसलिए दुष्टों से खुद को बचाने का प्रयास करते रहना चाहिए.

# राष्ट्र निर्माण के लिए हर नागरिक जिम्मेदार

**देश की जनता को पहली बार ऐसा लगने लगा था कि कोई विकास पुरुष देश का भला करने आया है, लेकिन उसका भ्रम कुछ दिनों में ही टूटने लगा. पहला विश्वास उस दिन डगमगाया, जिस दिन 'नोटबंदी' की घोषणा की गई. लोगों की गाढ़ी मेहनत की कमाई से रखा गया सारा धन बेकार हो गया. उस पर उन्हीं के द्वारा विदेशों में इसकी हंसी उड़ाई गई कि लोग अपनी बेटियों की शादी करने के लिए जिस धन का उपयोग करना चाहते थे, उनके उस प्रयास को उन्होंने नोटबंदी करके ठिकाने लगा दिया.**



• देश-काल



निशिकांत ठाकुर

राष्ट्र निर्माण में देश के एक-एक नागरिक की भागीदारी हमेशा से रही है, लेकिन आज देश के किसी भी एक नागरिक की नहीं, बल्कि केवल एक नेता की 'गारंटी' पर राष्ट्र निर्माण का दिवास्वप्न दिखाया जा रहा है. ऐसा इसलिए, क्योंकि हम भारतवासी निर्मल-निश्छल मन-स्वभाव के होते हैं. परिणाम यह होता है कि हमारी निश्छलता और सहजता को जो चाहे, कोई भी आसानी से बरगला लेता है और हम पांच वर्ष तक स्वयं को कोसते रहते हैं कि काश, हमने चयन में भूल न की होती. देश के लिए व्यक्तिगत गारंटी का क्या मतलब? वैसे देश तो अपने ग्रंथ (संविधान) के मानदंडों और मापदंडों पर चलता है, जिसे उपेक्षित करके अपनी व्यक्तिगत गारंटी देना निश्चित रूप से समाज को दिग्भ्रमित करने के समान ही माना जा सकता है. आजाद भारत में आज तक किसी भी राष्ट्राध्यक्ष ने सीना ठोककर व्यक्तिगत गारंटी देने की बात नहीं की, क्योंकि वे सामूहिक कोशिश को सर्वोपरि मानते थे और यही सर्वथा उचित भी है. लेकिन, आज चाहे संसद हो या विपक्षी नेतागण, चुनावी सभाओं में हर जगह एक ही बात कही जाती है कि '... की गारंटी है.' हमारे वर्तमान प्रधानमंत्री को देश की जनता ने अपार प्यार दिया. उनके भाषणों की चर्चा हर जगह होती रहती है, क्योंकि अपनी ओजस्वी बातों से समाज को प्रभावित करने की कला में वह इस कदर पारंगत हैं कि एक समय में यह माना जाने लगा था कि देशहित के लिए बात करने वाला इनसे मजबूत राजनेता आज तक नहीं मिला था. उनके भाषण में वह सब होता था, जिसमें त्रस्त समाज की हर पीड़ा झलकती थी और वह समाज को इन पीड़ाओं से उबारने का दिवास्वप्न भी जमकर दिखाया करते थे. ऐसे में हर कोई एक नई किरण के उगने की उम्मीद में रहता था. समाज के हर वर्ग के लिए कुछ-न-कुछ योजना बताकर कहते थे कि इससे पूरा देश बदल जाएगा, क्योंकि हम 'विश्वगुरु' बनने जा रहे हैं. चाहे उद्योगपतियों की बात हो, चाहे युवाओं को रोजगार देने की बात हो, चाहे समाज को आर्थिक रूप से संपन्न कराने की बात हो या देश के अन्नदाताओं के कल्याण की बात हो. उनके भाषणों में देश के लिए एक संदेश होता था कि यदि आप हमारे साथ जुड़ें, तो आपका भविष्य सुधर जाएगा, आपको पड़ोसी देशों के सामने झुकना नहीं पड़ेगा, सभी देशों से हमारा सम्बन्ध सहज होगा, जिससे देश के विकास को बल मिलेगा और देश भ्रष्टाचार मुक्त होगा. उनका दावा तो यहां तक होता था कि 'न खाऊंगा और न किसी को खाने दूंगा. देश भ्रष्टाचारियों से मुक्त होगा.' ऐसे में देश में एक नए परिवर्तन की उम्मीद जगने लगी थी. देश की जनता को पहली बार ऐसा लगने लगा था कि कोई विकास पुरुष देश का भला करने आया है, लेकिन उसका भ्रम कुछ दिनों में ही टूटने लगा. पहला विश्वास उस दिन डगमगाया, जिस दिन 'नोटबंदी' की घोषणा की गई. लोगों की गाढ़ी मेहनत की कमाई से रखा गया सारा धन बेकार हो गया. उस पर उन्हीं के द्वारा विदेशों में इसकी हंसी उड़ाई गई कि लोग अपनी बेटियों की शादी करने के लिए जिस धन का उपयोग करना चाहते थे, उनके उस प्रयास को उन्होंने नोटबंदी करके ठिकाने लगा दिया. प्रधानमंत्री जिस प्रकार अपने भाषणों में कांग्रेस और विशेष रूप से राहुल गांधी और उनके परिवार पर सीधा आक्रमण कर रहे हैं, उस पर तो विपक्ष साफ-साफ कहने लगा है कि यह तो हार की बौखलाहट है. जो भी हो, वह देश की जनता द्वारा किए गए मतदान के परिणाम के तौर पर 4 जून को सामने आ जाएंगे, लेकिन आजादी के बाद से अब तक देश में जितने भी चुनाव हुए, उन सभी में इस तरह की कड़वाहट कभी देखने को नहीं मिली. प्रधानमंत्री कहते हैं, 'शहजादे बोल रहे हैं माओवादी की भाषा.' 'भ्रष्टाचार मिटाने आए लोग हजारों करोड़ के घोटाले में जेल के चक्कर काट रहे हैं. कांग्रेस के शहजादे की भाषा पूरी तरह नक्सली भाषा है, माओवादी भाषा है. कांग्रेस पार्टी उद्यम करने वालों को देश का दुश्मन मानती है. जो कारोबारी पैसा नहीं देते, उन पर उनके नेता हमला करते हैं.' कहां पहले इसी भाजपा की सरकार ने यह नारा दिया था कि भारत को कांग्रेस मुक्त करना है, लेकिन अब ऐसी क्या स्थिति हो गई कि प्रधानमंत्री सहित उनके सभी नेता केवल कांग्रेस और राहुल गांधी के नाम पर अपना अभियान चला रहे हैं. जो भी हो देश की जनता ही मतदान करती है, जो बिल्कुल गुप्त होता है. परिणाम से पहले एक कयास ही कोई माहौल देखकर लगा सकता है, लेकिन यह भविष्यवाणी कितनी सच और गलत है, यह तो उन परिणामों पर निर्भर करेगा, जो 4 जून को सामने आएगा. इधर, विपक्षी इंडिया गठबंधन पांच चरणों के आधार पर यह मान चुका है कि अगली सरकार गठबंधन की बनने जा रही है. दूसरी तरफ, वर्तमान प्रधानमंत्री अपने को प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू के समकक्ष मानते हुए तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का इजहार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले से भाषण देते हुए और कई मीडिया चैनलों पर अपने साक्षात्कार में स्पष्ट कह चुके हैं कि तीसरी बार भी उनके नेतृत्व में ही सरकार बनने जा रही है. सरकार के गुण-दोष पर कोई तभी विश्लेषण कर सकता है, जब वह देश के निर्माण में मतदान करके उसका भागीदार बनता है. इसलिए मतदान जरूर करिए और सत्तारूढ़ और विपक्षी नेताओं पर होने वाले बहस में भागीदार भी बनिए, तभी मजबूत राष्ट्र का निर्माण होगा.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## कूड़ा-वाहन

एक दिन एक व्यक्ति टैक्सी से एअरपोर्ट जा रहा था. टैक्सी वाला कुछ गुनगुनाते हुए बड़े मनोयोग से गाड़ी चला रहा था कि सहसा एक दूसरी कार, पार्किंग से निकल कर तेजी से रोड पर आ गयी. टैक्सी वाले ने तेजी से ब्रेक लगाया, गाड़ी स्किड करने लगी और मात्र एक -आध इंच भर से, सामने वाली कार से भिड़ते -भिड़ते बची. यात्री ने सोचा कि अब टैक्सी वाला उस कार वाले को भला -बुरा कहेगा ...लेकिन इसके उलट सामने वाला ही पीछे मुड़ कर उसे गलियां देने लगा. इसपर टैक्सी वाला नाराज़ होने की बजाये उसकी तरफ हाथ हिलाते हुए मुस्कुराने लगा, और धीरे -धीरे आगे बढ़ गया. यात्री ने आश्चर्य से पूछा "तुमने ऐसा क्यों किया ? गलती तो उस कार वाले की थी ,उसकी वजह से तुम्हारी गाडी लड़ सकती थी और हम होस्पिटलाइज भी हो सकते थे!" "सर जी ", टैक्सी वाला बोला, "बहुत से लोग गार्बेज ट्रक की तरह होते हैं. वे बहुत सारा गार्बेज उठाये हुए चलते हैं, फ्रस्ट्रेटेड, निराशा से भरे हुए, हर किसी से नाराज़. और जब गार्बेज बहुत ज्यादा हो जाता है, तो वे अपना बोझ हल्का करने के लिए उसे दूसरों पर फैकने का मौका खोजने लगते हैं. किन्तु जब ऐसा कोई व्यक्ति मुझे अपना शिकार बनाने की कोशिश करता हैं, तो मैं बस यूँही मुस्कुराकर हाथ हिलाते हुए उनसे दूरी बना लेता हूँ. ऐसे किसी भी व्यक्ति से उनका गार्बेज नहीं लेना चाहिए, अगर ले लिया तो समझो हम भी उन्ही की तरह उसे इधर उधर फेंकने में लग जायेंगे. घर में, ऑफिस में, सड़कों पर ...और माहौल गन्दा कर देंगे, दूषित कर देंगे. हमें इन गार्बेज ट्रक्स को, अपना दिन खराब करने का अवसर नहीं देना चाहिए. ऐसा न हो कि हम हर सुबह किसी अफ़सोस के साथ उठें. ज़िन्दगी बहुत छोटी है, इसलिए उनसे प्यार करो जो हमारे साथ अच्छा व्यवहार करते हैं. किन्तु जो नहीं करते, उन्हें माफ़ कर दो।" मित्रों, बहुत ही गम्भीराता से सोचने की बात है, हम सौद्देश्य ही कूडा वाहन से कूडा उफनवाते है. फिर उसे स्वीकारते है, उसे उठाए घुमते है और फिर यत्र तत्र बिखेरते चलते है. ऐसा करने के पूर्व ही हमें, गार्बेज ट्रक की अवहेलना नहीं कर देनी चाहिए??? और सबसे बड़ी बात कि कहीं हम खुद गार्बेज ट्रक तो नहीं बन रहे? इस कहानी से सीख लेते हुए, हमें विषादग्रस्त व कुंठाग्रस्त लोगों को उत्प्रेरित करने से बचना चाहिए. स्वयं क्रोध कर उनसे उलझने की बजाए उन्हें माफ करने की आदत डालनी चाहिए. सहनशीलता, समता और सहिष्णुता वस्तुतः हमारे अपने व्यक्तित्व को ही स्वच्छ और शुद्ध रखने के अभिप्राय से है, न कि अपने ही गुण-गौरव अभिमान की वृद्धि के लिए. समाज में शिष्टाचार, समतायुक्त आचरण से ही प्रसार पाता है. और इसी आचरण से चारों ओर का वातावरण खुशनुमा और प्रफुल्लित बनता है.

# सत्ता की बहार के लिए बिहार में कशमकश

• सियासत

अतुल सिन्हा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बिहार में होने वाली चुनावी सभाओं पर गौर करें तो यहां उनके निशाने पर सीधे तौर पर राष्ट्रीय जनता दल और तेजस्वी यादव होते हैं. कांग्रेस और राहुल गांधी दूसरे नंबर पर होते हैं और यहां की जातिगत और परिवारवादी राजनीति तीसरे नंबर पर. तेजस्वी यादव को भी उन्होंने राहुल गांधी की तरह शहजादे का खिताब दे रखा है और इंडिया गठबंधन को भ्रष्टाचार, गुंडाराज और जातिगत जनगणना के सवाल पर बांटने वाला गठबंधन करार दिया है. उधर अपने चुनावी गणित और रणनीति की वजह से चर्चा में रहने वाले प्रशांत किशोर भी पांच दौर के चुनावों के बाद ये दावा करने से नहीं चूक रहे कि बिहार में अब भी मोदी या केन्द्र की सरकार को लेकर कोई गुस्सा नहीं है, मोदी लहर भले ही इस बार न हो, लेकिन प्रशांत किशोर को इस बार भी मोदी सरकार बनती दिख रही है और खासकर बिहार में नीतीश कुमार के पलटू राम वाली छवि के बावजूद एनडीए को कोई खास नुकसान होता नहीं दिख रहा है. जबकि चुनाव विश्लेषक और किसी ज़माने में सटीक चुनावी भविष्यवाणियां करने वाले सैफोलॉजिस्ट योगेन्द्र यादव इस बार एनडीए को ढाई सौ के नीचे देख रहे हैं. सबके अपने-अपने चश्मे हैं और अपना-अपना नज़रिया है, जबकि असली फैसला खामोश वोटर यानी जनता को करना है, लेकिन तमाम ज़मीनी सर्वे हवा का रुख कुछ और बताते हैं. इसकी बानगी तेजस्वी यादव और कांग्रेस की सभाओं में उमड़ती जबरदस्त भीड़ के तौर पर देखी जा सकती है. इंडिया गठबंधन जिन अंतर्विरोधों के बाद बना और आखिरी वक्त तक सीटों के बंटवारे को लेकर जो असमंजस रहा, उसे भाजपा और जेडीयू अपने पक्ष में मान रही है और अपनी चुनावी सभाओं में इसे लेकर अब तक गठबंधन पर सवाल उठाती है. भाजपा के 400 पार के दावे में बिहार की 40 सीटें भी शामिल हैं. 2019 में भाजपा ने यहां से जो 17 उम्मीदवार उतारे थे, वह सभी जीते थे, जबकि जेडीयू के 17 में से 16 उम्मीदवार जीते थे. एनडीए के अन्य घटकों में लोक जनशक्ति पार्टी के भी सभी 6 उम्मीदवार जीत गए थे. पिछले आम चुनाव में यानी एनडीए को कुल 40 में से 39 सीटें मिली थीं, जबकि एक सीट कांग्रेस ने जीती थी. सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या इस बार भाजपा अपनी सभी सीटें बचा पाएगी, क्या नीतीश की मौकापरस्ती जेडीयू को फिर से पिछली बार जितनी सीटें दिला पाएगी और क्या इस बार एनडीए 39 के आंकड़े तक पहुंच पाएगा? नीतीश के पाला बदलने से भाजपा के दोबारा सरकार में आने के बाद पार्टी के पास सत्ता की ताकत भी है और मशीनरी भी, साथ ही प्रधानमंत्री मोदी के दौरों से उम्मीदें भी. लेकिन आरजेडी की बढ़ती ताकत, कांग्रेस का पुनर्जीवन और राहुल गांधी की मेहनत ने इंडिया गठबंधन को काफी मजबूती के साथ जनता के सवालों से जोड़कर पेश किया है जिसका असर दिख रहा है. दरअसल, बिहार की राजनीति लगातार कई उतार-चढ़ावों से होकर गुज़रती रही है. यहां वैचारिक और सैद्धांतिक राजनीति का बेशक एक दौर था, लेकिन करीब चार दशक से सारे समीकरण पूरी तरह सत्ता केन्द्रित और जाति आधारित होते गए. वर्ष 1974 के जेपी आंदोलन ने जिस नई राजनीति की नींव रखी थी और जिन मूल्यों और सिद्धांतों की बात होती थी, उसे सत्ता के खेल ने ध्वस्त कर दिया. मौजूदा राजनीति में शीर्ष पर बैठे तमाम नेता खुद को उस दौर के आंदोलनकारी बताते हैं. जेपी ने उन्हें तत्कालीन कांग्रेस सरकार, इंदिरा गांधी की निरंकुशता और इमरजेंसी जैसे कदमों के खिलाफ एकजुट करके सत्ता की राह दिखाई, लेकिन सत्ता का नशा ऐसा चढ़ा कि उस दौर के तमाम नेता भ्रष्टाचार, जातिगत समीकरण और जोड़-तोड़ के खेल में लगे रहे. लेकिन अब युवा नेतृत्व में आई राजनीतिक परिपक्वता और एक ईमानदार, साफ-सुथरी राजनीति की उम्मीद से आम लोगों में बदलाव की चाहत दिखने लगी है. ये नेता अपने भाषणों में मोदी सरकार के वादों के साथ उनकी निरंकुश वाली छवि को उभारने और लोगों के मन में बैठाने की कोशिश करते दिख रहे हैं. दरअसल भाजपा का कट्टर हिन्दुत्व और राम मंदिर जैसे मुद्दे बिहार में उतने असरदार नहीं दिखते, इसलिए यहां मोदी को भी इन नेताओं पर परिवारवाद और भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के अलावा कोई बड़ा दांव नहीं दिख रहा. यह संकेत इसलिए भी मिल रहे हैं कि इस बार मोदी मैजिक जैसी कोई चीज़ प्रत्यक्षदर्शी नहीं है और प्रधानमंत्री के भाषणों में सरकार के कामकाज और भावी योजनाओं की बजाय कांग्रेस और आरजेडी पर आक्रामक तरीके से हमला करने के अलावा और कुछ नहीं है.

> मौजूदा राजनीति में शीर्ष पर बैठे तमाम नेता खुद को उस दौर के आंदोलनकारी बताते हैं. जेपी ने उन्हें तत्कालीन कांग्रेस सरकार, इंदिरा गांधी की निरंकुशता और इमरजेंसी जैसे कदमों के खिलाफ एकजुट करके सत्ता की राह दिखाई, लेकिन सत्ता का नशा ऐसा चढ़ा कि उस दौर के तमाम नेता भ्रष्टाचार, जातिगत समीकरण और जोड़-तोड़ के खेल में लगे रहे.

# मुकदमों के नतीजे पर टिकी आप की राजनीति

• सामयिकी

कल्याणी शंकर

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पिछले एक दशक में कई बाधाओं को पार किया है. फिर भी, उनका अटूट लचीलापन प्रेरणा का प्रतीक रहा है. वह और उनकी पार्टी इस वक्त शराब नीति मामले में सबसे बड़े संकट का सामना कर रहे हैं. चुनौतियों के बावजूद केजरीवाल की राजनीतिक यात्रा उनकी अदम्य कर्मठता का प्रमाण है. 49 दिनों के संक्षिप्त कार्यकाल और 2014 में दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटें हारने के बाद, उन्होंने 2015 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में 70 में से 67 सीटें हासिल करके उल्लेखनीय वापसी की. पिछले महीने दिल्ली शराब नीति मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी, जिसमें भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग के आरोप शामिल हैं, ने आम आदमी पार्टी के भविष्य पर अनिश्चितता की छाया डाल दी है. क्या यह पार्टी की राह का अंत होगा, या क्या वे इस तूफान का सामना कर सकते हैं और अपनी राजनीतिक यात्रा जारी रख सकते हैं? शीर्ष अदालत द्वारा केजरीवाल को जमानत देने का फैसला, जिससे उन्हें मौजूदा चुनावों में अपनी पार्टी के लिए प्रचार करने की अनुमति मिल सकी, केजरीवाल के समर्थकों के लिए आशा की किरण है. यह सकारात्मक विकास केजरीवाल की सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है, खासकर अगर उन्हें जनता की सहानुभूति मिलती है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कथित उत्पीड़न और अपने सहयोगियों की कैद को उजागर करते हुए केजरीवाल खुद को दमित व्यक्ति के रूप में प्रस्तुत करते हैं. केजरीवाल और उनकी पार्टी जनता को यह दिखाने की कोशिश कर रही है कि जेल में उनके साथ कैसा दुर्व्यवहार किया गया और कैसे उन्हें इंसुलिन और मधुमेह की दवा देने से इनकार कर दिया गया. नवंबर 2012 में आम आदमी पार्टी (आप) की स्थापना के बाद से केजरीवाल की गिरफ्तारी पार्टी के लिए सबसे बड़ा संकट है. पार्टी को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, जिसमें आंतरिक संघर्ष, भ्रष्टाचार के आरोप और आम आदमी की पार्टी के रूप में अपनी छवि बनाये रखने की आवश्यकता शामिल है. पिछले कुछ वर्षों में, इंडिया अगेंस्ट करप्शन के दिनों से केजरीवाल के कई सहयोगियों को हटा दिया गया है, समेत कई ऐसे आरोप हैं. केजरीवाल ने अपने इर्द-गिर्द केंद्रित एक व्यक्तित्व आधारित पार्टी की शुरुआत की है. आम आदमी पार्टी का सत्ता में आना काफी नाटकीय रहा है. इसकी शुरुआत 2011 में अन्ना हजारे के नेतृत्व में इंडिया अगेंस्ट करप्शन आंदोलन से हुई थी. पार्टी कुछ ही महीनों के भीतर सत्ता में आ गई, लेकिन 48 दिनों में केजरीवाल का इस्तीफा आश्चर्यजनक नहीं था. हालांकि, अगले दो विधानसभा चुनावों में उन्होंने भारी बहुमत से जीत हासिल कर वापसी की. इन घटनाओं ने पार्टी के राजनीतिक प्रक्षेप पथ और केजरीवाल के लचीलेपन के बारे में जिज्ञासा जगा दी है. केजरीवाल हमेशा महत्वाकांक्षी रहे हैं. उन्होंने खुद को प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में पेश किया और 2014 में बनारस में मोदी के खिलाफ भी खड़े हुए, लेकिन हार गये. इस साहसिक कदम से केजरीवाल और उनकी पार्टी का रुतबा काफी बढ़ गया. हाल ही में गठित इंडिया गठबंधन, जो एक महत्वपूर्ण राजनीतिक गठबंधन है और जिसका उद्देश्य भाजपा के प्रभुत्व को चुनौती देना है, में आप कांग्रेस के अलावा एक से अधिक राज्यों पर शासन करने वाली एकमात्र पार्टी के रूप में खड़ी है. यह गठबंधन उनकी पार्टी के दिल्ली और पंजाब से बाहर विस्तार का मार्ग प्रशस्त कर सकता है. भाजपा या वामपंथी दलों के विपरीत इसका कोई ठोस वैचारिक रुख नहीं है. यह एआईएडीएमके, डीएमके, समाजवादी पार्टी, बीजू जनता दल, या राष्ट्रीय जनता दल जैसी क्षेत्रीय या समाजवादी पृष्ठभूमि पर निर्भर नहीं है. इसके बजाय, इसने भ्रष्टाचार-विरोधी और मुफ़्तखोरी संस्कृति के विकास का समर्थन करके शक्ति प्राप्त की है. आप अब दिल्ली में कांग्रेस पार्टी के साथ लोकसभा चुनाव लड़ रही है, जबकि पंजाब में आप 13 सीटों पर स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ रही है. मोदी ने 'मोदी की गारंटी' का वायदा किया है, जबकि केजरीवाल ने दस सूत्री एजेंडे की रूपरेखा तैयार की है. इस एजेंडे में भारतीय भूमि को चीनी कब्जे से 'मुक्त' कराना शामिल है यदि इंडिया ब्लॉक ने केंद्र में सरकार बनाई. दिल्ली को राज्य का दर्जा दिलाना, 24/7 बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना और मुफ्त शिक्षा प्रदान करने के वायदे केजरीवाल के राष्ट्रीय मुद्दों पर फोकस को दर्शाते हैं. दिल्ली शराब नीति मामला आम आदमी पार्टी के लिए असुविधाजनक हो गया है और भाजपा के लिए सुविधाजनक, चूंकि चुनाव चल रहे हैं.

> पिछले कुछ वर्षों में, इंडिया अगेंस्ट करप्शन के दिनों से केजरीवाल के कई सहयोगियों को हटा दिया गया है, समेत कई ऐसे आरोप हैं. केजरीवाल ने अपने इर्द-गिर्द केंद्रित एक व्यक्तित्व आधारित पार्टी की शुरुआत की है. आम आदमी पार्टी का सत्ता में आना काफी नाटकीय रहा है. इसकी शुरुआत 2011 में अन्ना हजारे के नेतृत्व में इंडिया अगेंस्ट करप्शन आंदोलन से हुई थी.

## मीडिया में अन्यत्र

# भारत में 46वीं अंटार्कटिक संधि परामर्श बैठक

कुल 60 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधि 46वीं अंटार्कटिक संधि परामर्श बैठक (एटीसीएम) में भाग लेने के लिए केरल के कोच्चि में इकट्ठा हुए हैं. यह बैठक इस महीने के अंत तक चलने की उम्मीद है. एक सालाना आयोजन के तौर पर जाने जाना वाला, यह बैठक संक्षेप में 'परामर्शदाता पक्षों' या उन 29 देशों की बैठक है, जिनके पास अंटार्कटिक महाद्वीप के प्रबंधन से जुड़े मामलों पर मत देने का अधिकार है. इसमें शरीक होने वाले अन्य लोगों में बिना मताधिकार के 'पर्यवेक्षक' की हैसियत वाले देशों के साथ-साथ स्वतंत्र विशेषज्ञ व आमंत्रित पदाधिकारी शामिल हैं. इस बार के एजेंडे में एक दिलचस्प बिंदु पर्यटन से संबंधित है. 'समान विचारधारा' वाले देशों के एक समूह, जिसमें भारत भी शामिल है, ने इस महाद्वीप में पर्यटन को नियंत्रित करने वाले एक नियामक ढांचे को शुरू करने के प्रस्ताव पर जोर डाला है. अन्य महाद्वीपों के उलट, अंटार्कटिक की अपनी कोई स्वदेशी आबादी नहीं है. लाखों हेक्टेयर की अबाधित बर्फ और अपने भौगोलिक अलगाव के साथ, यह महाद्वीप पर्यटकों के रोजमर्रा के जमावड़े या अभिजात वर्ग की नियमित निजी-जेट यात्रा का एक स्थल नहीं है. यही बात इसे बेहद आकर्षक बनाती है. आज के दिन और युग में, जहां नौवहन लायक हर वर्गइंच भूमि क्षणभंगुर है और देखने के वास्ते इस्तेमाल हो रही है, वहीं अंटार्कटिक एकमात्र ऐसा महाद्वीप है, जिसे निर्जन वनप्रांतर कहा जा सकता है और इसके रहस्य बर्फ के कई किलोमीटर-मोटी चादर की तह में दबे हुए हैं. यह देखते हुए कि 'आकर्षक' अनुभवों का सृजन, संकलन और विपणन एक ऐसा उद्योग है जो जबरदस्त लाभ की गारंटी देता है, अंटार्कटिक अब एक ऐसा 'मोहक दक्षिणी स्थल' है जहां अमीर यात्री जाने की चाहत रखते हैं. तस्मानिया, यूनाइटेड किंगडम और ऑस्ट्रेलिया के विश्वविद्यालयों द्वारा हाल ही में किए गए एक संयुक्त अध्ययन में बताया गया है कि यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या 1993 में 8,000 से बढ़कर 2022 में 1,05,000 हो गई है. इनमें सभी वैज्ञानिक अभियान और विभिन्न देशों द्वारा बनाए गए अनुसंधान केन्द्रों पर वैज्ञानिक कर्मियों की दीर्घकालिक मौजूदगी शामिल नहीं है. अब रिर्पोटें बताती हैं कि पर्यटकों की संख्या वैज्ञानिकों से ज्यादा है. निश्चित रूप से, 1966 से विभिन्न परामर्श बैठकों में पर्यटकों की बढ़ती संख्या के बारे में चिंता व्यक्त की गई है. इन बैठकों में उपस्थित लोगों की यह चिंता रही है कि ज्यादा जहाजों और ज्यादा लोगों का मतलब ज्यादा मानव निर्मित प्रदूषक और दुर्घटनाओं व आपदाओं की बढ़ती घटनाएं हैं जो इस इलाके की अनूठी जैव विविधता को अस्त-व्यस्त कर रहीं हैं. (द हिंदू)



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### स्थित/अवस्थित

**रातूरोड** स्थित खादगढ़ा में सब्जी मंडी है. एक खादगढ़ा कांटाटोली में भी अवस्थित है, जहां बिरसा मुंडा बस पड़ाव है. इन वाक्यों पर गौर करने पर हम पाते हैं कि पहले वाक्य में स्थित शब्द है तो दूसरे में अवस्थित. दोनों शब्दों के अर्थ भी एक ही है, लेकिन प्रयोग दोनों शब्दों के अपने अलग ढंग से होते हैं. स्थित और अवस्थित दोनों ही तत्सम विशेषण शब्द हैं. अंतर क्या है? स्थित में अव उपसर्ग के जुड़ने से अवस्थित शब्द की उत्पत्ति हुई है और अंतर प्रयोक्ता के ज्ञान और विवेक पर निर्भर हैं. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार स्थित का अर्थ है किसी स्थान पर ठहरा या टिका हुआ, खड़ा, किसी जगह पर रखा अथवा नियुक्त किया हुआ, उपस्थित, मौजूद, दृढ़, पक्का, बैठा हुआ, आसीन, बसा हुआ. अवस्थित का मतलब है विद्यमान, मौजूद, दृढ़ निश्चय. स्थित और अवस्थित का प्रयोग अक्सर एक दूसरे के स्थान पर भी कर लिया जाता है, लेकिन उनके अर्थों में सूक्ष्म अंतर होता है. जब किसी चीज़ को किसी विशेष स्थान पर मौजूद होने के रूप में वर्णित किया जाता है, तो इसका अर्थ अक्सर यह होता है कि वस्तु या इकाई अपने परिवेश या वातावरण के सापेक्ष एक विशिष्ट तरीके से स्थित है. उदाहरण के लिए, एक घर एक पहाड़ी की चोटी पर स्थित हो सकता है, जो न केवल उसके स्थान को दर्शाता है, बल्कि परिदृश्य के संबंध में उसकी स्थिति को भी दर्शाता है. दूसरी ओर अवस्थित का तात्पर्य सामान्य अर्थ में किसी चीज़ के स्थान या स्थिति से है. यह आम तौर पर उस विशिष्ट स्थान को दर्शाता है, जहां कुछ पाया जाना है. आम तौर पर, स्थित का प्रयोग किसी चीज़ के स्थान और उसके अन्य चीज़ों से संबंध के बारे में ज़्यादा जानकारी देने के लिए किया जाता है, जबकि अवस्थित का इस्तेमाल ज़्यादा आसानी से यह बताने के लिए किया जाता है कि कोई चीज़ कहां है.

# विधायकी में आखिर रखा ही क्या है?

• तीर-तुक्का

रवि प्रकाश

सच पूछो तो न विधायक बनने में कुछ रखा है और न सांसद बनने में ! दोनों ही पद व्यर्थ हैं. सत्य की खोज में व्यक्ति कभी विधायक बनता है , उसके बाद विधायकी छोड़कर सांसद बन जाता है . फिर सांसदी छोड़कर फिर विधायक का चुनाव लड़ता है ,मगर शांति नहीं मिलती. शांति का असली निवास मंत्री पद है .जिसकी सरकार है, उसकी पांचों उंगलियां घी में हैं. वरना चाहे विधायक हो या सांसद, कोई पूछने वाला नहीं है. आदमी सड़क पर अकेला घूमता है और घर पर दो परांठे खा कर सो जाता है तथा अपने को भाग्यवान मानता है. सदन में भाषण देने के अतिरिक्त सांसद और विधायक के पास अधिकार नाम की कोई चीज नहीं है. जनता के काम क्या बेचारा करा सकता है? वह खुद बेचारी की स्थिति में होता है. विपक्ष के विधायक और सांसद की तो और भी दुर्गति है. न उसकी सरकार सुनती है, न प्रशासन सुनता है. जनता उसके पास शुरू के एक-दो साल तक समस्याओं का पुलिंदा लेकर जाती है और निराश होकर लौट आती है. फिर उसके बाद जाना बंद कर देती है. बेचारा विधायक सुबह से शाम तक मक्खी मारता है. और वह कर भी क्या सकता है? किसी का बाल भी बांका करने की उसकी स्थिति नहीं होती. सत्ता पक्ष में भी अगर कोई विधायक या सांसद बन गया तो कौन सा तीर मार लेगा? सत्ता केवल मंत्री पद में ही निहित होती है. या तो मंत्री या फिर बाकी सब संतरी. स्थिति यही है. जनता बेचारी शुरू के कुछ आम चुनावों में यही समझती रही कि हम विधायक और सांसद जिसको चुनेंगे, वह हमारा भाग्य विधाता बन जाएगा और हमारा भला करके हमें स्वर्ग जैसी सुविधाएं प्रदान करा देगा . लेकिन धीरे-धीरे जनता भी समझदार होती रही और नेतागण उसको मूर्ख नहीं बना पा रहे. आज सबके सामने स्थिति साफ है. मतदाता समझ चुका है कि उसे विधायक या सांसद नहीं चुनना होता है ,बाकायदा सीधे मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के लिए बटन दबाना पड़ता है. जिसको जो पसंद है, वह अपनी पसंद के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को चुन ले. लोकतंत्र में सारी शक्ति सरकार के हाथों में है. जैसा सरकार चाहेगी, वैसा देश और प्रदेश बनेगा. इसलिए ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं है कि चुनाव में टिकट किसे मिला अथवा किस पार्टी के टिकट पर कौन व्यक्ति चुनाव लड़ रहा है? किसी का कोई महत्व नहीं है. सब शतरंज के मोहरे हैं . असली ताकत सरकार में है.



# रफ्तार टेक्नो

## अगले महीने आ सकता है मोटोरोला का यह दमदार फोन


*मोटोरोला नई फ्लिप फोन सीरीज मोटो रेजर 50 को लॉन्च करने की तैयारी में है. इसकी लॉन्चिंग की कोई ऑफिशियल डेट कंपनी की ओर से जारी नहीं की गई है, लेकिन इसके डिजाइन के आदि के बारे में कुछ सूचनाएं लीक हुई हैं. नई सीरीज का बेस वेरिएंट यानी रेजर 50 चीन की टीईएनएए सर्टिफिकेशन पर लिस्ट हो गया है और फोन के डिजाइन को शोकेस किया गया है. उम्मीद जाहिर की जा रही है कि फोन अगले महीने तक भारतीय बाजार में लॉन्च होगी. आइए, इस फोन के डिजाइन, स्टोरेज, डिस्प्ले आदि के बारे में प्राप्त जानकारी साझा करें-*



- **डिजाइन**
कंपनी नई सीरीज में बेस वेरिएंट से ही कवर डिस्प्ले ऑफर करने वाली है. वैसे फोन का डिजाइन रेजर 40 सीरिज की तरह ही होगा. जैसी सूचनाएं लीक हुई हैं, उसके मुताबिक कंपनी इस फोन में 1056x1066 पिक्सल रेजॉलूशन के साथ 3.6 इंच का कवर ओएलईडी पैनल देने वाली है. फोन में दिया जाने वाला यह ओएलईडी डिस्प्ले 120हट्र्ज के रिफ्रेश रेट को सपोर्ट करेगा. इस फोन का मेन यानी फोल्डिंग डिस्प्ले 1080x2640 पिक्सल रेजॉलूशन वाला है. इस फुल एचडी+ डिस्प्ले का साइज 6.9 इंच है.
- **50 मेगापिक्सल का मेन कैमरा**
एलईडी फ्लैश के साथ दो कैमरे होंगे जिसमें 50 मेगापिक्सल के मेन लेंस के साथ एक 13 मेगापिक्सल का अल्ट्रा-वाइड ऐंगल कैमरा शामिल है. वहीं, सेल्फी के लिए 32 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा होगा.
- **दमदार बैटरी**
जानकारी के मुताबिक फोन की बैटरी 3950 मेगाहट्र्ज की होगी. यह बैटरी 33 वॉट की फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करेगी.
- **16जीबी तक की रैम और 1टीबी स्टोरेज**
बायोमेट्रिक सिक्योरिटी के लिए कंपनी इस फोन में साइड-माउंटेड फिंगरप्रिंट सेंसर देने वाली है. फोन में 2.5G हट्र्ज फ्रीक्वेंसी वाला ऑक्टा-कोर प्रोसेसर होगा जो मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7300एक्स हो सकता है. जहां तक स्टोरेज का सवाल है, 16जीबी तक की रैम और 1टीबी तक के इंटरनल स्टोरेज ऑप्शन में लॉन्च हो सकता है.

*"कल मैंने अमेजन की साइट पर एक खास ब्रांड के एक गैजेट को देखा था. बस उसके फीचर्स देख ऐप को बंद कर दी थी. आज सुबह ही मुझे कॉल आता है कि मैम कल आपने फलां ब्रांड के उस गैजेट को विजिट किया था. क्या उसे लेने में कोई दिक्कत आ रही है?" झारखंड की साहित्यकार रीता गुप्ता ने पिछले दिनों सोशल साइट पर यह अनुभव शेयर कर हमारी प्राइवेसी में स्मार्टफोन की सेंधमारी की जब चर्चा की तो प्रतिक्रिया में ऐसे अनुभवों का बाढ़ सी आ गई. सवाल तो इन दिनों जब-तब उठता ही है कि क्या वाकई हमारे पॉकेट में जो फोन है, वह हमारी ही जासूसी कर रहा?*

# हमारी प्राइवेसी में स्मार्टफोन की सेंधमारी !




यह स्मार्टफोन जिससे कुछ घंटे की भी दूरी अब हमें बर्दाश्त नहीं होती, हमारी कितनी मर्ज की दवा बन गया है. पेमेंट करना है, मूवी देखनी है, पढ़ाई करनी है, गेम खेलना है, बातें करनी है, ऑफिस के छोटे-मोटे काम निबटाने हैं, सब के लिए तो यही चाहिए. पहले दोस्तों के साथ जो जरा सी बतकही या गॉसिप कर के हम तरोताजा हो जाते थे, उसके लिए भी तो इसी बित्ते भर के फोन को हाथ में लेते हैं. हमारा सबसे नजदीकी बन गया है यह. पर गाहे-बगाहे इसके खतरे की बात भी उठती रहती है. 24 घंटे, सातो दिन हमारे साथ रहने वाला स्मार्टफोन किस तरह हमारी प्राइवेसी में सेंधमारी कर रहा है, आइए जानें...

## जियोट्रैकिंग

सेल टॉवर के मल्टीलैटरेशन के जरिए या फिर इंटीग्रेटिड जीपीएस चिप के जरिए स्मार्टफोन का यह अहम फीचर लोकेशन ट्रैक कर लेता है. गर आपने अपने स्मार्टफोन का जीपीएस डिसेबल भी कर दिया है तो भी दूसरे सेंसर से इसे ट्रैक करना संभव है. किसी तरह की ऑनलाइन धोखाधड़ी या फिशिंग अटैक के मामलों से बचने के लिए कई बार लोकेशन डेटा बंद करना ही सही रहता है.

## क्यों चाहिए परमिशन

स्मार्टफोन में जब हम कोई ऐप्स डाउनलोड करते हैं, तो अक्सर जरूरत से ज़्यादा मामलों में अनुमति चाहिए होता है. अक्सर हमारी प्रवृति होती है ओके-आके के बटन लगातार दबाते रहने की. लेकिन हमें थोड़ा संदेह होना चाहिए कि आखिर इस नए गेम को हमारे कॉन्टेक्ट्स, जीपीएस और कैमरे की जरूरत क्यों है? तकनीकी विशेषज्ञों की सलाह है कि हमेशा भरोसेमंद सोर्स जैसे गूगल प्ले स्टोर, ऐप स्टोर से ही ऐप डाउनलोड करें.

## वाई-फाई ट्रैकिंग



फोकट का वाई-फाई कनेक्शन भले जेब को राहत देता हो, पर प्राइवेसी की सेंधमारी की आशंका यहां अधिक बढ़ जाती है. इसके जरिए हैकर्स किसी नेटवर्क पर अनसिक्योर्ड डिवाइस को ऐक्सिस कर लेते हैं.

## ऐंटीवायरस सॉफ्टवेयर की कमी

कंप्यूटर में यूजर्स ऐंटीवायरस सॉफ्टवेयर के जरिए बचाव करते हैं लेकिन स्मार्टफोन यूज़र्स के लिए ऐंटीवायरस सॉफ्टवेयर के बारे में अभी अधिक जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है. जब हमारा स्मार्टफोन हमारी इतनी सारी सूचनाएं समेटे रहता है तो जाहरि है ऐसे में उसे अतिरक्त सुरक्षा की दरकार है.

## कैमरा कर रहा है जासूसी




## माइक्रोफोन सुन रहा है हमारी बातें

हमारे स्मार्टफोन में मौजूद माइक्रोफोन को लेकर भी अक्सर चर्चा होती है कि वह हमारी बातें सुनता है और थर्ड पार्टी तक पहुंचाता है. हालांकि इस बात की अब तक पुष्टि नहीं हुई है, पर आशंका तो बनी ही हुई है.

## सिक्योरिटी अपडेट्स की कमी

हमारे स्मार्टफोन के लिए विंडोज़ यूज़र की तरह सिक्योरिटी पैच नहीं मिलते. आईओएस के लिए तो फिर भी स्थिति बेहतर हैं, लेकिन ऐंड्रॉयड के लिए अपडेट्स कम आती हैं.

## इन रिसर्च रिपोर्ट में में बेवफा निकला स्मार्टफोन



1. अमरीकी टेलीविज़न एनबीसी4आई ने पिछले दिनों इस बात की जांच की कि क्या फ़ेसबुक आपकी बातें सुनता है. उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ फ्लोरिडा में मास कम्यूनिकेश्न्स की प्रोफ़ेसर केली बर्न्स को इसकी जांच के लिए नियुक्त किया. केली ने अपने फ़ोन पर फ़ेसबुक ऐप में माइक्रोफ़ोन फीचर को चालू किया और कहा कि वह अफ्रीकी सफारी देखना चाहती हैं. उन्होंने कहा कि वहां जाना रोमांचक होगा. एक मिनट भी नहीं हुआ था और उनके फ़ेसबुक फीड में सफारी से संबंधित एक कहानी दिखने लगी.

2. बोस्टन के नार्थइस्टर्न यूनिवर्सिटी के एक अध्ययन में देखा गया कि सभी ऐप के पास आपके स्क्रीन को या जो कुछ भी आप टाइप करते हैं, उन्हें रिकार्ड करने की क्षमता है. रिसर्च टीम ने स्टूडेंट्स द्वारा लिखे गए एक ऑटोमेटेड टेस्ट प्रोग्राम का उपयोग कर एंड्रॉयड ऑपरेटिंग सिस्टम में 17,000 से ज्यादा सबसे महत्वपूर्ण ऐप का विश्लेषण किया. इन 17,000 ऐप में से 9,000 ऐप के पास स्क्रीनशॉट्स लेने की क्षमता थी. विश्वविद्यालय के प्राध्यापक क्रिस्टो विल्सन ने कहा, 'अध्ययन में किसी भी प्रकार के ऑडियो लीक का पता नहीं चला. एक भी ऐप ने माइक्रोफ़ोन को एक्टिव नहीं किया.' उन्होंने आगे कहा, 'उसके बाद हमने ऐसी चीजें देखी, जिसकी हमे आशा नहीं थी. ऐप खुद ब खुद स्क्रीनशॉट्स ले रहे थे और थर्ड पार्टी को भेज रहे थे.' बता दें कि यह स्टडी एंड्रॉयड फोन पर किया गया था.

3. 'हेडेक : जर्नल ऑफ हेड एंड फेस पेन' में प्रकाशित एक अन्य अध्ययन से पता चला है कि माइग्रेन दर्द का पता लगाने के लिए विकसित ऐप भी थर्ड पार्टी को जानकारियां भेजता है. ये भी निजता का हनन है, क्योंकि मेडिकल ऐप से थर्ड पार्टी को डेटा भेजने के संबंध में कुछ कानूनी सुरक्षा प्रदान की गई है.

## इनका कहना है

### हां, वो सुन रहा है !



संगीता कुजारा टाक

जी हां! वह सुन रहा है! सिर्फ दीवारों के ही कान नहीं होते मोबाइल के भी कान हैं. एक बार बच्चों के साथ बैठक कर मैं कंबोडिया के बारे में बात कर रही थी. फिर जब फोन खोला तो दंग रह गई कि सामने कंबोडिया के पर्यटन से जुड़े दृश्य दिखाए जाने लगे. इतना ही नहीं, टूर पैकेज के विज्ञापन भी आने लगे कि कितने में हम कंबोडिया का टूर कर सकते हैं. ऐसा कई बार हुआ कि घर के सारे सदस्य एक साथ मिलकर बैठते हैं बातें करते हैं कि किसको क्या खरीदना है किस ब्रांड का खरीदना है, चाहे वह कपड़े हो या होम अप्लायंसेज हो.



यूट्यूब का शॉट या इंस्टाग्राम देखने पर अचानक वो प्रोडक्ट फ्लैश करने लग जाते हैं. ऐसा इसलिए होता है कि जब हम कोई भी ऐप डाउनलोड करते हैं तो वहां पर हम लोगों से परमिशन मांगी जाती है और हम वह परमिशन उन्हें देते हैं. कहानी यहीं से शुरू होती है. परमिशन के बिना ऐप नहीं चलेंगे और आप परमिशन देंगे तो वह आपकी बात सुनेंगे. दरअसल बात पैसों की है, कमाई की है. सारे ई-कॉमर्स वालों को डाटा की जरूरत है यह डाटा हमारे ऐप से आता है, जो हम डाउनलोड करते हैं. इन्हीं डाटा को वह दूसरी कंपनी में भेजते हैं ,और पैसे कमाते हैं. जरूरत है सावधानी की, हमें बिना मतलब के कोई भी ऐप को डाउनलोड नहीं करना चाहिए और डाउनलोड करने से पहले टर्म्स एंड कंडीशंस यानि शर्तें और नियम पढ़ने चाहिए.


### तुरंत आ गया कॉल


गौरव माहेश्वरी



एक बार यूं ही घर में कार खरीदने की बात चली. हमने एक साइट पर अपने बजट के अनुकूल कार पसंद करने के लिए उसके फीचर्स देखें. फिर फोन रख दिया. अगले दिन कॉल आ गया, कि आप कार खरीदना चाहते हैं? जाहिर है प्राइवेसी में सेंधमारी का खतरा तो है.

### भांपता तो है


मनीषा रानी

मैं लॉयर हूं तो अक्सर केस संबंधी कई संवेदनशील मसले क्लाइंट और साथियों से डिस्कस करती हूं. कभी ऐसा नहीं महसूस हुआ कि मेरी सूचना लीक हुई हो या कोर्ट-कानून से जुड़े मसले मुझे दिखने शुरू हुए हों. ऐसे में स्मार्टफोन की बेवफाई से अब तक वाकिफ नहीं हुई हूं. हां, ये जरूर पाया कि ऑनलाइन शॉपिंग साइट मेरी सर्च को भांप कर वैसी ही चीज मेरे सामने लाता है, जैसा मैं खोजती हूं.





# जब गाती हैं जया किशोरी, गाड़ी में बिठा ले रे बाबा...

*जया किशोरी की पहचान अपने देश में मोटिवेशनल स्पीकर और कथावाचक के रूप में हैं. उम्र बेशक अभी अधिक नहीं, लेकिन ख्याति बहुत बड़ी है. देश के कोने-कोने में उनके प्रवचन का कार्यक्रम आयोजित होते हैं और उसमें कथा सुनने हजारों-लाखों भक्त पहुंचते हैं. मोटिवेशनल स्पीकर के रूप में देश के युवाओं में उनकी लोकप्रियता है. जया के मुख से जो दो भजन खास तौर पर सुने जाते हैं वे कहीं ना कहीं रफ्तार और तकनीक से जुडे हैं- म्हारी गाड़ी तो संभाले म्हारो राजा रणछोर, या गाड़ी में बिठा ले रे बाबा... इसके अलावा अक्सर भक्त उनसे "घड़ी बांध ले श्याम धनी..." सुनाने का भी आग्रह करते हैं. बहुत कम लोगों को पता है कि सादगी की प्रतिमूर्ति जया के पास कार के कलेक्शंस बहुत धांसू हैं. चुटकियों में 0 से 100 की रफ्तार पकड़ने वाली और किसी आरामदेह होटल के कमरे जैसी सुविधा उपलब्ध कराने जैसी केबिन वाली कारें उनके गैराज में हैं, ऐसा रिपोर्ट्स बताते हैं. आइए, उनकी गैराज में शामिल कुछ खास गाड़ियों की करें चर्चा –*



## टोयॉटो फॉर्च्यूनर

रिपोर्ट के मुताबिक जया किशोरी के गैराज में टोयॉटो फॉर्च्यूनर एसयूवी है. सुदूर ग्रामीण इलाकों में भी इससे सफर सुकूनदायक रहता है क्योंकि हाईवे पर जहां इसकी रफ्तार उड़ान भरती है, वहीं कच्ची और खराब सड़कों पर भी यह सरपट भागती है. इसकी शुरुआती कीमत करीब साढ़ 33 लाख रुपए है.

### शानदार लुक-डिजाइन

रिपोर्ट के मुताबिक जया किशोरी के गैराज में टोयॉटो फॉर्च्यूनर एसयूवी है. सुदूर ग्रामीण इलाकों में भी इससे सफर सुकूनदायक रहता है क्योंकि हाईवे पर जहां इसकी रफ्तार उड़ान भरती है, वहीं कच्ची और खराब सड़कों पर भी यह सरपट भागती है. इसकी शुरुआती कीमत करीब साढ़ 33 लाख रुपए है.

इस 7 सीटर टोयोटा कार का इंटीरियर व स्टाइल शानदार है. इसमें बड़ा टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम (स्टैंडर्ड वेरिएंट में 8.0 इंच और लेजेंडर वेरिएंट में 9.0 इंच डिस्प्ले) दिया गया है, जो एंड्रॉइड ऑटो और एपल कारप्ले कनेक्टिविटी सपोर्ट करता है. स्टैंडर्ड वेरिएंट में 18-इंच के अलॉय व्हील्स दिए गए हैं. वहीं, लेजेंडर वेरिएंट में 20-इंच के ड्यूल टोन अलॉय व्हील्स मिलते हैं. इसके अलावा, लेजेंडर वेरिएंट में 360 डिग्री पार्किंग कैमरा, वायरलैस चार्जिंग, किक-टू-ओपन पावर्ड टेलगेट और एम्बिएंट लाइटिंग जैसे फीचर भी दिए गए हैं. सवारियों की सुरक्षा के लिए इस एसयूवी कार में से 7 एयरबैग, हिल असिस्ट, व्हीकल स्टेबिलिटी कंट्रोल और एबीएस के साथ ईबीडी दिए गए हैं.

### दमदार इंजन

टोयोटा फॉर्च्यूनर दो इंजन ऑप्शन में आती है, जिसमें 2.7 लीटर पेट्रोल (166पीएस प्रति 245एनएम) और 2.8 लीटर टर्बो डीजल (204पीएस प्रति 500एनएम) में उपलब्ध है. डीजल इंजन के साथ इसमें 6-स्पीड मैनुअल और 6-स्पीड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स का ऑप्शन मिलता है. जहां तक माइलेज की बात है, टोयोटा की डीजल इंजन वाली फॉर्च्यूनर से एक लीटर ईंधन पर करीब 8.0 किलोमीटर की दूरी तय की जा सकती है, वहीं टोयोटा फॉर्च्यूनर पेट्रोल इंजन एसयूवी से एक लीटर ईंधन पर 10.0 किलोमीटर तक का रास्ता नापा जा सकता है.

## एमजी ग्लॉस्टर एसयूवी



करीब 38.80 लाख रुपये की शुरुआती कीमत वाला एमजी (मॉरिस गैराजेस) ग्लॉस्टर एसयूवी भी जया किशोरी के गैराज में ठाठ से खड़ी है और लंबी दूरी के लिए उनकी पसंदीदा कारों में एक है. यह सात सीटर कार लुक व स्टाइल में दमदार है और इसकी केबिन हाईटेक है.

इसका इंजन 1999 सीसी का है जो 213 हॉर्स पावर की ताकत जेनरेट कर सकता है.ड्यूल पैनारोमिक सनरूफ, ऑटो पार्क, इंटेलीजेंट फोर व्हील ड्राइव जैसे फीचर इसकी सवारी का अनुभव दिव्य बनाते हैं.

## मर्सिडीज बेंज ए-क्लास लिमोजीन

42 लाख रुपये की शुरुआती कीमत वाली मर्सिडीज बेंज ए-क्लास लिमोजीन लग्जरी कार भी जया किशोरी के गैराज की शोभा है, ऐसा रिपोर्ट्स बताते हैं.

मर्सिडीज-बेंज ए-क्लास लिमोसिन अपने देश में तीन इंजन विकल्पों और दो ट्रांसमिशन ऑप्शन के साथ मिलते हैं.ए 200 वेरिएंट में 1.3-लीटर टर्बोचार्ज्ड पेट्रोल इंजन मिलता है. यह 161 बीएचपी का पावर और 250 एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है. इस इंजन में 7-स्पीड ड्यूल-क्लच ऑटोमैटिक गियरबॉक्स मिलता है.

वहीं ए 200 डी वेरिएंट में 2.0-लीटर डीजल इंजन मिलता है जो 147 बीएचपी का पावर और 320 एनएम का पीक टॉर्क जेनरेट करता है. इस इंजन के साथ 8-स्पीड डीसीटी ऑटोमैटिक गियरबॉक्स दिया गया है.

लेकिन ड्राइविंग का ज्यादा आनंद ए 35 एएमजी वेरिएंट में मिलता है. इसमें 2.0-लीटर टर्बोचार्ज्ड पेट्रोल मिलता है, जो 302 बीएचपी का पावर और 400 एनएम का जबरदस्त टॉर्क जेनरेट करता है. ए 35 एएमजी वेरिएंट सिर्फ 4.8 सेकंड में 100 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार पकड़ सकता है. इस कार की टॉप स्पीड 200 किलोमीटर प्रति घंटा है.



संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## ट्रॉफी जीत ली तो क्या... बीसीसीआई को दिखाया ठेंगा

# परिवार संग शाहरुख खान ने नियमों की उड़ाईं धज्जियां

एजेंसी। चेन्नई

कोलकाता नाइट राइडर्स आईपीएल 2024 में पहले टेबल टॉपर रही और अब फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद को 8 विकेट से हराकर तीसरी बार ट्रॉफी जीत ली है. चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में बल्लेबाजी से लेकर गेंदबाजी में भी कोलकाता के खिलाड़ियों ने दबदबा बना कर रखा.

चैंपियन बनने के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर को ट्रॉफी सौंपी गई और उन्होंने पूरी टीम के साथ मिलकर इस खास लम्हे का भरपूर आनंद लिया. इस बीच शाहरुख खान का फ्लाइंग किस देने का वीडियो सामने आया है, जिसमें किंग खान को हर्षित राणा के साथ फ्लाइंग किस देते देखा गया. इसके अलावा उन्होंने पूरी टीम के साथ भी फ्लाइंग किस किया.

**हर्षित राणा पर लगा था जुर्माना:** केकेआर के स्टाफ ने ट्रॉफी के साथ जो फ्लाइंग किस पोज दिया है, उसे टीम के तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने वायरल किया था. दरअसल ये सीजन के शुरुआती मुकाबलों की बात है जब केकेआर का सामना एसआरएच से हुआ था. उस मैच में मयंक अगरवाल को आउट करने के बाद हर्षित राणा ने उन्हें फ्लाइंग किस देकर सेंड-ऑफ किया था. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने माना कि हर्षित द्वारा किया गया इशारा खेल भावना के विपरीत है. नियमों का उल्लंघन करने के लिए बोर्ड ने हर्षित पर जुर्माना लगाया था.



**आईपीएल 2024 की ट्रॉफी के साथ पोज**

शाहरुख खान की मालिकाना हक वाली टीम कोलकाता नाइट राइडर्स स्टेज पर आईपीएल 2024 की ट्रॉफी के साथ जश्न मना रही थी. ऐसे में किंग खान, गौरी खान और उनके तीनों बच्चों के अलावा जूही चावला और उनके पति जय मेहता भी पूरी केकेआर टीम के साथ फ्लाइंग किस पोज देते हुए नजर आए. कोलकाता टीम का पूरा स्टाफ इस पोज को देने के बाद हंसी रोक नहीं पाया और सबने खूब ठहाके लगाए.


**शाहरुख ने पत्नी और बच्चों को गले लगाया :** केकेआर के ट्रॉफी जीतने की खुशी शाहरुख खान के चेहरे पर साफ झलक रही थी. इस बीच उन्होंने अपनी पत्नी, गौरी खान को गले लगाने से पहले उनके माथे को चूमा भी था. इसके बेटी सुहाना खान और छोटे बेटे अब्राम खान को भी गले से लगाया. ये बात किसी से छुपी नहीं है कि किंग खान को गौतम गंभीर पर बहुत भरोसा है. गौतम गंभीर की मेंटरशिप में कोलकाता चैंपियन बनी है.

## शाहरुख खान व गौतम गंभीर हैं आईपीएल में केकेआर की जीत के असली हीरो

**चेन्नई।** शाहरुख खान की कोलकाता नाइटराइडर्स ने 2024 की आईपीएल ट्रॉफी अपने नाम कर ली है. साल 2008 से शुरू हुए आईपीएल में ये तीसरी बार है जब शाहरुख की टीम ने आईपीएल फाइनल में पहुंच कर जीत हासिल की है. टीम के कैप्टन श्रेयस अय्यर और बाकी के खिलाड़ियों की परफॉर्मेंस तो वजह है ही, जिस वजह से केकेआर ने जीत हासिल की है. लेकिन दो और लोग हैं जो इस जीत के असली हकदार हैं.

टीम के ओनर शाहरुख और टीम के मेंटर गौतम गंभीर. शाहरुख और गौतम गंभीर की कहानी एक सी है. दोनों का डाउनफॉल, दोनों की ट्रोलिंग और दोनों से जुड़े विवाद भी एक जैसे ही हैं. लेकिन एक और चीज है जो दोनों को एक जैसा बनाती है. वो है दोनों का करिश्मा. दोनों लड़खड़ाए लेकिन वापस आए और कुछ इस तरह आए कि रिजल्ट ब्लॉकबस्टर साबित हुआ.

**शाहरुख और गंभीर दोनों का बुरा वक्त भी एक जैसा:** शाहरुख खान साल 2023 में बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाले एक्टर बेशक बन गए हों, लेकिन उसके थोड़ा सा पहले ही जाएं तो याद आता है कि लोग उनके बारे में क्या-क्या बोलते थे. ये तक कहा जाने लगा था कि शाहरुख का चार्म अब खत्म हो



**शाहरुख और गौतम गंभीर ने की एक जैसी वापसी**

शाहरुख खान, केकेआर और गौतम गंभीर की कहानी एक जैसी है. तीनों का अच्छा दौर लगभग एक ही समय में घूम-घूमकर वापस आता रहा है. वैसे तो आईपीएल 2008 से शुरू हो गया था, लेकिन बात करते हैं 2011 से. ये वही साल है जब गौतम गंभीर केकेआर से जुड़े. शाहरुख की लगातार फ्लॉप्स के बाद साल 2011 और 12 में डॉन 2 और जब तक है जान आईं. दोनों हिट रहीं. गौतम गंभीर भी 2011 में केकेआर से जुड़े और कैप्टन के तौर पर टीम की कमान संभाली. 2012 में केकेआर ने पहली बार ट्रॉफी अपने नाम की. मतलब साल 2012 में शाहरुख, केकेआर और गौतम गंभीर तीनों ने वापसी की. इसके पहले गंभीर साल 2011 में विश्वकप विजेता इंडियन टीम का हिस्सा रहे हैं.

### शाहरुख और गंभीर ने एक साल के अंदर रचे इतिहास

शाहरुख खान ने साल 2023 में तीन फिल्में दीं. जवान, पठान और डंकी के जरिए वो भारतीय सिनेमा के अकेले ऐसे एक्टर बनकर उभरे जिनकी फिल्मों ने एक साल में ही ढाई हजार करोड़ से ज्यादा का बिजनेस किया. ये इतिहास के पन्नों में दर्ज सचिन तेंदुलकर के उन शतकों की संख्या की तरह है जिनका रिकॉर्ड एक न एक दिन जरूर टूट जाएगा, लेकिन ऐसा करने वाले वो पहले थे. शाहरुख भी ऐसा करने वाले पहले एक्टर हैं. बिल्कुल उसी तर्ज पर ही एक साल के अंदर ही गौतम गंभीर ने भी 26 मई 2024 को एक ऐसा रिकॉर्ड बना दिया जो दुनिया का कोई खिलाड़ी कभी नहीं कर पाया. गौतम गंभीर एक ही टीम के कैप्टन और मेंटर के तौर पर आईपीएल जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं.

---

### ब्रीफ खबरें

#### भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम जर्मनी से हारी

**ब्रेडा (नीदरलैंड)।** भारत की जूनियर महिला हॉकी टीम को यहां यूरोप दौरे पर जर्मनी के खिलाफ चौथे मैच में 0-1 से शिकस्त का सामना करना पड़ा. जर्मनी ने पहले क्वार्टर की शुरुआत में ही 1-0 की बढ़त बना ली. दूसरे और तीसरे क्वार्टर गोल रहित रहे जिससे जर्मनी की टीम की बढ़त बरकरार रही. भारत ने बराबरी का गोल दागने के लिए कड़ी मेहनत की लेकिन सफलता नहीं मिली. अंतिम क्वार्टर में जर्मनी को बढ़त दोगुनी करने का मौका मिला लेकिन भारतीय गोलकीपर ने पेनल्टी स्ट्रोक पर विरोधी टीम के प्रयास को नाकाम कर दिया.

#### शकारी रिचडर्सन 100 मीटर में बनी चैंपियन

**नई दिल्ली।** गत विश्व चैंपियन अमेरिका की शकारी रिचडर्सन ने डायमंड लीग प्रीफोंटाइन क्लासिक में महिलाओं की 100 मीटर की रेस 10.83 सेकेंड के साथ जीत ली. पुरुषों में अमेरिका के क्रिस्टियन कोलमैन ने 9.95 सेकेंड में सत्र के श्रेष्ठ समय के साथ 100 मीटर की रेस जीती, जबकि केन्या की बिटराइस चेबेट ने 10 हजार मीटर में 28 मिनट 54.14 सेकेंड के साथ नया विश्व रिकॉर्ड बना दिया. महिलाओं की फर्राटा दौड़ में रिचड्र्सन शुरुआती 30 मीटर में पिछड़ रही थी लेकिन उसके बाद उन्होंने रफ्तार पकड़ी.

#### मैदानकर्मियों व क्यूरेटर के लिए पुरस्कार की घोषणा

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने उन्हें गुमनाम नायक बताते हुए सोमवार को घोषणा की कि सभी 10 नियमित आईपीएल स्थलों के मैदानकर्मियों और क्यूरेटरों को लीग के दौरान शानदार पिचें मुहैया करने के लिए सराहना के तौर पर 25-25 लाख रुपए दिए जाएंगे.आईपीएल 2024 का समापन रविवार को चेन्नई में हुआ जिसमें फाइनल में कोलकाता नाइट राइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद पर आठ विकेट की जीत के साथ अपनी तीसरी खिताबी जीत दर्ज की. शाह ने एक्स पर लिखा, हमारे सफल टी20 सत्र के गुमनाम नायक मैदानकर्मी हैं.

---

### एफआईएच प्रो लीग : भारतीय पुरुष हॉकी टीम का शानदार प्रदर्शन

# हरमनप्रीत सिंह की हैट्रिक से अर्जेन्टीना 5-4 से पराजित

एजेंसी। एंटवर्प (बेल्जियम)

कप्तान हरमनप्रीत सिंह की शानदार हैट्रिक की मदद से भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को यहां एफआईएच हॉकी प्रो लीग में अर्जेंटीना पर 5-4 से रोमांचक जीत दर्ज की. हरमनप्रीत (29वें, 50वें और 52वें मिनट) के अलावा अराइजीत सिंह हुंदल (सातवें मिनट) और गुरजंत सिंह (18वें मिनट) ने भी भारत के लिए गोल किए. अर्जेन्टीना के लिए फेडेरिको मोंजा (तीसरे मिनट), निकोलस कीनन (24वें मिनट), तादेओ मारुची (54वें मिनट) और लुकास मार्टिनेज (57वें मिनट) ने एक-एक गोल दागा.

भारत ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले क्वार्टर में अधिकांश समय गेंद पर कब्जा बनाए रखा और सटीक पास देकर अर्जेंटीना के सर्कल में घुसे. हालांकि पहला गोल अर्जेंटीना ने दागा जब फेडरिको ने करीब से गोल करके टीम को 1-0 से आगे किया. भारत ने जल्द ही बराबरी हासिल कर ली जब अराइजीत ने शानदार मैदानी गोल किया. भारत को पेनल्टी कॉर्नर भी मिला लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा सका और पहला क्वार्टर 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ. भारत ने दूसरे क्वार्टर की शानदार शुरुआत की. गुरजंत ने बेहतरीन मैदानी गोल दागकर टीम को 2-1 से बढ़त दिलाई.

कीनन ने इसके बाद भारतीय रक्षापंक्ति की चूक का फायदा उठाते हुए सर्कल में प्रवेश किया और गेंद को गोल में पहुंचा कर स्कोर 2-2 कर दिया. हालांकि भारत ने क्वार्टर में एक मिनट शेष रहते हुए पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया और हरमनप्रीत ने भारत को 3-2 से आगे कर दिया. तीसरे क्वार्टर में दोनों टीमों ने तेजतर्रार हॉकी का प्रदर्शन किया. भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन वह इसे गोल में नहीं बदल सका क्योंकि हरमनप्रीत के शॉट को अर्जेंटीना के गोलकीपर ने रोक दिया. दोनों टीमों की रक्षापंक्ति मजबूत होने के कारण तीसरा क्वार्टर गोलरहित रहा.चौथे क्वार्टर में भारत अच्छी लय में दिखा.

टीम ने अर्जेंटीना को गलतियां करने के लिए मजबूर किया जिससे मैच खत्म होने से 10 मिनट पहले भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे पेनल्टी स्ट्रोक में बदल दिया गया और हरमनप्रीत ने गोल करके भारत को 4-2 की बढ़त दिला दी. दो मिनट बाद भारत को एक और पेनल्टी स्ट्रोक दिया गया और इस बार भी हरमनप्रीत ने गोल करके भारत को 5-2 से आगे कर दिया. अर्जेंटीना ने तादेओ और लुकास के गोल से हार का अंत कम किया लेकिन भारत को 5-4 से जीत दर्ज करने से नहीं रोक पाया.



**भारत अर्जेन्टीना**

- हरमनप्रीत सिंह, अराइजीत सिंह व गरजंत ने किए गोल
- हरमनप्रीत ने गोल करके भारत को 4-2 की बढ़त दिला दी

---

### सिंगापुर ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट आज से

# पीवी सिंधू की अगुवाई में भारतीय शटलरों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

एजेंसी। सिंगापुर



पीवी सिंधू, एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन सहित शीर्ष भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे 850,000 डॉलर (लगभग सात करोड़ रुपए) पुरस्कार राशि वाले सिंगापुर ओपन में दमदार प्रदर्शन करके पेरिस ओलंपिक के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता करने की कोशिश करेंगे. पेरिस ओलंपिक में दो महीने ही बचे हैं और चार वर्षों में होने वाले इन खेलों में भाग लेने से पहले खिलाड़ियों को खुद के खेल में सुधार करने के लिए सिंगापुर ओपन 750 के अलावा ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500, इंडोनेशिया सुपर 1000, कनाडा ओपन सुपर 500 में भाग लेने का मौका मिलेगा.

थाईलैंड ओपन में हाल ही में चैंपियन बनी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष जोड़ी ओलंपिक के लिए बेहतरीन लय में दिख रही हैं, जबकि सिंधू ने भी रविवार को मलेशिया मास्टर्स में उपविजेता रहने के बाद अपना दावा मजबूत किया है. लक्ष्य और प्रणय पिछले कुछ समय से चली आ रही खराब लय को पीछे छोड़ पेरिस खेलों से पहले लय हासिल करने की पूरी कोशिश करेंगे. मलेशिया मार्स्टर्स के फाइनल में चीन की वांग झी यी के खिलाफ निर्णायक गेम में 11-3 की बढ़त को गंवाने वाली सिंधू यहां डेनमार्क की लीन होजमार्क कजेर्सफेल्ट के खिलाफ सकारात्मक शुरुआत करना चहेंगी.


मलेशिया में सिंधू का सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला लगभग 80-80 मिनटों तक चला था जिससे उनके लिए थकान से उबरना भी जरूरी होगा. वह अगर शुरुआती दौर की बाधा को पार करने में सफल रही तो दूसरे दौर में उनके सामने रियो ओलंपिक चैम्पियन स्पेन की कैरोलिना मारिन की चुनौती हो सकती है. पुरुष युगल में विश्व में नंबर एक सात्विक और चिराग के सामने डेनमार्क के डेनियल लुंडगार्ड और मैड्स वेस्टरगार्ड की चुनौती होगी. लक्ष्य ने फ्रेंच ओपन और ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में लगातार दो सेमीफाइनल में जगह बना कर ओलंपिक क्वालीफिकेशन में प्रवेश किया था.

यह युवा खिलाड़ी ब्रेक के बाद आ रहा है और पुरुष एकल में उसका सामना दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसेन से होगा. एक्सेलसेन का हौसला रविवार को मलेशिया मास्टर्स चैम्पियन बनने के बाद काफी बढ़ा हुआ होगा. स्वास्थ्य समस्याओं से उबर रहे आठवीं वरीयता प्राप्त प्रणय को थाईलैंड ओपन के शुरुआती दौर में हमवतन मेइराबा लुवांग मैसनाम ने बाहर का रास्ता दिखाया था.

---

## स्टार्क ने फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने के लिए एक प्रारूप छोड़ने के दिए संकेत

एजेंसी।चेन्नई



राष्ट्रीय टीम के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के कारण लगभग एक दशक तक लुभावनी निजी लीग के आकर्षण से बचने वाले ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने संकेत दिया है कि वह अपने कार्यक्रम में अधिक फ्रेंचाइजी क्रिकेट को शामिल करने के लिए एक प्रारूप को छोड़ सकते हैं. हालांकि इस 34 वर्षीय तेज गेंदबाज ने यह नहीं बताया कि वह किस प्रारूप को छोड़ना चाहते हैं लेकिन यह देखते हुए कि अगला 50 ओवर का विश्व कप 2027 में होगा, संभावना है कि यह एकदिवसीय प्रारूप होगा. कोलकाता नाइट राइडर्स ने स्टार्क को नीलामी में रिकॉर्ड 24.75 करोड़ रुपए में खरीदा था. उन्हों समाप्त आईपीएल 2024 के अंत में शानदार प्रदर्शन किया. उन्होंने दो नॉकआउट मैचों में पांच विकेट सहित टूर्नामेंट में कुल 17 विकेट लिये.

# एम्बाप्पे के विदाई मैच में पीएसजी ने जीता फ्रेंच कप

एजेंसी। पेरिस

पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने अपने स्टार फुटबालर किलियन एम्बाप्पे के विदाई मैच में लियोन पर 2-1 से जीत दर्ज कर फ्रेंच कप पर कब्जा जमा लिया. पीएसजी की जीत में एम्बाप्पे ने कोई गोल नहीं किया, लेकिन क्लब के साथ सात वर्षों के उनके शानदार सफर को ध्यान में रखते हुए फाइनल के बाद साथी खिलाडियों ने उन्हें हवा में उछालकर जश्न मनाया. एम्बाप्पे ने पीएसजी के लिए 308 मैच खेले, जिसमें उन्होंने रिकॉर्ड 256 गोल किए. एम्बाप्पे के अगले सत्र में स्पेनिश क्लब रियल मैड्रिड के साथ जुड़ने की संभावना है. पीएसजी के लिए दोनों गोल पहले हाफ में ओस्मान डेंबेले (22) और फेबियन रुइज (34) ने किए. लियोन के लिए एकमात्र गोल जैक ओब्रायन (55) ने किया.



**लेवरकुसेन ने जीता जर्मन कप :** नयी दिल्ली। बायर लेवरकुसेन ने जर्मन कप के फाइनल में काइसरस्लॉटर्न को 1-0 से पराजित कर खिताब जीता. कुछ दिन पूर्व पहली बार बुंडेसलीगा जीतने वाले बायर का यह इस सत्र में दूसरा खिताब है.

#### बार्सिलोना ने महिला चैंपियंस लीग का खिताब जीत लिया

**बिलबाओ।** पुरुषों की तरह लियोन की महिलाओं को भी यूएफा महिला चैंपियंस लीग के फाइनल में बार्सिलोना के हाथों हार का सामना करना पड़ा. बार्सिलोना ने लियोन को 2-0 से हराकर पिछले चार सत्रों में तीसरी बार चैंपियंस लीग का खिताब जीता. एइटाना बोनमाती ने दूसरे हाफ में बार्सिलोना के लिए गोल किया. स्टापेज समय में विश्व की पूर्व श्रेष्ठ फुटबालर एलेक्सिया पुटेलास ने बार्सिलोना के लिए दूसरा गोल किया.

#### यूएई की अल अइन एशियाई चैंपियंस लीग की विजेता बनीं

**अबु धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात के क्लब अल अइन ने जापानी क्लब योकोहामा मरीनोज को 5-1 से परास्त कर एशियाई चैंपियंस लीग का खिताब जीत लिया. पहले चरण के फाइनल में अल अइन को 2-1 से हार मिली थी. दूसरा चरण जीतकर अल अइन ने 6-3 के औसत से मुकाबला जीता. चेल्सी, एसी मिलान के पूर्व स्ट्राइकर हरनना क्रेस्पो की कोचिंग में खेल रही अल अइन 2003 के बाद पहली बार विजेता बना है.

---

**क्रिकेट**

### अमेरिका में टूर्नामेंट का पहला मुकाबला दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के बीच होगा

# अमेरिका में टी20 विश्व कप से क्रिकेट की लोकप्रियता बढ़ने की उम्मीद

- विश्व कप के ज्यादातर मैच कैरेबियाई देशों में होंगे
- न्यूयॉर्क, डलास लॉडरहिल में कुल 16 मैच खेले जाएंगे

एजेंसी। नयी दिल्ली

क्रिकेट18वीं सदी में अमेरिका में मनोरंजन का एक लोकप्रिय माध्यम था, लेकिन बेसबॉल की बढ़ती लोकप्रियता के बीच यह गुमनाम खेल की तरह हो गया. एक जून से शुरू हो रहे टी-20 विश्व कप के जरिये यह खेल उत्तरी अमेरिका में बड़े स्तर पर वापसी कर रहा है, ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या यह स्थानीय दर्शकों पर अपनी छाप छोड़ने में सक्षम होगा? विश्व क्रिकेट पर आर्थिक रूप से भारत का दबदबा है, लेकिन वैश्विक स्तर पर इस खेल का संचालन करने वाले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को अमेरिका के बाजार में बड़ी संभावनाएं दिखती है. इस टी-20 विश्व कप को 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक के लिए एक प्रमुख कदम के रूप में भी देखा जाता है.





विश्व कप के ज्यादातर मैचों (55) का आयोजन कैरेबियाई देशों में होगा. इसमें नॉकआउट चरण के साथ फाइनल मैच भी शामिल है. अमेरिका के तीन स्थानों न्यूयॉर्क, डलास और लॉडरहिल में कुल 16 मैच खेले जायेंगे. टी20 विश्व कप में प्रतिस्पर्धा के तीसरे दिन दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के बीच खेले जाने वाला मैच अमेरिका में इस टूर्नामेंट का पहला मुकाबला होगा. इसकी मेजबानी न्यूयॉर्क करेगा. यही स्थल नौ जून को भारत और पाकिस्तान के बीच खेले जाने वाले सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरने वाले मैच की मेजबानी भी करेगा. दुनिया के सबसे सफल बल्लेबाजों में शामिल रहे वेस्टइंडीज के ब्रायन लारा ने भी अमेरिका में टी-20 विश्व कप के मैचों को करने का स्वागत किया.

उन्होंने कहा कि टी-20 क्रिकेट काफी मनोरंजक होता है और लोग इसे देखना चाहते है. अमेरिका के लोग मनोरंजन ही चाहते है. उन्होंने कहा, 'जब आप अमेरिका के किसी व्यक्ति से बात करते है तो वह यही कहता है कि आप पांच दिनों तक एक खेल खेलते हैं और फिर वह ड्रा पर समाप्त हो जाता है. यह सब किस बारे में है? ऐसे में उसे इस खेल के बारे में समझाना मुश्किल हो जाता है.

#### खेल को लेकर जागरुकता बढ़ेगी: वेनु पिसिके


'यूएसए क्रिकेट' के प्रमुख वेनु पिसिके ने भी माना कि आईसीसी आयोजन से खेल को लेकर जागरूकता बढ़ेगी. इसका आकर्षण हालांकि 2028 ओलंपिक का हिस्सा बनने से और ज्यादा बढ़ेगा. पिसिके ने कहा,'अब तक, क्रिकेट मुख्य रूप से प्रवासियों का खेल है, लेकिन विश्व कप के दौरान विपणन और प्रचार गतिविधियों के कारण इसकी लोकप्रियता में कुछ इजाफा हुआ है. विश्व कप निश्चित रूप से अमेरिका में इस खेल के विस्तार के मौकों को बढ़ावा देगा.' उन्होंने कहा, 'विश्व कप के कारण लोग इस खेल को लेकर जागरूक हो रहे है और फिर क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल होने का अवसर मिल रहा है, जो निश्चित रूप से हर समुदाय को आकर्षित करेगा क्योंकि अमेरिका खेलों के मामले में बड़ा देश है.'

---

## फ्रेंच ओपन: चार बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन ओसाका दूसरे दौर में

एजेंसी पेरिस

चार बार की ग्रैंडस्लैम विजेता जापान की टेनिस खिलाड़ी नाओमी ओसाका ने इटली की लुसिया ब्रोनजेटी को तीन सेटों में हराकर फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में जगह बनाई. ओसाका ने महिला सिंगल्स वर्ग में पहले दौर का मैच 6-1, 4-6, 7-5 से अपने नाम कर लिया. यह उनकी फ्रेंच ओपन में तीन साल में पहली जीत है. इस साल 15 महीने के मातृत्व अवकाश से लौटी ओसाका जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन में पहले दौर में हार गई थीं.26 साल ही ओसाका ने पहला सेटा एकतरफा अंदाज में 28 मिनट में ही जीत लिया था लेकिन दूसरे सेट में वह 4-6 से हार गईं. इसके बाद तीसरे सेट में 7-5 से जीत दर्ज करते दूसरे दौर में पहुंच गईं.



#### वावरिंका ने मरे को हराया

ब्रिटेन के एंडी मरे को पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा और उन्हें स्टान वावरिंका ने लगातार सेटों में 6-4, 6-4, 6-2 से मात दी. वावरिंका की मरे के खिलाफ 23 मुकाबलों में यह 10वीं जीत है. दोनों पहली बार 2005 में भिड़े थे. फ्रेंच ओपन में 1980 से वावरिंका सिर्फ तीसरे खिलाड़ी हैं जिन्होंने यहां 39 बरस या इससे अधिक उम्र में जीत दर्ज की है.



▼ ब्रीफ खबरें

### नदी किनारे बरामद हुआ बोलेरो चालक का शव

**पूर्वी चंपारण ।** जिले हरसिद्धि थाना क्षेत्र के उज्जैन लोहियार पंचायत के वार्ड नंबर 14 डोभी टोला के समीप नदी किनारे से सोमवार की सुबह एक बोलेरो चालक का शव बरामद किया गया है. मृतक वार्ड 12 निवासी दशई सहनी का 23 वर्षीय पुत्र संजीत कुमार सहनी बताया गया है. मिली जानकारी के अनुसार वह शनिवार को बोलेरो गाड़ी चलाकर मंगनुआ गांव से बारातियों को लेकर कोटवा गया था,रात में बारात से लौटने के बाद वह घर नहीं पहुंचा. वही रविवार की सुबह नदी के किनारे उसका शव बरामद हुआ है.

### संदिग्धावस्था में नवविवाहिता की मौत

**भागलपुर ।** जिले के कहलगांव थाना क्षेत्र के मकससपुर गांव में सोमवार को एक नवविवाहिता का शव संदिग्ध अवस्था में कमरे में रस्सी के सहारे फंदे से लटकता हुआ बरामद हुआ है. वहीं मृतका के परिजन द्वारा उसके पति और ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया गया है. बताया जा रहा है कि मृतका और उसके पति के बीच दहेज के समान को लेकर अक्सर विवाद हुआ कराता था. मृतका की शादी 6 माह पहले हुई थी. घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई. इसके बाद पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जवाहरलाल मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया.

### बंद पड़े कार्यालय में आग से अफरातफरी

**अररिया :** जिले के बथनाहा स्थित सिंचाई परियोजना के बंद पड़े कार्यालय में रविवार की देर रात अचानक आग लग गई, जिससे काफी अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया. सूचना के बाद बथनाहा थानाध्यक्ष धनोज कुमार गुप्ता समेत फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची और अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया. आग लगने के कारण का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है. स्थानीय लोगों का कहना है कि बंद पड़े इस कार्यालय भवन में नशेड़ियों ने अपना अड्डा बना रखा है,जहां शाम के बाद से ही नशेड़ी जमा होकर गांजा, भांग सहित स्मैक जैसे नशे का पान करते हैं.

नीतीश कुमार ने नालंदा के हिलसा गांव में सभा को संबोधित किया, बोले-

# तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे और देश का विकास होगा

संवाददाता ।नालंदा

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने गृह जिले नालंदा के हिलसा सोमवार को पहुंचे. जहां उन्होंने एक सभा को संबोधित किया. नीतीश कुमार जेडीयू प्रत्याशी कौशलेंद्र कुमार के पक्ष में वोट मांगने के लिए पहुंचे थे. सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मेरी इच्छा है कि बिहार में 40 सीट है 40 सीट जीतेंगे. देश में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बनेंगे और देश का विकास होगा. बिहार के विकास के लिए भी मदद करेंगे. हम अपील करने आए हैं कि हमारे उम्मीदवार कौशलेंद्र कुमार को भारी मतों से विजयी बनाइए. नीतीश कुमार ने लालू परिवार पर साधा. उन्होंने कहा कि 2005 के पहले क्या स्थिति थी? पूरी तरह से जंगल राज था. कोई घर से बाहर नहीं निकलता था, जिससे मुक्ति हमने और बीजेपी ने दिलाई. इतना ही नहीं हिंदू-मुस्लिम को लड़ने वाले से भी हम लोगों ने मुक्ति दिलाई. अब देखा जाए तो हिंदू मुस्लिम एक हैं और लड़ाई नहीं हो रही है. हम लोग हर क्षेत्र में काम कर रहे हैं. शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो या फिर सड़क, बिजली पानी हो हर क्षेत्र में काम हुआ है.



**खास बातें**

- 2005 के पहले क्या स्थिति थी? पूरी तरह से जंगल राज था
- हिंदू-मुस्लिम को लड़ानेवालों से भी हमलोगों ने ही मुक्ति दिलाई

मुस्लिम कम्युनिटी से की अपील : सीएम ने आगे कहा कहा कि जो हम लोग के खिलाफ हैं वह मुस्लिम के लिए एक भी काम नहीं किया और बोलता है कि मुस्लिम मेरे साथ है. हम तो मुस्लिम कम्युनिटी के लोगों से कहेंगे कि वह लोग कोई काम देता था. हिंदू मुस्लिम का झगड़ा कराता था. इसको बंद हम और बीजेपी ने कराया इसलिए इधर उधर क्यों जाइएगा. हमलोग ने अब तय कर दिया है कि हम अब कभी नहीं इन लोगो के साथ जाएंगे, क्योंकि बीजेपी के साथ 1995 से हैं और सब दिनों के लिए साथ रहेंगे. बता दें कि इस सभा में मंत्री संजय झा, ललन सिंह, मंत्री श्रवण कुमार, विधायक समेत अन्य लोग मौजूद रहे.

### लालू-तेजस्वी चार जून के बाद किसी मस्जिद में पड़े रहेंगे : गिरिराज सिंह



**पटना ।** बिहार में ''इंडिया'' और एनडीए गठबंधन के नेता लोकसभा चुनाव में जीत को लेकर पूरी ताकत झोंके हुए हैं. इसको लेकर जमकर बयानबाजी भी हो रही है और दावे किए जा रहे हैं. इस बीच सोमवार को बीजेपी से केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर बड़ा हमला बोला है. उन्होंने कहा कि इस लहर में सब साफ हो जाएंगे. चार जून के बाद लालू यादव और तेजस्वी यादव किसी मस्जिद में पड़े रहेंगे. 400 के पार हो चुका है.

**राहुल पर साधा निशाना :** वहीं , राहुल पर निशाना साधते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वो तो अपने ही सुर में चलते हैं. उनको जो पर्चा बना दिया जाता है वही बोलते हैं. बिहार में राहुल के चुनावी दौरा पर उन्होंने कहा कि 'मुस मुड़हएन लोढ़ा होईएन'. अब उनके आने से क्या होगा?

### पूर्णिया में दलाल गिरोह का भंडाफोड़, गिरफ्तार

**पूर्णिया :** पूर्णिया के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक दलाल गिरोह का पर्दाफाश हुआ है. जिसके सदस्य झूठे दावों से मरीजों से धोखाधड़ी करते थे. एक दलाल आफताब आलम को गिरफ्तार किया गया है, जो खुद को गलत तरीके से पप्पू यादव का आदमी बताता था. घटना की जानकारी देते हुए पूर्णिया लाइन बाजार की निवासी अकबरी बेगम ने बताया कि आफताब ने झूठा दावा किया कि वह अपराधी गिरोह पप्पू यादव का आदमी है. उसने पहले 500 रुपये और फिर ब्लड जांच के लिए 1000 रुपये मांगे. इस पर शक होने पर पता चला कि वह एक दलाल है. अधिकारियों ने इस मामले में सख्त कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया है ताकि दलालों के झूठे दावों पर विश्वास करके मरीजों का शोषण न हो सके.

## बच्चों के विवाद में युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी

संवाददाता ।पूर्वी चंपारण

जिले बंजरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत जनेरवा गांव में बच्चों के विवाद में एक युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई. पुलिस ने हत्या के आरोप में एक नाबालिग को पकड़ा है. मृतक की पहचान जनेरवा गांव निवासी मलबिल मियां के पुत्र दिलशेर मियां (28) के रूप में हुई है. मृतक की पत्नी ने बताया कि वह सुबह में मजदूरी करने गए थे.

काम के बाद पांच बजे घर वापस आए और दरवाजे पर बैठे थे. इस बीच वह बच्चे के लिए दुकान से बिस्किट लेने के लिए चली गई. लौटने पर देखा कि उसके पति के साथ अलाउद्दीन, उसकी पत्नी सबीला और उसका नाबालिग बेटा मारपीट कर रहे थे. इनके हाथ में हल्दी-मिर्च का झोला भी था, जिसमें से मिर्च का पाउडर निकाल कर जमीन पर गिरे उसके पति की आंख और शरीर छिट रहे थे.

उसके चिल्लाने पर आसपास के लोग पहुंचे और इसकी सूचना पुलिस को दी. पुलिस ने उसके पति को सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. घटना के मुख्य आरोपित अलाउद्दीन का नाबालिग बेटा मौके से फरार हो कर मोतिहारी स्टेशन पर पहुंचा, जहां पुलिस ने उसे पकड़ लिया है. पुलिस उससे पूछताछ कर रही है.

इस बाबत बंजरिया थानाध्यक्ष इंद्रजीत पासवान ने बताया कि बच्चों के विवाद में मारपीट हुई है. मृतक के शरीर पर मिर्च और हल्दी का पाउडर मिला है. उसके सीने में एक जगह नुकीला कुछ गड़ा हुआ था. पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण स्पष्ट हो पाएगा.

## लॉ के छात्र की पीट-पीटकर हत्या, मचा हड़कंप

- छात्र परीक्षा देकर कॉलेज से बाहर निकल रहा था, तभी पहले से घात लगाये बदमाशों ने पीट पीटकर उसकी हत्या कर दी

संवाददाता ।पटना

राजधानी पटना में बेखौफ बदमाशों ने लॉ के छात्र की हत्या कर दी है. बताया जा रहा है कि सात से आठ संख्या में आए बदमाशों ने पीट पीटकर छात्र की हत्या कर दी. वहीं इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है. वहीं पुलिस फिलहाल इस मामले में कार्रवाई कर रही है. दरअसल, पूरा मामला सुल्तानगंज थाना क्षेत्र का है. जहां लॉ के छात्र की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई है. जानकारी अनुसार छात्र परीक्षा देकर कॉलेज से बाहर निकल रहा था, तभी पहले से घाट लगाए बदमाशों ने पीट पीटकर उसकी हत्या कर दी. बताया जा रहा है कि सभी बदमाश मास्क पहने हुए थे. फिलहाल घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस शव को अपने कब्जे में ले ली है. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पीएमसीएच भेज दिया है. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है.

रजौली चेकपोस्ट पर बुर्का पहन करती थी धंधा

## शराब के साथ महिला गिरफ्तार

संवाददाता ।नवादा

नवादा में मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग की टीम ने अंतरराज्यीय सीमा पर स्थित रजौली चेकपोस्ट पर सोमवार को एक बस की तलाशी के दौरान एक महिला तस्कर को विदेशी शराब व बीयर के साथ गिरफ्तार किया है. उत्पाद टीम को महिला तस्कर गिरोह द्वारा बस से शरब की तस्करी किये जाने की सूचना मिली थी. सूचना पर अधीक्षक मद्य निषेध अरुण कुमार मिश्रा ने हर बस की सख्ती से तलाशी लेने का निर्देश दिया. इसी आलोक में जांच टीम ने झारखंड से आ रही श्री सियाराम रथ नामक बस जांच के लिए चेकपोस्ट पर रोका. सघन तलाशी के दौरान एक महिला को शराब की बैग के साथ गिरफ्तार कर लिया गया. गिरफ्तार महिला तस्कर शराब की खेप लेकर कोडरमा से बिहारशरीफ जा रही थी. गिरफ्तार महिला रुबी खातून नालंदा जिले के बिहारशरीफ थाने के छज्जू मोहल्ले के मोहम्मद इरफान की पत्नी बतायी जाती है. उसके पास से कुल 30 बोतल विदेशी शराब बरामद की गयी. जिसमें रॉयल स्टैग व्हिस्की का 750 एमएल का 6 बोतल व गॉडफादर बीयर 500 एमएल का 24 बोतल शामिल हैं. इसकी कुल मात्रा 16.5 लीटर आंकी गयी.



### पप्पू ने भाजपा विधायक को दी खुली चुनौती

**मधुबनी ।** मधुबनी में 20 मई को बुर्का पहनकर फर्जी मतदान की कोशिश के आरोप में तीन फर्जी महिला मतदाता सहित चार लोगों को पुलिस ने बूथ पर से ही गिरफ्तार किया था. इसके बाद ग्रामीणों ने जाले थाना पर हमला कर चारों को भगा दिया था. पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को जेल भेज दिया है. अब इस मामले में निर्दलीय उम्मीदवार पप्पू यादव गिरफ्तार किए गए लोगों के घर पहुंचे. इनके परिजनों से मुलाकात की. उन्होंने कहा कि गिरफ्तार किए गए लोगों के साथ आतंकियों जैसा व्यवहार किया जा रहा है. पुलिस के डर से पूरा गांव दहशत में है. यादव ने राजद प्रत्याशी अली अशरफ फातमी पर भी हमला बोला. उन्होंने कहा कि सिर्फ मुस्लिमों का वोट लेना ही इनका मकसद है.

सीवान से रोहतास लोकसभा चुनाव कराने जा रहे थे पुलिसकर्मी

## आरा में नागालैंड के जवान की बस में मौत

संवाददाता ।पटना

आरा में नागालैंड के एक पुलिस जवान की चलती बस में मौत हो गई. जवान सोमवार को सीवान से चुनाव कराकर रोहतास चुनाव कराने जा रहे थे. इसी दौरान कोईलवर क्षेत्र के कोईलवर के आस-पास जवान की अचानक मौत हो गई. इसके बाद बस में मौजूद नागालैंड पुलिस के जवानों ने इसकी सूचना जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी को दी. घटना को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस महकमे में खलबली मच गई. बताया जाता है कि जवान अपने बटालियन के साथ सीवान जिले से सातवें चरण का चुनाव कराने के लिए वाहन से रोहतास जा रहा था. इस दौरान अचानक रास्ते में कोईलवर के पास उनकी तबीयत बिगड़ गई. असहज महसूस करने के बाद साथी जवानों के सहयोग से इलाज के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया. वहां चेकअप के बाद डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. इसके बाद इसकी सूचना स्थानीय पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को दी गई और देर रात जवान के शव को पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया.



इसके बाद भोजपुर डीएम महेन्द्र कुमार व एसपी नीरज कुमार सिंह ने अस्पताल पहुंचकर घटना की पूरी जानकारी ली. मिली जानकारी के अनुसार मृतक जवान नागालैंड के मोकोकचुंग थाना क्षेत्र खेंसा गांव निवासी एलेमरेन के 42 वर्षीय पुत्र अकंगलूबा नसा है.

### शव नागालैंड भेजने की तैयारी

भोजपुर डीएम महेंद्र कुमार ने बताया कि नागालैंड पुलिस बटालियन के जवान अकंगलूबा सीवान से चुनाव करा कर सातवें चरण का चुनाव कराने के लिए रोहतास जा रहे थे. उसी क्रम में उनकी तबीयत खराब हो गई . फिर आरा शहर स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने देख उन्हें मृत घोषित कर दिया . इसके बाद उनके बटालियन के कमांडेंट एवं परिजनों से बात करने के बाद उनके शव का पोस्टमार्टम कराकर नागालैंड भेजने की प्रक्रिया की जा रही है . शव का पोस्टमार्टम के बाद पार्थिव शरीर को उनके बटालियन को सौंप दिया गया .

**कारोबार**

### पांच साल में 5,000 करोड़ रुपये के ऑर्डर का लक्ष्य

**नयी दिल्ली :** आरएनर्जी डायनेमिक्स (आरईडी) ने सोमवार को कहा कि उसने नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में कदम रखा है और वर्ष 2029 तक 5,000 करोड़ रुपये का ऑर्डर लेने का लक्ष्य तय किया है. आरईडी ने बयान में कहा कि इस समय 575 करोड़ रुपये मूल्य की कई परियोजनाएं क्रियान्वयन के अलग चरण में हैं. कंपनी ने कहा, आरएनर्जी डायनेमिक्स 2029 तक ऑर्डर बुक 5,000 करोड़ रुपये तक हो जाने का लक्ष्य लेकर चल रही है. कंपनी को यह कारोबार मुख्य रूप से चार क्षेत्रों से आएगा.

### ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस को 108 गुना अभिदान

**नयी दिल्ली ।** कार्यस्थल प्रदाता ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को पेशकश के अंतिम दिन सोमवार को 108.17 गुना अभिदान मिला है. एनएसई पर उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, 599 करोड़ रुपये के आईपीओ के तहत कुल 86,29,670 शेयरों की पेशकश के मुकाबले कुल 93,34,36,374 शेयरों के लिए बोलियां लगाई गईं. गैर-संस्थागत निवेशकों के खंड को 129.27 गुना अभिदान मिला जबकि पात्र संस्थागत खरीदारों की श्रेणी को 116.95 गुना अभिदान मिला.

### सोभा लिमिटेड इस साल राइट्स इश्यू लाएगा


**नयी दिल्ली ।** रियल एस्टेट कंपनी सोभा लिमिटेड ने अगले पांच साल में अपनी इक्विटी पूंजी को चार गुना बढ़ाकर 10,000 करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है और वह चालू वित्त वर्ष में करीब 2,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए राइट्स इश्यू लाने वाली है. दुबई स्थित सोभा ग्रुप की कंपनी सोभा लिमिटेड के निदेशक मंडल ने राइट्स इश्यू के जरिये 2,000 करोड़ रुपये जुटाने के प्रस्ताव पर मुहर लगाई है. कंपनी के चेयरमैन रवि मेनन ने हाल ही में दुबई में संवाददाताओं के साथ बातचीत में कहा कि वह कंपनी की इक्विटी बढ़ाने की योजना के तहत राइट्स इश्यू लाने जा रहे हैं.

यूक्रेन युद्ध के बाद रूस ने भारत को डिस्काउंट पर कच्चा तेल देना शुरू किया था

# भारत से रूस को निर्यात में आई तेजी

भाषा ।नयी दिल्ली

दुनिया में भले ही कुछ देशों के बीच जंग चल रही है, लेकिन भारत का विदेशों के साथ ट्रेड जारी है. यह ट्रेड चाहे रूस हो या यूएस या पश्चिमी देश सभी के साथ स्वतंत्र नीति के साथ भारत सरकार ट्रेड कर रही है. इस मामले में सबसे आगे रूस है, जो लंबे समय यूक्रेन के साथ जंग में व्यस्त है. इसके बाद भी पिछले साल भारत से रूस को एक्सपोर्ट में काफी तेजी देखने को मिली. यूक्रेन युद्ध के कारण पश्चिमी देशों ने रूस पर कई तरह के प्रतिबंध लगाए हैं. इस कारण भारत से इंजीनियरिंग वस्तुओं, मशीनरी और मशीन पार्ट्स तथा विमान कुलपुर्जों के निर्यात में काफी तेजी देखने को मिली. लेकिन दवा, चाय, कॉफी और तम्बाकू जैसी पारंपरिक वस्तुओं के निर्यात में स्थिरता या गिरावट रही. कारोबार में लगी संस्थाओं का कहना है कि भारत से आयात करने में जबरदस्त दिलचस्पी देखने को मिली है लेकिन प्रतिबंधों के डर और ट्रांजैक्शंस को पूरा करने में बैंकों की आनाकानी ने निर्यातकों की चिंता बढ़ा दी है. जानकारों का मानना है कि रूस को कुछ सामान यूएई के माध्यम से भेजा जा सकता है, जिसे यूक्रेन और रूस में तनाव से काफी फायदा हुआ है.



यूक्रेन युद्ध के बाद रूस ने भारत को डिस्काउंट पर कच्चा तेल देना शुरू किया था. इस कारण रूस से बड़े पैमाने पर क्रूड का आयात किया जा रहा है. इससे रूस भारत का चौथा सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर बन गया है.

दोनों देशों के बीच 65.7 अरब डॉलर का ट्रेड होने का अनुमान है. हालांकि इसमें भारत का व्यापार घाटा 57 अरब डॉलर है जो भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापार घाटा है. चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा सबसे ज्यादा है. हालांकि हाल ही में रूसी निर्यातकों को अधिक स्वतंत्र रूप से निवेश करने की अनुमति देने के लिए कदम उठाए गए हैं. रूस में निर्यात के अवसरों का पता लगाने के लिए कई व्यापार मिशन भी बनाए गए हैं, जिनमें से कुछ रुपी बैलेंस का यूज कर सकते हैं. लेकिन एक्सपोर्टर्स इस बात से भी चिंतित हैं कि बैंक ट्रांजैक्शन को पूरा करने में आनाकानी कर रहे हैं. एक बड़े एक्सपोर्टर ने कहा कि अधिकांश भारतीय बैंक संभावित प्रतिबंधों के डर से इस बिजनस में हाथ नहीं डालना चाहते हैं.

स्बर बैंक जैसी रूसी संस्थाएं अपनी भारतीय ब्रांच के जरिए फंड के तैयार हैं. लेकिन घरेलू बैंक इससे बचना चाहते हैं. पिछले दो वर्षों से रूस के साथ सभी तरह का कारोबार बंद करने वाले एक अन्य निर्यातक ने कहा कि मेरी सलाह है कि वे सभी निर्यात एक छोटी सहायक कंपनी के माध्यम से करें ताकि कारोबार के अन्य हिस्सों पर किसी तरह का प्रतिबंध न लगे. हालांकि, एक जर्मन खरीदार इस निर्यातक से माल खरीद रहा है और फिर रूस को निर्यात कर रहा है. रूस पर प्रतिबंधों के बाद ऑटो कम्पोनेंट जैसे क्षेत्रों में काफी रुचि देखी गई थी, लेकिन अमेरिकी खरीदारों और ग्लोबल कार कंपनियों के साथ भारतीय कंपनियों के एक्सपोजर के कारण वे इससे दूरी बना रही है. ताजा आधिकारिक आंकड़ों से पता चला है कि 2023-24 में रूस को निर्यात 35% से अधिक बढ़कर 4.3 अरब डॉलर हो गया, जबकि भारत का कुछ एक्सपोर्ट 3% गिरा है. 1.2 अरब डॉलर की वृद्धि में से लगभग आधी वृद्धि मशीनों और इलेक्ट्रॉनिक्स सहित मशीन भागों के कारण हुई.

**भारत रूस**

- दवा और तंबाकू के निर्यात में स्थिरता या गिरावट रही
- दोनों देशों के बीच 65 .7 अरब डॉलर ट्रेड का अनुमान

रूसी मीडिया के मुताबिक पिछले साल दिसंबर में पहली बार में व्यापार 50 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर गया. पिछले साल भारत और रूस के बीच कुल व्यापार 65 अरब डॉलर रहा.

# शेयर बाजारों में सेंसेक्स 76,000 के शिखर पर पहुंचने के बाद फिसला

एजेंसियां ।मुंबई

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को मामूली गिरावट रही. कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय पहली बार रिकॉर्ड 76,000 अंक के स्तर के पार चला गया था जबकि एनएसई निफ्टी अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था, लेकिन बाद में बिकवाली दबाव से इनमें गिरावट आई. कारोबार के अंतिम आधे घंटे में निवेशकों की मुनाफावसूली से बाजार में उतार-चढ़ाव आया. तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स मामूली 19.89 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75,390.50 अंक पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान चुनिंदा बैंकों, वित्तीय तथा आईटी शेयरों में लिवाली से यह 599.29 अंक उछलकर अबतक के उच्चतम स्तर 76,009.68 अंक तक चला गया था. हालांकि, निवेशकों ने रिकॉर्ड स्तर पर मुनाफावसूली की और सूचकांक दिन के उच्चतम स्तर से करीब 835 अंक लुढ़क गया तथा 75,175.27 अंक तक आ गया. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 24.65 अंक यानी 0.11 प्रतिशत की हल्की गिरावट के साथ 22,932.45 अंक पर बंद हुआ.



कारोबार के दौरान 50 शेयरों पर आधारित निफ्टी 153.7 अंक चढ़कर रिकॉर्ड 23,110.80 अंक पर पहुंच गया था. हालांकि, कारोबार समाप्त होने से पहले तेल, ऊर्जा और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से यह करीब 240 अंक टूट गया. सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर करीब एक प्रतिशत नीचे आया. इससे मानक सूचकांक नुकसान में आ गया. आईटीसी के शेयरों में बिकवाली से भी बाजार नुकसान में रहा. शेयर बाजार में लोकसभा चुनाव के नतीजे आने से पहले और वैश्विक बाजारों में तेजी से लगातार तीसरे दिन रिकॉर्ड तेजी रही. आम चुनाव के नतीजे चार जून को आएंगे. इससे पहले, सेंसेक्स नौ अप्रैल को पहली बार ऐतिहासिक 75,000 अंक के स्तर के पार गया था. यह 31 कारोबारी सत्र में 1,000 अंक चढ़कर सोमवार को कारोबार के दौरान 76,000 अंक के स्तर पर पर पहुंचा. सेंसेक्स छह मार्च को 74,000 अंक पर पहुंचने के बाद 21 कारोबारी दिवस में नौ अप्रैल को 75,000 अंक के स्तर पर पहुंचा था. सेंसेक्स की कंपनियों में विप्रो, एनटीपीसी, सन फार्मा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईटीसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज नुकसान में रहीं. दूसरी तरफ इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो तथा भारतीय स्टेट बैंक लाभ में रहने वाले शेयरों में शामिल हैं.

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, तेजड़ियों को 23,000 के स्तर पर कड़े प्रतिरोध का सामना करना पड़ रहा है. निवेशक चुनाव के नतीजे आने से पहले उथल-पुथल से बचने को उच्चस्तर पर मुनाफावसूली कर रहे हैं. उन्होंने कहा, कंपनियों की कमाई में वृद्धि बेहतर रहने, निजी पूंजीगत व्यय में गति आने की उम्मीद और विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली कम होने जैसे कारणों से बाजार पर सकारात्मक असर हो रहा है.'

**दूरगामी असर** टेस्ला के बोर्ड ने मस्क के लिए 56 अरब डॉलर का पे-पैकेज देने का प्रस्ताव रखा है

# मस्क को मिलेगा अमेरिका का सबसे बड़ा पे पैकेज

भाषा ।नयी दिल्ली

दुनिया का सबसे वैल्यूएबल ऑटो कंपनी टेस्ला के सीईओ एलन मस्क को अमेरिका का कॉरपोरेट इतिहास का सबसे बड़ा पे पैकेज मिलने जा रहा है.

टेस्ला के बोर्ड ने मस्क के लिए 56 अरब डॉलर का पे पैकेज देने का प्रस्ताव रखा है. इसके लिए कंपनी के शेयरहोल्डर्स से मंजूरी मांगी गई है. लेकिन प्रॉक्सी एडवाइजरी फर्म ग्लास लेविस ने टेस्ला के शेयरहोल्डर्स से इस प्रस्ताव को रिजेक्ट करने की अपील की है. फर्म का कहना है कि मस्क को दिए जाने वाला पैकेज बहुत बड़ा है. इसका कंपनी पर दूरगामी असर होगा. कंपनी के बोर्ड को मस्क का करीबी माना जाता है. इसलिए माना जा रहा है कि इस पैकेज से कंपनी पर मस्क की पकड़ और मजबूत होगी. मस्क के लिए जो पैकेज प्रपोज किया गया है, उसमें कोई सैलरी या कैश बोनस नहीं है. इसमें टेस्ला के मार्केट वैल्यू के आधार पर मस्क को रिवॉर्ड्स दिया जाएगा.

**खास बातें**

- कंपनी का मार्केट कैप 571.63 अरब डॉलर है
- एलन मस्क 2008 में टेस्ला के सीईओ बने थे



अभी कंपनी का मार्केट कैप 571.63 अरब डॉलर है. टेस्ला बोर्ड के चेयरमैन रॉबिन डेनहम ने पिछले महीने एक इंटरव्यू में कहा था कि मस्क इस पे पैकेज के हकदार हैं, क्योंकि कंपनी ने रेवेन्यू और स्टॉक प्राइस के मोर्चे पर टारगेट हासिल किया है. मस्क 2008 में टेस्ला के सीईओ बने थे. हाल के वर्षों में कंपनी के रिजल्ट में काफी सुधार आया है. 2018 में कंपनी को 2.2 अरब डॉलर का नुकसान हुआ था जबकि पिछले साल उसे 15 अरब डॉलर का प्रॉफिट हुआ. प्रॉक्सी एडवाइजर ने साथ ही शेयरहोल्डर्स से एलन मस्क के भाई किंबल मस्क को फिर से बोर्ड में सेलेक्शन का विरोध करने की अपील की है. दक्षिण अफ्रीका में जन्मे और पेशे से इंजीनियर मस्क कई कंपनियां चलाते हैं. इनमें टेस्ला के अलावा माइक्रोब्लॉगिंग साइट एक्स और स्पेसएक्स भी शामिल हैं. ब्लूमबर्ग बिलिनयेर इंडेक्स के मुताबिक मस्क की नेटवर्थ 191 अरब डॉलर है और वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में बर्नार्ड अरनॉल्ट (211 अरब डॉलर) और जेफ बेजोस (203 अरब डॉलर) के बाद तीसरे नंबर पर हैं. इस साल उनकी नेटवर्थ में 38.6 अरब डॉलर की गिरावट आई है. टेस्ला दुनिया की 14वीं सबसे मूल्यवान कंपनी है.

केएएल एयरवेज, कलानिधि मारन ने कहा

## स्पाइसजेट से मांगेंगे 1,323 करोड़ रुपये का हर्जाना

एजेंसियां ।नयी दिल्ली

केएएल एयरवेज और कलानिधि मारन ने सोमवार को कहा कि वे स्पाइसजेट और उसके प्रमुख अजय सिंह से 1,323 करोड़ रुपये से अधिक का हर्जाना मांगेंगे. साथ ही दोनों पक्षों के बीच जारी विवाद मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय के हाल के आदेश को चुनौती देंगे. अदालत की खंडपीठ ने 17 मई को एकल न्यायाधीश की पीठ के आदेश को रद्द कर दिया. आदेश में मध्यस्थता न्यायाधिकरण के उस निर्णय को बरकरार रखा गया था, जिसमें स्पाइसजेट और उसके प्रवर्तक अजय सिंह को ब्याज के साथ 579 करोड़ रुपये मारन को वापस करने के लिए कहा गया था. पीठ ने 31 जुलाई, 2023 को पारित एकल न्यायाधीश के आदेश को चुनौती देने वाली सिंह और स्पाइसजेट की अपील को स्वीकार कर लिया और मध्यस्थता न्यायाधिकरण को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर नये सिरे से विचार करने के लिए मामले को संबंधित अदालत में वापस भेज दिया. इस संदर्भ में, मारन और उनकी कंपनी केएएल एयरवेज ने अपने कानूनी सलाहकार से परामर्श के बाद फैसले को चुनौती देने का निर्णय किया है. केएएल एयरवेज और मारन का मानना है कि उपरोक्त निर्णय में खामियां हैं.

### ब्रीफ खबरें

## तूफान से कम से कम 18 लोगों की मौत

**ह्यूस्टन ।** मध्य अमेरिका के टेक्सास, ओक्लाहोमा और अर्कांसस राज्यों में आये शक्तिशाली तूफान के कारण दो बच्चों सहित कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई, कई मकान तबाह हो गये और बढ़ते तापमान के बीच हजारों लोगों को बिजली के बिना रहने के लिए मजबूर होना पड़ा. सीबीएस न्यूज की खबर के मुताबिक, टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने रविवार को बताया कि शनिवार को आए तूफान की वजह से करीब 100 लोग घायल हो गये हालांकि सटीक आंकड़ा बता पाना थोड़ा मुश्किल है.

## थाने पर हमले मामले में 25 गिरफ्तार

**दावणगेरे (कर्नाटक) ।** कर्नाटक के चन्नागिरी थाने पर भीड़ द्वारा हमला करने के संबंध में पुलिस ने अब तक कम से कम 25 लोगों को गिरफ्तार किया है. अधिकारियों के मुताबिक, दावणगेरे में चन्नागिरी कस्बे के एक थाने में शनिवार सुबह एक व्यक्ति की कथित तौर पर हिरासत में मौत के बाद गुस्साई भीड़ ने थाने में तोड़फोड़ की और कई वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया. इस घटना में कम से कम 11 पुलिसकर्मी घायल हुए थे. पुलिस ने बताया कि थाने पर भीड़ द्वारा हमला किये जाने के संबंध में 25 लोगों को गिरफ्तार किया गया और संदिग्धों को जेल भेज दिया गया.

## नये राष्ट्रपति के समर्थन में पहुंचा प्रतिनिधिमंडल

**ताइपे।** ताइवान में नये राष्ट्रपति के उद्घाटन भाषण के जवाब में चीन द्वारा आस-पास के क्षेत्र में सैन्य अभ्यास करने के तुरंत बाद अमेरिकी सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को नये नेता से मुलाकात कर अपना समर्थन जाहिर किया.अमेरिकी कांग्रेस में ताइवान कॉकस के सह-अध्यक्ष प्रतिनिधि एंडी बार ने कहा कि अमेरिका, ताइवान की सेना, कूटनीति और अर्थव्यवस्था का समर्थन करने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है. अमेरिका, ताइवान में यथास्थिति और शांति बनाए रखना चाहता है.

## भूस्खलन में 2,000 लोग जिंदा दफन हुए

**मेलबर्न ।** पापुआ न्यू गिनी सरकार ने कहा है कि शुक्रवार को हुए भूस्खलन के कारण 2,000 से अधिक लोग जिंदा दफन हो गए है. सरकार ने बताया कि उसने राहत कार्यों के लिए औपचारिक रूप से अंतरराष्ट्रीय मदद मांगी है. इससे पहले आईओएम ने पापुआ न्यू गिनी में बड़े पैमाने पर हुए भूस्खलन से 670 लोगों की मौत होने की आशंका जताई थी. सरकार का आंकड़ा संयुक्त राष्ट्र की इस एजेंसी के आंकड़ों से करीब तिगुना है. भूस्खलन के बाद से हताहत हुए लोगों की संख्या का अनुमान अलग-अलग है और अभी यह स्पष्ट नहीं है.

## पुणे कार हादसा : दो चिकित्सक गिरफ्तार

**पुणे ।** पुणे पुलिस ने उस कार दुर्घटना के मामले में रक्त के नमूनों से छेड़छाड़ करने और सबूतों को नष्ट करने के आरोप में यहां ससून सर्वोपचार रुग्णालय के दो चिकित्सकों को गिरफ्तार किया है, जिसमें 17 वर्षीय एक किशोर कथित तौर पर लिप्त बताया जाता है. अधिकारियों ने बताया कि जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है उनमें अस्पताल के फोरेंसिक विभाग के प्रमुख भी शामिल हैं. पुलिस अधिकारी ने बताया, उन्हें रक्त के नमूनों से छेड़छाड़ करने और सबूतों को नष्ट करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है.



कोलकाता : चक्रवाती तूफान 'रेमल'

# 24 ब्लॉक प्रभावित, 15000 घर क्षतिग्रस्त

**एजेंसी । कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में चक्रवाती तूफान रेमल से 24 ब्लॉक (प्रखंड) और 79 नगरपालिका वार्ड में करीब 15,000 घर प्रभावित हुए हैं जिनमें अधिकतर दक्षिणी तटीय इलाकों में हैं. अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि राज्य के विभिन्न हिस्सों में कम से कम 2,140 पेड़ उखड़ गए और बिजली के 337 खंभे भी गिर गए. उन्होंने बताया कि प्रारंभिक आकलन के अनुसार कम से कम 14,941 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिनमें से 13,938 आंशिक रूप से प्रभावित हुए हैं जबकि 1,003 पूरी तरह ढह गए हैं. अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि प्रशासन ने 2,07,060 लोगों को 1,438 सुरक्षित आश्रय गृहों में स्थानांतरित कर दिया है.

अधिकारियों ने बताया कि पश्चिम बंगाल में चक्रवात से संबंधित घटनाओं में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और इसके तटीय क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे और संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है. राज्य आपदा प्रबंधन के एक अधिकारी ने कहा कि मध्य कोलकाता के एंटाली के बिबीर बागान इलाके में रविवार को लगातार बारिश के कारण दीवार गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई.

**ट्रेन सेवाएं सुबह तीन घंटे तक निलंबित रहीं :** पूर्वी रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि इस बीच सियालदह दक्षिण खंड में ट्रेन सेवाएं सुबह तीन घंटे तक निलंबित रहीं. हालांकि पूर्वाह्न नौ बजे से सेवा फिर से बहाल कर दी गयी. भारतीय हवाईअड्डा प्राधिकरण के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि चक्रवाती तूफान के मद्देनजर कोलकाता हवाईअड्डे से उड़ान सेवाएं 21 घंटे तक निलंबित रही थीं. हालांकि सोमवार सुबह सेवाएं फिर से शुरू कर दी गईं. एक अन्य अधिकारी ने बताया कि पार्क स्ट्रीट और एस्प्लेनेड स्टेशन की पटरियों पर जलभराव के कारण गिरीश पार्क और महानायक उत्तम कुमार स्टेशनों के बीच कोलकाता मेट्रो का परिचालन बाधित हुआ. उन्होंने बताया कि दक्षिणेश्वर से गिरीश पार्क तक और कवि सुभाष से महानायक उत्तम कुमार तक मेट्रो सेवाएं सामान्य हैं. कोलकाता के महापौर फिरहाद हकीम ने बताया कि नगर निगम स्थिति से निपटने के लिए युद्ध स्तर पर कोशिश कर रहा है. हकीम ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, चक्रवात अम्फान के समय की स्थिति के मुकाबले हालात उतने खराब नहीं हैं. यातायात को बहाल करने के लिए सड़कों से पेड़ों को हटाया जा रहा है.



तीन घायल, मेट्रो रेल सेवा प्रभावित



### बांग्लादेश के तटीय हिस्सों में 'रेमल' का कहर, सात की जान गई

ढाका : चक्रवाती तूफान 'रेमल' के बांग्लादेश के तटीय इलाकों में पहुंचने के बाद कम से कम सात लोगों की मौत हो गयी. 'रेमल' के तट से टकराने पर 120 किलोमीटर (किमी) प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं और सैकड़ों गांवों में पानी भर गया. ढाका के सोमोय टीवी की खबर के मुताबिक, बारिसल, भोला और चट्टोग्राम में पांच लोगों की मौत हो गयी. वहीं मोंगला में एक ट्रॉलर डूब गया, जिससे एक बच्चा समेत दो लोग लापता हो गए.

### दिल्ली अस्पताल आग

## पांच नवजात शिशुओं के शव परिजन को सौंपे गये

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में बच्चों के एक अस्पताल में आग लगने के कारण मारे गए सात में से पांच नवजात शिशुओं के शव पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजन को सौंप दिए गए हैं. पुलिस ने सोमवार को बताया कि दो अन्य शिशुओं के शव सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजन को सौंपे जाएंगे. पुलिस ने बताया कि ऐसा दावा किया गया है कि एक नवजात शिशु की मौत आग लगने से कुछ घंटे पहले हो गई थी, लेकिन इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम के बाद ही की जा सकती है. पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में बच्चों के एक अस्पताल में आग लग जाने से सात नवजात शिशुओं की मौत हो गई थी और पांच अन्य घायल हो गए थे.

### राजकोट गेम जोन आग मामला

## छह अधिकारी हुए निलंबित

**एजेंसी । अहमदाबाद**

गुजरात सरकार ने सोमवार को राजकोट स्थित 'गेम जोन' में लगी आग के मामले में छह अधिकारियों को निलंबित करने का आदेश दिया. 'गेम जोन' में शनिवार शाम लगी भीषण आग में चार बच्चों सहित 27 लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य लोग झुलस गए. एक सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि इन अधिकारियों को आवश्यक स्वीकृति के बिना इस गेम जोन को संचालित करने की अनुमति देकर घोर लापरवाही बरतने का जिम्मेदार ठहराया गया है. संबंधित विभागों द्वारा पारित आदेशों के अनुसार, जिन लोगों को निलंबित किया गया है, उनमें नगर नियोजन विभाग के सहायक अभियंता जयदीप चौधरी, आरएमसी के सहायक नगर योजनाकार गौतम जोशी, उप कार्यकारी अभियंता एम आर सुमा एवं पारस कोठिया और पुलिस निरीक्षक वी आर पटेल और एन आई राठौड़ शामिल हैं.

### लॉस एंजिलिस

## पूर्व अभिनेता जॉनी वेक्टर को गोली मार कर दी हत्या

**लॉस एंजिलिस ।** प्रसिद्ध टीवी धारावाहिक 'जनरल हॉस्पिटल' के पूर्व अभिनेता जॉनी वेक्टर की लॉस एंजिलिस में गोली लगने से मौत हो गई. उनके परिवार ने रविवार को यह जानकारी दी. परिजनों के मुताबिक, जब वेक्टर ने उनकी कार से कैटेलिटिक कनवर्टर चुरा रहे तीन चोरों को पकड़ने की कोशिश की तो बदमाशों ने उनपर गोलियां बरसा दीं. लॉस एंजिल्स पुलिस विभाग के अनुसार, शनिवार को दोपहर तीन बजे यह घटना हुई थी. उसने 2020 से 2022 तक एबीसी सोप ओपेरा में ब्रैंडो कॉर्बिन की भूमिका निभाई. उन्होंने 'स्टेशन 19', 'एनसीआईएस', 'वेस्टवर्ल्ड' और वीडियो गेम 'कॉल ऑफ ड्यूटीः वैनगार्ड'' सहित कई फिल्मों और टीवी कार्यक्रमों में काम किया था.

## ओडिशा में किसी को बिजली का बिल नहीं देना पड़ेगा : पटनायक

**ओडिशा ।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सोमवार को राज्य में मुफ्त बिजली का ऐलान किया.पटनायक ने केंद्रपाड़ा में एक रैली को संबोधित करने के दौरान कहा कि जुलाई से ओडिशा में किसी को बिजली का बिल नहीं देना पड़ेगा. उन्होंने कहा कि बीजेडी सरकार लोगों को मुफ्त बिजली देगी. इस रैली में बीजेडी नेता और 5टी के चेयरमैन वीके पांडियन भी मौजूद रहे. इस दौरान वीके पांडियन ने कहा कि लोगों को सरकार की बीएसकेवाई योजना के तहत मुफ्त स्वास्थ्य सेवा मिलती रहेगी. उन्होंने कहा कि लोगों को मुफ्त बिजली भी दी जाएगी. पांडियन ने कहा कि 9 जून को नवीन बाबू मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे.

### पाकिस्तान के विद्यालय भवन में आग लगी

## 1400 छात्राओं को बाहर निकाला

**एजेंसी । पेशावर**



पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के एक पहाड़ी इलाके में भीषण आग की चपेट में आयी एक स्कूल की इमारत से सोमवार को लगभग 1,400 छात्राओं को सुरक्षित बाहर निकाला गया. जियो न्यूज ने एक बचाव अधिकारी के हवाले से बताया कि आग हरिपुर जिले के सिरिकोट गांव में सरकारी गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल में उस समय लगी जब सैकड़ों छात्राएं अंदर थीं. उन्होंने बताया कि स्थानीय निवासियों के साथ अग्निशमन कर्मियों ने आग बुझाना शुरू किया. अधिकारी ने कहा कि पहाड़ी इलाका होने के कारण दमकल की गाड़ियों को घटनास्थल तक पहुंचने में परेशानी का सामना करना पड़ा. हरिपुर के रेस्क्यू 1122 के प्रवक्ता फराज जलाल ने कहा कि वहां लगभग 1,400 छात्राएं थीं और उन सभी को स्कूल की इमारत से सुरक्षित निकाल लिया गया. प्रवक्ता ने कहा कि विद्यालय की इमारत आग से पूरी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. बचाव विभाग ने पुष्टि की कि इसमें कोई जनहानि नहीं हुई है और कहा कि स्कूल भवन का आधा हिस्सा लकड़ी से बना हुआ था.

## पिकअप वाहन पलटने से चार लोगों की मौत

**गुना (मध्य प्रदेश) ।** मध्य प्रदेश के गुना जिले में सोमवार को एक पिकअप वाहन के डिवाइडर से टकराने के बाद पलट जाने से चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए. एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि पीड़ित कानपुर से कर्नाटक जा रहे थे, तभी सुबह करीब साढ़े तीन बजे म्याना कस्बे के पास यह दुर्घटना हुई. म्याना थाना प्रभारी संजीत मावई ने बताया कि वाहन के चालक को झपकी आ गई, जिसके बाद वाहन डिवाइडर से टकराकर पलट गया. अधिकारी ने बताया कि विष्णु रामपाल, मीर चोखेलाल और विकास सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति ने गुना जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया.

### स्वाति मालीवाल मारपीट मामला

## अदालत ने बिभव कुमार की जमानत याचिका खारिज की

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी सहयोगी बिभव कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी, जिन पर मुख्यमंत्री आवास पर आप सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट करने का आरोप है. मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मुख्यमंत्री के निजी सहायक कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी. मामले में विस्तृत आदेश का इंतजार है. सुनवाई के दौरान, राज्यसभा सदस्य मालीवाल ने अदालत से कहा कि अगर कुमार को रिहा किया गया, तो उनकी जान को खतरा है और उनके परिवार को गंभीर खतरा है. मालीवाल ने दावा किया कि घटना के बारे में एक यूट्यूबर द्वारा एकतरफा वीडियो बनाया गया था, जिसके बाद उन्हें धमकियां मिलनी शुरू हो गईं. तेरह मई को घटना के दिन से मुख्यमंत्री आवास के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं, जिनमें से एक में मालीवाल को सुरक्षाकर्मियों के साथ बहस करते हुए देखा जा सकता है, जबकि दूसरे में वह सिविल लाइंस में मुख्यमंत्री आवास से बाहर निकलती दिखाई देती हैं.

## गितानस नौसेदा फिर से चुने गए राष्ट्रपति

**कोपनहेगन ।** लिथुआनिया के निवर्तमान राष्ट्रपति गितानस नौसेदा ने अपने प्रतिद्वंदी और देश की प्रधानमंत्री इंग्रिडा सिमोनिटे को भारी मतों के अंतर से हराकर एक बार फिर राष्ट्रपति पद के चुनाव में जीत हासिल की है. लिथुआनिया के केंद्रीय चुनाव आयोग के प्रारंभिक आंकड़ों के मुताबिक, नौसेदा को 74.5 प्रतिशत और सिमोनिटे को 24.1 प्रतिशत वोट मिले हैं. नौसेदा (60) एक उदारवादी रूढ़िवादी नेता हैं और यूक्रेन के प्रबल समर्थक रहे हैं. लिथुआनिया के समाचार पत्र बाल्टिक न्यूज के अनुसार, नौसेदा ने रविवार रात मतपत्रों की गिनती के बाद कहा, लिथुआनिया की स्वतंत्रता एक नाजुक जहाज की तरह है, जिसे हमें टूटने से बचाना चाहिए.

### केजरीवाल ने अमृतसर में व्यापारियों को किया संबोधित, बोले-

## शाह ने सरकार गिराने की धमकी दी

- हमारे पास तो कुल 92 सीटें (विधायक) हैं. आप (सरकार) कैसे गिरा सकते हैं?

**एजेंसी । चंडीगढ़**



आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर लोकसभा चुनाव के बाद पंजाब में भगवंत मान नीत सरकार को गिराने की धमकी देने का आरोप लगाया और कहा कि ये तानाशाही है. शाह ने रविवार को लुधियाना में एक चुनावी रैली में लोगों से लोकसभा चुनाव में पंजाब में भाजपा उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने की अपील की और कहा कि भाजपा की जीत के बाद भगवंत मान सरकार लंबे समय तक नहीं टिकेगी. सोमवार को केजरीवाल ने अमृतसर में व्यापारियों की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, क्या आपने अमित शाह का बयान सुना है? उन्होंने धमकी दी है. शुरुआत में उन्होंने पंजाबियों को बहुत गालियां दीं. उन्होंने (शाह) धमकी दी है कि चार जून के बाद पंजाब सरकार गिर जाएगी और भगवंत मान मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे. उन्होंने कहा, हमारे पास 92 सीटें (विधायक) हैं. आप (सरकार) कैसे गिरा सकते हैं? (देश में) तानाशाही है. केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता खुलेआम कह रहे हैं कि वे विधायकों को सीबीआई और ईडी से धमकाएंगे और फिर उन्हें खरीद लेंगे.

आप नेता ने कहा, मैं उनसे (शाह से) कहना चाहता हूं...पंजाब के लोगों को धमकाओ मत, अन्यथा वे आपके लिए पंजाब में प्रवेश करना मुश्किल कर देंगे. पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी शाह की टिप्पणी को लेकर उनकी आलोचना की. मान ने कहा, क्या आपमें सरकार गिराने की हिम्मत है? हमारे पास 92 सीटें हैं. वे हमें धमकी दे रहे हैं. क्या आप यहां वोट मांगने आ रहे हैं या सरकार गिराने की धमकी दे रहे हैं?

## नोएडा : भेल अधिकारी ने की खुदकुशी

**नोएडा ।** उत्तर प्रदेश के नोएडा में भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के एक अधिकारी के फ्लैट से एक महिला का शव पंखे के फंदे से लटका हुआ मिला. पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी. पुलिस के मुताबिक, महिला भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) में उपप्रबंधक (एचआर) के पद पर तैनात थी. महिला के पिता ने आईआरएस अधिकारी पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया, जिसके बाद अधिकारी को रविवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया. पुलिस ने बताया कि आरोपी अधिकारी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. वहीं मृतक महिला के पिता ने आरोप लगाया कि आईआरएस अधिकारी ने उनकी बेटी से शादी करने का वादा किया था.

### प्रियंका गांधी ने हिमाचल प्रदेश के चंबा की चुनावी रैली में कहा-

## भाजपावालों को हर कीमत पर सत्ता चाहिए

- भाजपा वाले अपने मकसद को पूरा करने के लिए धन-बल का इस्तेमाल करते हैं
- कांग्रेस 55 साल सत्ता में रही पर सबसे अमीर पार्टी नहीं बन सकी, लेकिन भाजपा 10 साल में बन गई

**एजेंसी । शिमला**




कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत भाजपा के नेताओं का एकमात्र मकसद किसी भी कीमत पर सत्ता हासिल करना है और वे अपने इस मकसद को पूरा करने के लिए भ्रष्ट आचरण करते हैं, धन बल का इस्तेमाल करते हैं, विधायकों को रिश्वत देते हैं और भगवान के नाम पर लोगों को गुमराह करते हैं. प्रियंका ने हिमाचल प्रदेश के चंबा में एक रैली में कहा, मोदी ने राज्य में लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई कांग्रेस सरकार को भ्रष्ट आचरण के जरिए और धन बल का उपयोग करके गिराने का हर संभव प्रयास किया. कांगड़ा लोकसभा सीट से पार्टी उम्मीदवार आनंद शर्मा के लिए प्रचार कर रहीं प्रियंका ने जनता से पूछा कि क्या वे ऐसे नेता को पसंद करेंगे? उन्होंने कहा कि कांग्रेस 55 साल तक सत्ता में रही लेकिन सबसे अमीर पार्टी नहीं बन सकी, जबकि भाजपा केवल 10 वर्ष में दुनिया की सबसे अमीर पार्टी बन गई.

### लोस चुनाव | केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में चुनावी रैली को संबोधित किया, बोले-

# जाने वाली है कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की नौकरी

**एजेंसी । कुशीनगर (उप्र)**

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को दावा किया कि चार जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद कांग्रेस की हार का ठीकरा पार्टी नेताओं राहुल गांधी और उनकी बहन प्रियंका गांधी पर नहीं बल्कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर फूटेगा और उनकी नौकरी जाने वाली है.

शाह ने कुशीनगर में भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि इस लोकसभा चुनाव के बाद भी नरेंद्र मोदी ही प्रधानमंत्री बनेंगे और कांग्रेस के लोग इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) को दोष देंगे. उन्होंने कहा, चार जून को मोदी जी की, भाजपा की विजय निश्चित है. चार तारीख की दोपहर को आप देखना, राहुल बाबा के लोग प्रेस कांफ्रेंस करेंगे कि हम ईवीएम के कारण हार गये. हार का ठीकरा भाई-बहन (राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा) पर नहीं फूटेगा. यह ठीकरा खरगे साहब पर फूटेगा और उनकी नौकरी जाने वाली है.

शाह ने दावा किया, छह चरण का चुनाव समाप्त हो गया है. मेरे पास पांच चरण का आंकड़ा है. पांच चरण में मोदी जी 310 सीटें जीत चुके हैं. छठा चरण हो गया है. अब सातवां होने वाला है. आप लोगों को 400 पार कराना है.



### आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दे दिया जाएगा

उन्होंने दावा किया, मैं चार तारीख का परिणाम बताता हूं. राहुल बाबा, आपकी पार्टी को 40 सीटें भी नहीं मिलेंगी और अखिलेश बाबू (समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव) आपके प्रति सहानुभूति से मैं बात करूं तो आपको चार सीटें भी नहीं आ रही हैं. शाह ने दावा किया कि अगर जनता ने गलती से भी सपा और कांग्रेस को जिताया तो पिछड़े, अति पिछड़े और दलित वर्गों का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दे दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि कर्नाटक और हैदराबाद में यही काम किया गया है तथा बंगाल में भी किया था मगर उच्च न्यायालय ने उस पर रोक लगा दी. उन्होंने कहा, मुस्लिम आरक्षण संविधान सम्मत नहीं है और विपक्ष अपने वोट बैंक को जिंदा करने के लिए मुस्लिम आरक्षण की बात करता है, जिसका सीधा खामियाजा पिछड़े वर्ग को भुगतना पड़ेगा.

### कांग्रेस ने राम मंदिर मुद्दे को 70 साल तक लटकाये रखा

उन्होंने सपा पर अयोध्या में कार सेवकों पर गोली चलवाने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह चुनाव कार सेवकों पर गोली चलवाने वालों और राम मंदिर बनाने वालों के बीच है. शाह ने दावा किया कि कांग्रेस ने राम मंदिर मुद्दे को 70 साल तक लटकाये रखा, मगर मोदी ने पांच साल में मंदिर के लिये भूमि पूजन भी किया और उसकी प्राण-प्रतिष्ठा भी कर दी. गृह मंत्री ने कहा कि इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने औरंगजेब का तोड़ा हुआ काशी विश्वनाथ मंदिर बनवाया और सोमनाथ का मंदिर भी सोने का बन रहा है. उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी हमें डरा रही है कि पाकिस्तान के पास एटम बम है. उससे पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) नहीं मांगिये. अरे राहुल बाबा... आपकी पार्टी डरती होगी एटम बम से. हम तो भाजपा वाले हैं, डरते नहीं हैं. पीओके भारत का है, रहेगा और उसको हम लेकर रहेंगे.

## एसआईटी के सामने 31 मई को पेश होंगे प्रज्वल रेवन्ना

- बोले-भगवान, जनता व परिवार का आशीर्वाद मुझ पर बना रहे

**एजेंसी । बेंगलुरु**



विदेश जाने के ठीक एक महीने बाद कर्नाटक के हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना ने कहा है कि वह 31 मई को विशेष जांच दल (एसआईटी) के समक्ष पेश होंगे, जो उनपर लगे कई महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों की जांच कर रहा है.

कन्नड़ टीवी चैनल एशियानेट सुवर्ण न्यूज पर प्रसारित वीडियो बयान में प्रज्वल रेवन्ना ने कहा, मैं व्यक्तिगत रूप से शुक्रवार, 31 मई को सुबह 10 बजे एसआईटी के सामने पेश होकर जांच में सहयोग करूंगा और इनपर (आरोपों पर) जवाब दूंगा. मुझे न्यायालय पर भरोसा है और विश्वास है कि मैं न्यायालय के माध्यम से झूठे मामलों में पाक-साफ साबित होउंगा. प्रज्वल की पार्टी जनता दल (सेक्युलर) या उनके परिवार की ओर से तत्काल इस बारे में कोई पुष्टि नहीं की गई है. उन्होंने कहा, भगवान, जनता और परिवार का आशीर्वाद मुझ पर बना रहे. मैं निश्चित रूप से शुक्रवार 31 मई को एसआईटी के सामने उपस्थित होऊंगा.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)